रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 142] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 28, 2015/वैशाख 8,1937
No. 142] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 28, 2015/VAISAKHA 8, 1937

## महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

## अधिसूचना

मुंबई, 23 अप्रैल, 2015

**सं. टीएएमपी/65/2013–वीसीटीपीएल.**—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद्द्वारा संलग्न आदेशानुसार, विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड से उसके दरमान के सामान्य संशोधन के लिए प्राप्त प्रस्ताव का निपटान करता है।

## महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

**मामला सं. टीएएमपी/65/2013–वीसीटीपीएल**

**विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड** ——— **आवेदक**

**कोरम:**

(i) श्री टी.एस. बालासुब्रह्मण्यन, सदस्य (वित्त)
(ii) श्री सी.बी. सिंह, सदस्य (अर्थशास्त्र)

## आदेश

**(मार्च, 2015 के 21वें दिन पारित)**

यह मामला विशाखापत्तनम पत्तन न्यास (वीपीटी) में इसके द्वारा प्रचालित कंटेनर टर्मिनल के लिए अपने दरमान (एसओआर) के सामान्य संशोधन के लिए विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीटीपीएल) से प्राप्त प्रस्ताव से संबंधित है।

2.1. वीसीटीपीएल का दरमान पिछली बार प्रशुल्क आदेश सं. टीएएमपी/10/2011–वीसीटीपीएल दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 द्वारा अक्तूबर, 2011 में संशोधित किया गया था। यह आदेश 5 नवम्बर, 2011 को राजपत्र सं. 217 द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। उक्त आदेश ने प्रशुल्क की वैधता 31 मार्च, 2014 तक निर्धारित की थी।

2.2. सितम्बर, 2008 के आदेश के अनुसार, वीसीटीपीएल को संशोधन के लिए अपना प्रस्ताव 30 जून, 2013 तक दाखिल करना था। तथापि, टर्मिनल के अनुरोध पर प्रस्ताव दाखिल करने के लिए तारीख 10 दिसम्बर, 2013 तक पहली बार विस्तारित की गई थी और तत्पश्चात् 20 दिसम्बर, 2013 तक विस्तार किया गया था।

2.3. इस परिप्रेक्ष्य में, वीसीटीपीएल ने अपने ईमेल दिनांक 19 दिसम्बर, 2013 और 20 दिसम्बर, 2013 द्वारा अपने दरमान के सामान्य संशोधन के लिए अपना प्रस्ताव दाखिल किया था।

3.1. इस प्राधिकरण ने पिछले आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 में 1 जनवरी, 2012 से अथवा उस तारीख से जब वीसीटीपीएल अतिरिक्त नए उपस्कर अर्थात् 2 रेल माउंटेड घाट क्रेनें (आरएमक्यूसी) और 4 रबड़ टायर वाली गैन्ट्री क्रेनें (आरटीजीसी) के शुरू होने के समय, जो भी बाद में हो, प्रचलित दरमान के खंड–1 (कंटेनर प्रचालन) के अधीन 16 प्रतिशत वृद्धि प्रदान की थी।

3.2. इस संबंध में, वीसीटीपीएल ने बताया है कि आरटीजीसी अक्तूबर तथा दिसम्बर, 2011 और आरएमक्यूसी अगस्त, 2012 के दौरान शुरू की गई थीं। इसलिए, 01 सितम्बर, 2011 से, वीसीटीपीएल ने इस प्राधिकरण द्वारा यथा अनुमोदित अपने दरमान के खंड–1 के अधीन निर्धारित दरों में 16 प्रतिशत की वृद्धि लागू की थी।

3.3. वीसीटीपीएल द्वारा दाखिल किए गए प्रस्ताव की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं:–

(i) क्षमता:

(क) सर्वोत्तम घाट क्षमता वित्तीय वर्ष 2012 के लिए 248,346 टीईयू और वित्तीय वर्ष 2013 से वित्तीय वर्ष 2017 अवधि के लिए रु. 662,256 टीईयू निर्धारित किया था।

(ख) सर्वोत्तम यार्ड क्षमता वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2014 अवधि के लिए 353,769 टीईयू वार्षिक और वित्तीय वर्ष 2015 से वित्तीय वर्ष 2017 के लिए 412,731 टीईयू निर्धारित की गई थी।

(ग) तदनुसार, टर्मिनल की वार्षिक क्षमता वित्तीय वर्ष 2012 के लिए 248,346, वित्तीय वर्ष 2013 तथा वित्तीय वर्ष 2014 के लिए 353,769 टीईयू, और वित्तीय वर्ष 2015 से वित्तीय वर्ष 2017 के लिए 412,731 टीईयू निर्धारित की गई है।

(ii) यातायात:

वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 में प्रहस्तित वास्तविक यातायात क्रमशः 234,697 टीईयू और 247,134 टीईयू हैं। वर्ष 2013–14 के लिए यातायात 260,000 टीईयू पर 7 माह वास्तविकताओं और 5 माह अनुमानों के आधार पर अनुमानित किया गया है। तीन वर्षों की अवधि के लिए अनुमानित यातायात निम्नवत् है:–

| वर्ष | अनुमानित यातायात टीईयू में | पिछले वर्ष में वृद्धि % |
|---|---|---|
| 2014-15 | 275,000 | 5.77% |
| 2015-16 | 290,000 | 5.45% |
| 2016-17 | 305,000 | 5.17% |

(iii) पूर्वानुमानित यातायात के लिए आय मौजूदा प्रशुल्क एवं प्रस्तावित प्रशुल्क के लिए अनुमानित की गई है।

(iv) व्ययों के अनुमानन के लिए लगाए गए अनुमान प्रस्ताव के साथ भेजे गए हैं।

(v) सकल प्रखंड के लिए प्रस्तावित संवर्धन वर्ष 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 के दौरान क्रमशः रु. 1139.41 लाख, रु. 844.75 लाख तथा रु. 569.50 लाख है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित सकल प्रखंड हेतु संवर्धनों का सार नीचे दिया गया है:–

(रु. लाखों में)

| विवरण | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड तथा डब्ल्यूएस के निकट यार्ड) | 527.91 | 201.25 | - | 729.16 |
| संयत्र एवं मशीनरी | 410.00 | 462.00 | 429.00 | 1,301.00 |
| सिविल परिसंपत्तियां | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 150.00 |
| आईटी | 123.50 | 103.50 | 62.50 | 289.50 |
| कार्यालय उपस्कर | 25.00 | 25.00 | 25.00 | 75.00 |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | 3.00 | 3.00 | 3.00 | 9.00 |
| कुल | **1,139.41** | **844.75** | **569.50** | **2,553.66** |

(vi) वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित लागत विवरण के अनुसार वर्ष 2011–12 तथा 2012–13, 2013–14 (वास्तविक/अनुमान) हेतु वास्तविक लागत स्थिति और वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमानित लागत स्थिति नीचे तालिकाबद्ध की गई है:–

**(रु. लाखों में)**

| क्र.सं. | विवरण | वास्तविक | | वास्तविक/अनुमान | अनुमान | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
| (i) | यातायात (टीईयू में) | 234,697 | 247,134 | 260,000 | 275,000 | 290,000 | 305,000 |
| (ii) | कुल प्रचालन आय (लाखों में) | 6222.24 | 6954.78 | 7370.41 | 7719.16 | 8131.51 | 8543.79 |
| (iii) | कुल प्रचालन लागत (मूल्यह्रास, प्रबंधन उपरिव्यय एवं एफएमआई–एफएमई सहित) | 4193.88 | 5282.76 | 7926.68 | 7664.95 | 8127.08 | 8888.80 |
| (iv) | नियोजित पूंजी | 6103.53 | 13580.41 | 12557.50 | 11968.15 | 11180.67 | 10093.56 |
| (v) | आरओसीई | 976.56 | 2172.86 | 2009.20 | 1914.90 | 1788.91 | 1614.97 |
| (vi) | निवल अधिशेष/(घाटा) | **1051.80** | **(500.85)** | **(2565.47)** | **(1860.70)** | **(1784.47)** | **(1959.98)** |
| (vii) | निवल अधिशेष/(घाटा) प्रचालन आय के प्रतिशत रूप में | 16.90% | -7.20% | -34.81% | -24.10% | -21.95% | -22.94% |
| (viii) | तीन वर्षों का औसत | -8.37% | | | -23.00% | | |
| (ix) | कुशलता/उत्पादकता सुधार की वजह से लागत बचत | 6.74 | 45.53 | 18.08 | 23.45 | 23.45 | 23.45 |
| (x) | कुशलता सुधार के समायोजन से पहले वास्तविक/अनुमानित आरओसीई | 33.2% | 12.3% | -4.4% | 0.45% | 0.04% | -3.42% |
| (xi) | कुशलता सुधार के समायोजन के बाद वास्तविक/अनुमानित आरओसीई | -- | -- | -- | 0.26% | -0.17% | -3.65% |

(vii) इस प्राधिकरण द्वारा आदेश दिनांक 11 अक्तूबर 2011 द्वारा अनुमोदित पिछले प्रशुल्क में वृद्धि 1 सितम्बर 2012 से की गई थी। उसके मद्देनजर कि वर्धित प्रशुल्क पिछले प्रशुल्क चक्र के डेढ़ वर्ष के लिए ही किया गया था। यह उद्धरित करते हुए कि नियोजित निवल पूंजी में वृद्धि, अर्थव्यवस्था में मंदी और प्रचालनों की लागत में वृद्धि है, वीसीटीपीएल ने अपने मौजूदा दरमान में प्रशुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव किया है:–

(क) पोतांतरण कंटेनरों हेतु प्रहस्तन प्रभार के सिवाय सभी मौजूदा प्रशुल्क में 22.90 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है।

(ख) पोतांतरण कंटेनरों के प्रहस्तन प्रभार (भाग–1, खंड 1.2) में मौजूदा प्रशुल्क में 15.17 प्रतिशत तक कटौती मौजूदा रु. 4,385/– प्रति टीईयू से रु. 3720/– प्रति टीईयू का प्रस्ताव किया गया है।

3.4. वीसीटीपीएल ने प्रस्तावित दरमान के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना प्रस्ताव दाखिल किया है और वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे भेजे हैं।

4. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, वीसीटीपीएल से प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 वीपीटी तथा संबद्ध उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया था। उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों से प्राप्त हुई टिप्पणियां वीसीटीपीएल को प्रतिपुष्टि सूचना के रूप में अग्रेषित की गई थीं। वीसीटीपीएल ने उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों की टिप्पणियों पर अपनी अभियुक्तियां भेजी हैं।

5. प्रस्ताव की प्राथमिक संवीक्षा के आधार पर, वीसीटीपीएल तथा वीपीटी से वीसीटीपीएल प्रस्ताव पर सूचना/स्पष्टीकरण भेजने के लिए हमारे पत्र दिनांक 1 अक्तूबर 2014 द्वारा अनुरोध किए गए थे। नियमित फॉलोअप के बाद, वीसीटीपीएल तथा वीपीटी ने हमारे उठाए प्रश्नों पर अपने पत्रों दिनांक 3 नवम्बर, 2014 और दिनांक 5 जनवरी, 2015 द्वारा अपना जवाब भेजा था। तत्पश्चात्, वीसीटीपीएल ने अपने ईमेल दिनांक 27 जनवरी, 2015 द्वारा अतिरिक्त सूचना भेजी थी। हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों तथा वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित तदनुरूपी जवाबों का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:–

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्न</th><th>वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित जवाब</th></tr>
<tr><td>क.</td><td>सामान्य:</td><td></td></tr>
<tr><td>(1)</td><td>यह देखा गया है कि वर्ष 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित कार्यनिष्पादन आंकड़े पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त, 2014) और शेष सात महीनों के अनुमानों पर आधारित है। चूंकि वर्ष 2013–14 पहले ही समाप्त हो चुका है, इसलिए वीसीटीपीएल लागत विवरण में सुविचारित किए गए से वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित आंकड़ों से मिलान करते हुए वर्ष 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों से अनुमानित आंकड़ों को अद्यतन करें। वर्ष 2013–14 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों की प्रति अग्रेषित करें। वास्तविक आंकड़ों के संदर्भ में 2013714 के अनुमानों को अद्यतन करने के परिणामस्वरूप, अनुवर्ती वर्षों अर्थात् 2014–15 से 2016–17 के अनुमानों की समीक्षा करें और वर्ष 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों के संदर्भ में संशोधित करें, यदि आवश्यकता हो।</td><td>वित्तीय वर्ष 2013–14 के वास्तविक आंकड़े वार्षिक लेखों के साथ मिलान (फार्म 3क) के साथ अद्यतन किए गए हैं और संशोधित लागत विवरण भेजा गया है।<br><br>वर्ष 2013–14 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों की प्रति भेजी गई है।<br><br>2014–15 से 2016–17 के संशोधित अनुमान भी 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों के अनुसार परिवर्तित किए गए हैं।</td></tr>
<tr><td>(2)</td><td>वीसीटीपीएल ने पोतांतरण कंटेनर के सिवाय सभी मदों के लिए मौजूदा दरों में 22.90 प्रतिशत वृद्धि की मांग की है जिसमें वीसीटीपीएल ने मौजूदा दर में 15.17 प्रतिशत तक कटौती का प्रस्ताव किया है। फार्म–1 के क्र.सं. 5 में दी गई सूचना प्रस्तावित प्रशुल्क में टिपिकल पत्तन उपयोक्ता के लिए औसत प्रहस्तन लागत में कटौती दर्शाती है। प्रशुल्क में वृद्धि के बावजूद औसत प्रहस्तन लागत में कटौती के लिए कारण स्पष्ट करें और गणनाओं के साथ इसका समर्थन करें।</td><td>पहले भेजे गए फार्म–1 के क्र.सं. 5 में गलती थी। 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों को शामिल करने के बाद, और और संशोधित लागत अनुमान, मौजूदा संशोधित प्रस्ताव मौजूदा प्रशुल्क में 28.09 प्रतिशत तक वृद्धि करने के लिए है। तीन प्रमुख लाइनों पर प्रभाव का निम्नलिखित प्रभाव पड़ेगा:–
<table>
<tr><th>प्रमुख शिपिंग लाइन</th><th>पहले (मौजूदा लागत)</th><th>बाद में (प्रस्तावित लागत)</th><th>वृद्धि/ (कटौती) %</th></tr>
<tr><td>मेरस्क लाइन</td><td>2416</td><td>2932</td><td>21.38%</td></tr>
<tr><td>एपीएल</td><td>3555</td><td>4315</td><td>21.38%</td></tr>
<tr><td>एमएससी</td><td>3761</td><td>4565</td><td>21.38%</td></tr>
</table>
विस्तृत गणनाएं भेजी गई हैं।</td></tr>
<tr><td>(3)</td><td>2005 प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 6.8 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट, उत्पादकता का तलचिह्न स्तर दर्शाएं और टर्मिनल के बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए</td><td>पिछले प्रशुल्क चक्र में, वीसीटीपीएल ने प्रस्तावित नई क्रेनों के साथ 45 फेरे प्रति घंटा की जलयान उत्पादकता का प्रस्ताव किया था। 2 आरएमक्यूसी और 4 आरटीजीसी की शुरूआत</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | प्रोत्साहन और तलचिह्न स्तर से कम कार्यनिष्पादन के लिए हतोत्साहन प्रस्तावित करें। | के बाद, मौजूदा जलयान उत्पादकता 52 फेरे प्रति घंटा है। उपस्कर तैनाती तथा कुशलता में सुधार की वजह से, पोतों का औसत घुमाव समय पर्याप्त मात्रा में घटाकर 26.2 घंटे से 20.2 घंटे किया गया है। 2013–14 के अनुसार पोतों का औसत पार्सल आकार 742 टीईयू से बढ़कर 882 टीईयू कर दिया गया है। पोत का मौजूदा पार्सल आकार 924 है। इससे बाद में (अगले पत्तन को धीमे स्टीमिंग को कार्यान्वित करने की वजह से) पत्तन लागत (बर्थ किराया), बंकरिंग लागत में काफी कटौती करते हुए कंटेनर शिपिंग लाइनों को लाभ हुआ है। शिपिंग लाइन बेहतर समुद्री भाड़ा दर, निर्यातकों तथा आयातकों को कार्गो की तेजी से डिलीवरी देने की ऑफर देने में समर्थ है। |
| ख. | वित्तीय/लागत विवरण: | |
| (1) | पिछली अवधि के लिए अनुमानों के सापेक्ष वास्तविकताओं का विश्लेषण (फार्म–7):<br><br>प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.13 इस प्राधिकरण से अपेक्षा करता है कि प्रचलित प्रशुल्क निर्धारित किए जाने के समय विश्वास किए गए अनुमानों के संदर्भ में निर्धारित प्रशुल्क वैधता अवधि की समाप्ति पर वास्तविक भौतिक तथा वित्तीय कार्यनिष्पादन की समीक्षा की जाए। इस संदर्भ में और प्रशुल्क प्रस्ताव के फार्म–7 के संदर्भ में, वीसीटीपीएल से अनुरोध है कि निम्नलिखित स्पष्ट/प्रेषित करें:– | |
| (i) | पिछले प्रशुल्क आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 में, इस प्राधिकरण ने पैरा 12(vi) में इस शर्त के अधीन वीसीटीपीएल द्वारा यातायात मिश्रण स्वीकार किया था कि यदि अगले प्रशुल्क संशोधन में समीक्षा के दौरान वीसीटीपीएल को कोई लाभ होना पाया जाता है तो इस लेखा पर इसे प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार समायोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में, वीसीटीपीएल तदनुरूपी वास्तविक आंकड़ों के सापेक्ष पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित स्थानीय तथा पोतांतरण कंटेनर के यातायात मिश्रण का अनुमान भेजे। | पिछले प्रशुल्क चक्र में वास्तविक आंकड़ों के सापेक्ष अनुमानित यातायात मिश्रण नीचे दिया गया है:– |

| | अनुमानित | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | **2011-12** | **2012-13** | **2013-14** | जोड़ |
| स्थानीय | 119,000 | 124,800 | 137,250 | 381,050 |
| आईसीडी | 1,700 | 3,900 | 6,750 | 12,350 |
| पोतांतरण | 47,600 | 64,350 | 78,750 | 190,700 |
| रि–स्टोज | 1,700 | 1,950 | 2,250 | 5,900 |
| जोड़ | 170,000 | 195,000 | 225,000 | 590,000 |

| | वास्तविक | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | **2011-12** | **2012-13** | **2013-14** | जोड़ | भिन्नता |
| स्थानीय | 158,975 | 181,439 | 197,163 | 541,157 | 0.42 |
| आईसीडी | - | - | 3,580 | - | (1.00) |
| पोतांतरण | 74,582 | 64,291 | 60,246 | 199,119 | 0.04 |
| रि–स्टोज | 1,140 | 1,404 | 1,072 | 3,616 | (0.39) |
| जोड़ | 234,697 | 247,134 | 262,061 | 743,892 | 0.26 |

[समग्र भिन्नता 26.08 प्रतिशत है]

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | इस प्राधिकरण ने पिछले प्रशुल्क आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 में तत्समय प्रचलित सभी दरमान में 16 प्रतिशत की वृद्धि प्रदान की थी और 2 नए आरएमक्यूसी और 4 आरटीजीसी की शुरूआत की तारीख अथवा | वीसीटीपीएल ने अगस्त, 2012 के दौरान 2 नई आरएमक्यूजीसी शुरू की थीं। अक्तूबर, 2011 (2 सं.) और दिसम्बर, 2011 (2 सं.) के दौरान 4 नई आरटीजीसी शुरू की गई थीं। |

| | | |
|---|---|---|
| | 1 जनवरी, 2012, जो भी बाद में हो, से प्रभावी बनाया गया है। वीसीटीपीएल ने बताया है कि आरटीजीसी अक्तूबर/दिसम्बर, 2011 में शुरू किए गए थे और आरएमक्यूसी अगस्त, 2012 में शुरू किए गए थे और टीएएमपी के आदेश के अनुसार, संशोधित दरें वीसीटीपीएल द्वारा 1 सितम्बर, 2012 से कार्यान्वित की गई थीं। वीसीटीपीएल द्वारा शुरू की गई आरटीजीसी तथा आरएमक्यूसी की संख्या बताएं क्योंकि इस संबंध में प्रस्ताव में नहीं बताया गया है। तथापि, फार्म 7 में आय अनुमान पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित स्तर पर दर्शाया गया है। फार्म–7 में सुविचारित पिछले प्रशुल्क आदेश के अनुसार आय अनुमान वास्तविकताओं के साथ तरह–तरह की तुलना करने के लिए 1 सितम्बर, 2012 से वीसीटीपीएल द्वारा कार्यान्वित और इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित प्रशुल्क में वृद्धि के प्रभाव को लेने के लिए उपयुक्ततः समायोजित किया जाना चाहिए। | वित्तीय वर्ष 2011–12 से 2013–14 में यथा अनुमानित फार्म–7 प्रशुल्क में 1 सितम्बर, 2012 से संशोधन पर विचार करते हुए उपयुक्ततः संशोधित किया गया है और लागत विवरण में दर्शाया गया है। |
| (iii) | पिछले प्रशुल्क आदेश में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए क्रमशः रु. 1.76 लाख, रु. 2.25 लाख और रु. 2.75 लाख के कुशलता लाभ पर विचार किया गया था। आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 के अनुसार अनुमानों में इसे अवश्य लिया जाना चाहिए। | (क). 2011–12 से 2013–14 तक कुशलता लाभ पिछले प्रशुल्क आदेश के अनुसार संशोधित किया गया है। वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा परिकलित कुशलता लाभ का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:– |

| | | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | बिजली | | | | | | |
| | थ्रुपुट टीईयू में | 87,637 | 98,000 | 145,426 | 234,697 | 247,134 | 262,091 |
| 1 | क्यूसी द्वारा उपभोग की गई कुल इकाईयां | 355,692 | 383,075 | 558,130 | 857,171 | 1,075,690 | 1,703,112 |
| 2 | प्रति टीईयू उपभोग की गई इकाईयां – परिवर्तनीय लागत (क्यूसी) | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 6 |
| 3 | औसत बिजली उपभोग प्रति टीईयू | 3.94 | | | 4.83 | | |
| 4 | बिजली के उपभोग में अर्जित कटौती, यदि कोई हो, | | | | | | (0.90) |
| 5 | चूंकि प्रति टीईयू उपभोग में वृद्धि हुई है इसलिए किसी कुशलता लाभ पर विचार नहीं किया गया है | | | | | | |
| | | | | | | | |
| ख | ईंधन | | | | | | |
| | थ्रुपुट टीईयू में | 87,637 | 98,000 | 145,426 | 234,697 | 247,134 | 262,091 |
| 1 | कुल उपभोग लिटरों में | 166,218 | 202,205 | 287,637 | 540,396 | 454,517 | 461,304 |
| 2 | ईंधन उपभोग प्रति टीईयू (लिटर में) | 1.90 | 2.06 | 1.98 | 2.30 | 1.84 | 1.76 |
| 3 | औसत ईंधन उपभोग प्रति टीईयू | 1.98 | | | 1.96 | | |
| 4 | ईंधन के उपभोग में अर्जित की गई कटौती, यदि कोई हो | | | | | | 0.02 |
| 5 | कुशलता लाभ के लिए सुविचारित बिजली के उपभोग में अर्जित 50 प्रतिशत कटौती | | | | | | 0.012 |
| | | | | | | | |

<table>
<tr><td></td><td></td><td>(क) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु. 2.41 लाख, रु. 2.93 लाख और रु. 3.54 लाख का कुशलता लाभ परिकलित किया है जिसे नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:–
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>विवरण</th><th colspan="3">वर्ष</th></tr>
<tr><th></th><th></th><th>2014-15</th><th>2015-16</th><th>2016-17</th></tr>
<tr><td>(i)</td><td>थ्रुपुट टीईयू में</td><td>2,75,000</td><td>2,90,000</td><td>3,05,000</td></tr>
<tr><td>(ii)</td><td>बिजली बचत</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>ईंधन उपभोगों में 50 प्रतिशत बचत प्रति टीईयू</td><td>0.012</td><td>0.012</td><td>0.012</td></tr>
<tr><td>(iv)</td><td>दर प्रति लिटर (रु0 में)</td><td>73</td><td>84</td><td>96</td></tr>
<tr><td>(v)</td><td>कुशलता लाभ (रु0 में)</td><td>2,41,942</td><td>2,93,410</td><td>3,54,874</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>(iv)</td><td>(क) तकनीकी सेवा शुल्क का संव्यवहार प्रशुल्क आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 के पैरा 12(iv)(ज) और 12(xvii) में दिया गया है। जैसाकि उक्त आदेश में देखा गया है टीएसएफ के लिए रु. 376.68 लाख की राशि वर्ष 2008–09 से आगे 24 वर्षों की शेष परियोजना अवधि में बांट दिया था अर्थात् रु. 15.70 लाख प्रतिवर्ष। ऐसी स्थिति में, वास्तविकताओं पर वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए टीएसएफ प्रथम टीएसएफ के मामले में पिछले प्रशुल्क आदेश में यथा सुविचारित लागत विवरण में रु. 15.70 लाख के स्तर पर सुविचारित किया गया था।</td><td>वर्ष 2011–12 से 2013–14 तक वीसीटीपीएल और डीपी वर्ल्ड एफजेडई के बीच हुए प्रथम करार से संबंधित तकनीकी सेवा शुल्क (टीएसएफ) को संशोधित कर लागत विवरण में रु0 15.70 लाख प्रतिवर्ष किया गया है।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) डीपी वर्ल्ड एफजेडई (डीपीएफ) जोकि 50,000 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष की दर से जनवरी 2011 से दिसम्बर, 2015 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए नए उपस्कर के बारे में तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए वीसीटीपीएल के प्रवर्तकों में से एक है, के साथ वीसीटीपीएल द्वारा किए गए नए करार के संबंध में, इस प्राधिकरण ने पिछले प्रशुल्क आदेश में निर्णय दिया था कि यह वीसीटीपीएल द्वारा किए गए नए करार से आने वाले तकनीकी सेवा शुल्क की अनुमति देने के लिए प्रवृत्त नहीं है जब तक कि कम से कम पूर्ववर्ती संव्यवहारों के मामले में आमर्स लैंथ रिलेशनशिप को समेकित रूप से स्थापित नहीं किया जाता है। उक्त आदेश में बताया गया है कि नए कंटेनर के प्रभाव की अगली समीक्षा के समय समीक्षा की जाएगी बशर्ते वीसीटीपीएल आयकर प्रयोजन के लिए लागत की मद के रूप में टीएसएफ की अनुमति देते हुए प्रासंगिक आयकर निर्धारण आदेश भेजना होगा और नए करार से आने वाले टीएसएफ के वास्तविक के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी भेजना होगा। तथापि, वीसीटीपीएल ने अक्तूबर, 2011 के प्रशुल्क आदेश में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। पिछले आदेश में लिए गए निर्णय के मद्देनजर, वीसीटीपीएल यह दर्शाने के लिए वर्ष 2008–09 के बाद अर्थात् 2009–10 से 2013–14 तक की अवधि के लिए आयकर निर्धारण आदेशों की एक–एक प्रति भेजे कि पहले और दूसरे करार दोनों में तकनीकी सेवा शुल्क संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.8.2 के अधीन यथा अपेक्षित आयकर प्राधिकारियों द्वारा व्यय स्वीकार किया गया है।</td><td>वीसीटीपीएल तथा डीपी वर्ल्ड एफजेडई के बीच प्रथम करार से संबंधित टीएसएफ, वित्तीय वर्ष 2003–04 से आगे 2008–09 तक व्यय की एक मद के रूप में स्वीकार किए गए हैं। निर्धारण वर्ष 2004–05 से 2009–10 के लिए निर्धारण आदेश (संशोधित) भेजे गए हैं।<br>निर्धारण वर्ष 2010–11 के लिए आयकर निर्धारण के दौरान, सीआईटी (क) ने प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में निर्धारण वर्ष 2004–05 से 2009–10 में व्यय की मद के रूप में तकनीकी सेवा शुल्क के लिए स्वीकृति प्रदान की थी। इसने अपने आदेश में निर्धारण वर्ष 2010–11 के लिए प्रासंगिक व्यय भी स्वीकृत किया था। प्रासंगिक आदेश भेजा गया है।<br>चूंकि तकनीकी शुल्क का प्रथम करार पहले ही स्वीकृत किया गया है, इसलिए व्यय की मद के रूप में दूसरा करार भी स्वीकृत किया जाए क्योंकि दोनों में निबंधन एवं शर्तें एकसमान हैं और लेनदेन आमर्स लैंथ पर हैं। निर्धारण वर्ष 2010–11 तथा 2011–12 के निर्धारण आदेश भेजे गए हैं। निर्धारण वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के लिए निर्धारण आदेश अभी प्राप्त होने हैं।<br>आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 92ई के अधीन फार्म 3सीईबी द्वारा प्रासंगिक लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र निर्धारण वर्षों 2010–11, 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 हेतु भेजे गए हैं।<br>चूंकि प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में प्रथम करार व्यय की एक मद के रूप में स्वीकार किया गया है, इसलिए प्राधिकरण से अनुरोध है कि बीओटी अवधि की शेष अवधि के लिए इसे प्रभाजित करने की बजाय उसी वित्तीय वर्ष में इसे खर्च करने की अनुमति दी जाए।<br>प्रथम और द्वितीय दोनों करार के संदर्भ में तकनीकी सेवा शुल्क के प्रभाजन के संदर्भ में विस्तृत गणना भेजी गई है।</td></tr>
<tr><td>(v)</td><td>लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों एवं लागत विवरण में वर्ष 2011–12 में रु. 24.08 लाख के विदेशी मुद्रा विनिमय नुकसान और वर्ष 2012–13 में रु. 72.25 लाख के विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ लिया गया है। वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित विनिमय लाभ/हानि की प्रकृति स्पष्ट करें। स्पष्ट करें कि क्या विदेशी मुद्रास विनिमय हानि विदेशी उधार की सर्विसिंग की वजह से है।</td><td>विदेशी मुद्रा विनिमय हानि अथवा नुकसान का लेखांकन भारतीय लेखांकन मानक 11 के अनुसार किया गया है। विदेशी मुद्रा लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर रिकार्ड किए गए हैं। हानि अथवा लाभ (1) भुगतान किए जाने की तारीख को अथवा (2) 31 मार्च को बकाया राशि जिसे उस दिन की विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है। यह लाभ है अथवा हानि, निवल राशि आईएएस 11 के अनुसार पी एंड एल लेखा में दर्शाई गई है।</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | वीसीटीपीएल ने अपने ईमेल दिनांक 27 जनवरी, 2015 द्वारा विदेशी मुद्रा में खरीददार के क्रेडिटी की बकाया देयता, अग्रेषण करारों को रद्द करने के दौरान हुई हानि/लाभ, नवीस, डीपी वर्ल्ड को वार्षिक अनुरक्षण प्रभारों का भुगतान से संबंधित वित्तीय वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए फोरेक्स हानि तथा फोरेक्स लाभ का विस्तृत ब्रेकअप भेजा है।<br><br>वीसीटीपीएल ने निवेदन किया है कि खरीददार क्रेडिट बकाया (183,72,815 अमेरिकी डॉलर) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आखिर में पुनःउल्लिखित किया गया है, वास्तविक मूलधन पुनर्भुगतान वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 52,20,744 अमेरिकी डॉलर के लिए किया गया है जिसके लिए वास्तविक फोरेक्स हानि रु. 4,79,68,455.56 है। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार (अधिकतम रोल ओवर अवधि उधार लेने के बिल की तारीख से 5 वर्ष है) खरीददार के क्रेडिट शेष बकाया (131,52,071) का शेष भुगतान डिस्चार्ज किया जा रहा है। अतः, वीसीटीपील को फोरेक्स हानि होती रहेगी जिसे रुपए की कीमत मूल्यह्रासित किए जाने की वजह से प्रत्येक वर्ष पुनःउल्लिखित किया जा रहा है। |
| (vi) | दिशानिर्देश सभी महापत्तन न्यासों को यह लचीलापन देते हैं कि वे वाणिज्यिक विचार पर अपने विवेकाधिकार से दरों में कटौती कर सकते हैं, यदि वे ऐसा चाहें तो। वीसीटीपीएल द्वारा स्वीकृत ऐसी कटौती, यदि कोई हो, को परिमाणित किया जाए और वर्ष 2011–12 से 213–14 के प्रत्येक वर्ष के लिए सूचीबद्ध किया जाए। यातायात की बढ़ोतरी पर प्रदत्त ऐसी रियायत का परिणामी प्रभाव भी मदवार विश्लेषित किया जाना है। | वीसीटीपीएल ने पोतांतरण के प्रहस्तन प्रभारों तथा टर्मिनल के माध्यम से पुर्नस्थापित किए गए खाली कंटेनरों पर रियायत प्रदान की थी।<br><br>पोतांतरण में रियायत बड़े पार्सल आकार के पोतों के साथ वीसीटीपीएल में आने के लिए प्रमुख शिपिंग लाइनों को आकर्षित करने के लिए दी गई है। यह कंटेनरों की अन्य श्रेणी (सामान्य निर्यात एवं आयात) हेतु बेहतर स्लॉट दरें ऑफर करने के लिए शिपिंग लाइनों को अनुमति देता हैं।<br><br>खाली कंटेनर में रियायत निर्यातों में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत की गई है, क्योंकि विशाखापत्तनम में खाली कंटेनरों की उपलब्धता कम है।<br><br>(वीसीटीपीएल ने अपने द्वारा स्वीकृत रियायतों/छूट के ब्योरे भेजे हैं)<br><br>2011–12 से 2013–14 में वैश्विक मंदी के बावजूद, भारत में अधिकांश कंटेनर टर्मिनलों में नकारात्मक वृद्धि की तुलना में, वीसीटीपीएल वर्ष दर वर्ष 5 से 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता था।<br><br>यह भी नोट किया जाए कि टी/एस दर में ऑफर की गई रियायत सिंगापुर तथा कोलम्बो से प्रतिस्पर्धा करने और वहां पर किए जा रहे कोलकाता आबद्ध पोतांतरण को विजाग की ओर मोड़ने के लिए है।<br><br>इसके परिणामस्वरूप सिंगापुर तथा कोलम्बो में यह पोतांतरण नहीं किए जाने से हमारे राष्ट्र को विदेशी मुद्रा की भारी बचत हुई है।<br><br>इसलिए, इसने एक्ज़िम श्रेणी कंटेनरों हेतु महासागर मालभाड़ा दर को प्रतिस्पर्धी बनाने और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत करने में सम्पूर्ण ट्रेड को सहायता मिली है। |
| (vii) | पिछले प्रशुल्क संशोधन में, जैसाकि पैरा 12(ix) में बताया गया है, वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए 95, 101 तथा 107 की प्रत्यक्ष लेबर तथा 58, 65 और 71 की अनुरक्षण लेबर का प्रचालन करने के लिए अनुमानित 2 आरएमक्यूसी तथा 4 आरटीजीसी शुरू करने हेतु वीसीटीपीएल के प्रस्ताव पर विश्वास करते हुए इस प्राधिकरण द्वारा स्वीकार किया गया था। यह इस शर्त के अधीन था कि यदि प्रस्तावित विकास नहीं किए जा पाते हैं तो वास्तविकताओं पर परिणामी प्रभाव परिमाणित किया जाएगा और अगले प्रशुल्क संशोधन में पूर्णतः समायोजित किया जाएगा। तदनुसार, वास्तविक स्थिति की प्राधिकरण द्वारा समीक्षा की जाएगी जिसे नोट किया जाए। | पूर्ववर्ती पैरा में यथा सूचित, वीसीटीपीएल ने अगस्त, 2012 के दौरान 2 नए आरएमक्यूजीसी शुरू किए थे। चार नए आरटीजीसी अक्तूबर, 2011 (2 सं.) और दिसम्बर, 2011 (2 सं.) शुरू की गई थी।<br><br>वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान प्रचालन तथा प्रत्यक्ष लेबर की वास्तविक संख्याएं क्रमशः 73, 83 और 94 थीं। वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान अनुरक्षण लेबर क्रमशः 64, 69 और 82 थी।<br><br>तदनुसार, कार्मिक की इन श्रेणियों के लिए प्रोद्भूत वास्तविक लागत वर्षवार लागत विवरण में ली गई है। |
| (2) | यातायात | |
| (i) | वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक यातायात से यातायात अनुमान अद्यतन करें। परिणामस्वरूप, अनुवर्ती वर्षों 2014–15 से 2016–17 के लिए कंटेनर यातायात की 2013–14 के वास्तविक यातायात के आधार पर समीक्षा करें। | 2013–14 के लिए प्रहस्तित वास्तविक यातायात 2,62,091 टीईयू है जिसे संशोधित लागत विवरण में अद्यतन किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | कंटेनर यातायात में अनुमानित पूर्वानुमान पड़ोसी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा, डॉलर की कीमत मे मूल्यह्रास और आगामी वर्षों में आर्थिक वृद्धि को उन्नत बनाने पर विचार करते हुए पूर्वानुमान लगाया गया है।<br><br>यह वृद्धि आगामी तीन वर्षों में औसतन लगभग 5.18 प्रतिशत अनुमानित की गई है। |
| (ii) | यातायात वृद्धि में कटौती का पूर्वानुमान वर्ष 2014–15 में 5.8 प्रतिशत से 5.2 प्रतिशत और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 में 5.2 प्रतिशत के कारण स्पष्ट करें। वर्ष 2016–17 में वीपीटी द्वारा शुरू किए जाने वाले कंटेनर टर्मिनल के विस्तार के बारे में वीसीटीपीएल द्वारा कही गई बात के संबंध में, यह विदित है कि उक्त परियोजना स्वयं वीसीटीपीएल को सौंपी गई है। ऐसी स्थिति में, विस्तारित कंटेनर टर्मिनल भी वीसीटीपीएल को सौंपा गया है और वीसीटीपीएल 15,000 वर्ग मी. की अतिरिक्त भूमि का विकास परिकल्पित कर रहा है, सामान्य तौर पर यह उम्मीद की गई है कि कंटेनर यातायात में कमी नहीं अपितु सुधार होना चाहिए। वीसीटीपीएल उपर्युक्त टिप्पणी के आलोक में सभी वर्षों के लिए यातायात अनुमानों की समीक्षा करें और उचित यातायात वृद्धि का अनुमान लगाएं। | यह वृद्धि दर विशाखापत्तनम और उसके आसपास उपलब्ध यातायात पर विचार करते हुए परिकल्पित किया गया है। राज्य के बंटवारे के बाद औद्योगिक विकास में समय लगेगा। डॉलर के मुकाबले रुपया मूल्यह्रास ने आयातों को प्रभावित किया है और इसे स्थिर करने मे कुछ समय लगेगा। वीसीटीपीएल के पड़ोस में कंटेनर टर्मिनल आ रहे हैं। अतः, इन सभी पैरामीटरों पर विचार करते हुए, वीसीटीपीएल ने अगले तीन वर्षों में औसतन लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।<br><br>पोत साइड तथा यार्ड साइड के बीच क्षमता के बेमेल को कम करने के लिए 15000 वर्ग मीटर अतिरिक्त भूमि ली गई है। चूंकि यह पिछले प्रशुल्क चक्र के दौरान परिकल्पित किया गया था, इस प्राधिकरण ने वीसीटीपीएल से पोत साइड तथा यार्ड साइड क्षमता में बेमेल को कम करने के लिए कहा था। अतः, वीसीटीपीएल के अनुरोध के अनुसार, वीपीटी ने 15000 वर्ग मी. अतिरिक्त भूमि आबंटित की थी।<br><br>हालांकि सम्पूर्ण 15000 वर्ग मी. कंटेनर स्टेकिंग, उपस्कर मेन्यूवेरिंग के लिए साइड स्पेस छोड़ने तथा प्रचालन क्षेत्र के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता, कंटेनर की स्टेकिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला स्थान लगभग 10000 वर्ग मी. होगा।<br><br>इसके बाद, यह खाली कंटेनरों की स्टेकिंग करेगा। विशाखापत्तनम में न तो पर्याप्त खाली कंटेनर डिपो सुविधाएं हैं और न ही निर्यातों के लिए बड़े लदान वाले आयात हैं। अतः, शिपिंग लाइनों को निर्यात कार्गो के भरण के लिए अन्य पत्तनों से खाली कंटेनरों को हटाना होगा।<br><br>सामान्य श्रेणी कंटेनरों से इसे दूर भंडारित करने के लिए सुरक्षा पैरामीटरों पर विचार करते हुए जोखिमपूर्ण प्रकृति के प्रहस्तन के लिए क्षेत्र अभिचिन्हित किया जाएगा। |
| (iii) | वीसीटीपीएल वर्ष 2014–15 से 2016–17 में परिसंपत्तियों के सकल प्रखंड के लिए प्रस्तावित संवर्धन के मद्देनजर प्रहस्तित किए जाने के लिए संभावित अतिरिक्त यातायात दर्शाएं। पुष्टि करें कि इन वर्षों के यातायात अनुमान वीसीटीपीएल द्वारा ली गई अतिरिक्त भूमि के विकास की वजह से अतिरिक्त यातायात मात्रा को प्रभावित करेगा। | टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसार परिगणित अतिरिक्त कुल भूमि स्लॉट वित्तीय वर्ष 2014–15 में 252 टीईयू और वित्तीय वर्ष 2015–16 में 108 टीईयू होगा। अगले तीन वर्षों के लिए पूर्वानुमानित तीन वर्षों की मात्रा में अतिरिक्त यातायात लिया गया है। |
| (iv) | वीसीटीपीएल ने बताया है कि अधिक पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए पोतांतरण कंटेनर हेतु प्रहस्तन प्रभार में 15.17 प्रतिशत तक कटौती प्रस्तावित की गई है। तथापि, पोतांतरण कंटेनर यातायात में पूर्वानुमानित वृद्धि समान स्तर पर पाई गई है ताकि कंटेनर यातायात में समग्र वृद्धि का अनुमान लगाया जा सके। प्रशुल्क में प्रस्तावित कटौती की वजह से पोतांतरण कंटेनर के यातायात में पूर्वानुमानित वृद्धि, यदि कोई हो, वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए मूल्यांकित तथा निर्दिष्ट की जाए। इसे यातायात अनुमानों में भी शामिल करें। | वीसीटीपीएल में 20′ पोतांतरण कंटेनर के लिए मौजूदा दर लगभग 71 अमेरिकी डॉलर है। यहां प्रचलित दर सिंगापुर तथा कोलम्बो के निकतम पत्तनों से अधिक है। वीसीटीपीएल में 16 मीटर का प्राकृतिक डुबाव है जोकि भारत के पूर्वी तट के केन्द्र में स्थानिक लाभ के साथ देश के महापत्तनों में सबसे गहरा है, भारत सरकार ने विजाग को राष्ट्रीय मेरीटाइम विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) के अनुसार पूर्वी तट में कंटेनर पोतांतरण पत्तन के रूप में घोषित किया है। ऊपर उल्लिखित विदेशी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और विजाग की ओर अधिक पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए, हमने मौजूदा प्रशुल्क स्तर से पोतांतरण दर को कम करके 20′ कंटेनर के लिए रु0 3720/– (अ.डा. 60/–) और 40′ कंटेनर के लिए रु0 5580/– (अ.डा. 90/–) करने का प्रस्ताव किया है। पोतांतरण कंटेनरों की एक लैग में 40 प्रतिशत कटौती के बाद लागत कम हो जाएगी। अतिरिक्त यातायात शुरू में 20000–22000 टीईयू होगा और सम्पूर्ण वार्षिकीकृत 80000–90000 टीईयू को भी पत्तन द्वारा बनाए रखा जा सकता है और मेनलाइन पोतों को आकर्षित कर सकता है।<br><br>पोतांतरण प्रशुल्क में कटौती बड़े पार्सल आकार वाले पोतों को आकर्षित करेगी, नए मेन लाइन पोतों/सेवा को आकर्षित करेगी क्योंकि स्थानीय कार्गो तेजी से नहीं बढ़ सकता है और यह पोतांतरण कार्गो है जोकि आगामी वर्षों में विजाग में बढ़ेगा। इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और कंटेनरों की अन्य श्रेणियों के लिए मालभाड़ा दरों में कटौती होगी। इस प्रोत्साहन से सम्पूर्ण व्यापार को स्वतः ही लाभ होगा।<br><br>पड़ोसी पत्तन प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, वीसीटीपीएल अपने प्रशुल्क में कटौती करते हुए कंटेनरों की इस श्रेणी को आकर्षित करना चाहता है और इसलिए, इसने अपने अनुमान में 80000–90000 टीईयू प्रतिवर्ष की हिस्सेदारी को बनाए रखा है। |

<table>
<tr><td></td><td></td><td>इसके अलावा, विजाग में पोतांतरण हस्तांतरण से फोरेक्स आउटफलो की बचत में मदद मिलेगी जैसा कोलम्बो अथवा सिंगापुर में किया गया था।</td></tr>
<tr><td>(v)</td><td>(क). फार्म 2क वर्ष 2013–14 में तटीय यातायात नहीं दर्शाता है। तथापि, तटीय कंटेनरों से आय इसी अवधि के लिए फार्म 2ख में दर्शाई गई है। सही स्थिति दर्शाएं और लागत विवरण को उपयुक्ततः संशोधित करें।</td><td>फार्म 2क और फार्म 2ख में शामिल किए गए 2013–14 के वास्तविक आंकड़े प्रहस्तित तटीय कंटेनर दर्शाते हैं।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख). वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान कोई तटीय कंटेनर यातायात पूर्वानुमानित नहीं किया है। पुष्टि करें कि मौजूदा प्रशुल्क चक्र के दौरान कोई तटीय कंटेनर यातायात नहीं होगा।</td><td>वीसीटीपीएल बहुत कम तटीय पोतों का प्रहस्तन करता रहा है। प्रहस्तित पोतांतरण कंटेनरों के पास एक तटीय लैग है जिसे पोतांतरण की श्रेणी में लिया गया है। भारतीय पत्तनों के बीच अंतर्देशीय कंटेनरों के आवागमन हेतु काबोटेज कानून के सरलीकरण के अभाव में तटीय पोतों से हमने महत्वपूर्ण मात्रा का अनुमान नहीं लगाया है।</td></tr>
<tr><td>(vi)</td><td>वर्ष 2011–12 से 2014–15 के लिए 2,00,200 टीईयू, 2,17,400 टीईयू, 2,35,400 टीईयू, 2,40,000 टीईयू की दर से फार्म 2क में क्र.सं. III में दर्शाया गया न्यूनतम गारंटीशुदा थ्रुपुट (एमजीटी) लाइसेंस करार में विनिर्दिष्ट लागू अवधि के लिए एमजीटी से भिन्न पाया गया है क्योंकि जिसके लिए लागू अवधि एलए में विनिर्दिष्ट की गई है, प्रशुल्क संशोधन में सुविचारित वित्तीय वर्ष से भिन्न है। उपर्युक्त के मद्देनजर, प्रत्येक वर्ष के लिए लागत विवरण में सुविचारित एमजीी की गणना भेजे और पुष्टि करें कि यह एलए में प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसरण में है।</td><td>
<table>
<tr><th>प्रचालनात्मक वर्ष</th><th>एमजीटी (टीईयू में)</th><th>वित्तीय वर्ष</th><th>एमजीटी– वित्तीय वर्ष</th></tr>
<tr><td>26 जून'10 – 25 जून'11</td><td>186,400</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>26 जून'11 – 25 जून'12</td><td>204,800</td><td>2011-12</td><td>200,200</td></tr>
<tr><td>26 जून'12 – 25 जून'13</td><td>221,600</td><td>2012-13</td><td>217,400</td></tr>
<tr><td>26 जून'13 – 25 जून'14</td><td>240,000</td><td>2013-14</td><td>235,400</td></tr>
<tr><td>26 जून'14 – 25 जून'15</td><td>240,000</td><td>2014-15</td><td>240,000</td></tr>
<tr><td>26 जून'15 – 25 जून'16</td><td>240,000</td><td>2015-16</td><td>240,000</td></tr>
<tr><td>26 जून'16 – 25 जून'17</td><td>240,000</td><td>2016-17</td><td>240,000</td></tr>
</table>
वित्तीय वर्ष–एमजीटी मात्रा पिछले प्रचालन वर्ष के 3 महीने तथा अनुवर्ती प्रचालन वर्ष के 9 महीनों के आधार पर परिगणित किया गया है। इसलिए, फार्म 2क में सुविचारित वित्तीय वर्ष एमजीटी एलए के अनुपालन में है।</td></tr>
<tr><td>(3)</td><td>क्षमता</td><td></td></tr>
<tr><td>(i)</td><td>सटीक अवधि (माह/वर्ष) दर्शाएं जब 6000 वर्ग मीटर के मौजूदा क्षेत्र और 10000 वर्ग मी. के अतिरिक्त क्षेत्र का विकास पूरा होने की संभावना है और भंडारण सुविधा प्राप्त करने के लिए उपयोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जाएगा।</td><td>आरएस तथा अन्य उपस्करों के लिए वर्कशाप तथा समर्पित पार्किंग क्षेत्र के लिए विकसित किया गया 6000 वर्ग मी. क्षेत्र विकासाधीन है और 2015–16 में उपयोग किया जाएगा।<br><br>कंटेनर स्टेकिंग के लिए 7000 वर्ग मी. क्षेत्र अक्तूबर 2015 से उपयोग के लिए रखा गया है। दूसरा 8000 वर्ग मी. 2015–16 के दौरान विकसित किया जाएगा।</td></tr>
<tr><td>(ii)</td><td>वित्तीय वर्ष 2013–14 में यार्ड क्षमता गणना में 2160 टीईयू के भूमि स्लॉटों पर पहुंचने का आधार बताएं। कुल भूमि क्षेत्र और प्रति कंटेनर भूमि स्लॉट भी दर्शाएं।</td><td>भंडारण के लिए कुल क्षेत्र 6 हैक्टेयर है। प्रति हैक्टेयर सुविचारित कुल भूमि स्लॉट (टीजीएस) 360 है।</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>अतिरिक्त भूमि क्षेत्र के अनुसार और परिकलन में सुविचारित प्रति कंटेनर भूमि स्लॉट वित्तीय वर्ष 2013–14 में भूमि स्लॉट 2160 से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2014–15 में 2520 किए जाने की गणनाएं भेजें।</td><td>टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसार, निम्न के लिए परिगणित टीजीएसः<br><br>(क). वित्तीय वर्ष 2013–14 है 2160 अर्थात् 360 टीईयू प्रति हैक्टेयर x 6 हैक्टेयर</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | (ख). वित्तीय वर्ष 2014–15, विकसित अतिरिक्त क्षेत्र पर विचार करते हुए, टीजीएस 2412 है अर्थात् 360 टीईयू प्रति हैक्टेयर x 6.7 हैक्टेयर<br><br>(ग). वित्तीय वर्ष 2015–16, शेष उपलब्ध क्षेत्र के विकास के बाद, टीजीएस 2520 है अर्थात् 360 टीईयू प्रति हैक्टेयर x 7 हैक्टेयर |
| (iv) | अनुबंध 3 में मूल्यांकित सर्वोत्तम क्षमता के सापेक्ष वर्ष 2011–12 में 2,48,500 टीईयू, वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के प्रत्येक वर्ष में 354,000 टीईयू और वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष में 4,13,000 टीईयू पर फार्म 2ख क्र.सं. IV में निर्दिष्ट मूल्यांकित क्षमता में मामूली बेमेल है। वीसीटीपीएल द्वारा मूल्यांकित सही क्षमता दर्शाते हुए लागत विवरण अद्यतन करें। | वर्ष 2011–12 के लिए परिणित क्षमता 2,48,500 टीईयू है जोकि घाट क्षमता (2,48,500 टीईयू) और यार्ड क्षमता (3,54,000 टीईयू) का न्यूनतम है। वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 के लिए सर्वोत्तम क्षमता, टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसार, संशोधित कर क्रमशः 3,95,500 टीईयू तथा 4,13,000 टीईयू की गई है।<br><br>वीसीटीपीएल ने यार्ड–वार उपलब्ध अपने वास्तविक टीएसजी के आधार पर क्षमता भी भेजी है। टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसार, क्षमता 3,95,500 टीईयू के सापेक्ष 3,52,197 टीईयू परिगणित होती है। |
| (4) | आय अनुमानन | |
| (i) | पहले बताए गए कारणों से, वर्ष 2013–14 के लिए सभी आय अनुमान वास्तविक आंकड़ों से अद्यतन किए जाने चाहिएं। परिणामस्वरूप, वर्ष 2014–15 तथा 2016–17 के लिए अनुमानों को भी वीसीटीपीएल द्वारा संशोधित किया जाए, यदि आवश्यक हो। | वित्तीय वर्ष 2013–14 के वास्तविक आंकड़े अद्यतन किए गए हैं और तदनुसार आय आंकड़े अनुवर्ती वर्षों के लिए अनुमानित किए गए हैं। |
| (ii) | आय अनुमान की समीक्षा करें और यातायात अनुमानन की समीक्षा करने के लिए हमारी टिप्पणी के मद्देनजर संशोधित करें। | वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए आय अनुमानन 2013–14 के वास्तविकताओं के आधार पर संशोधित किया गया है। |
| (iii) | फार्म 2ख में निर्दिष्ट 'अन्य' के अधीन आय की प्रकृति स्पष्ट करें और सूचीबद्ध करें। वर्ष 2012–13 के वास्तविक तथा वर्ष 2013–14 के अनुमानों/वास्तविकताओं पर वर्ष 2014–15 के दौरान अन्य आय में अचानक कमी का अनुमान लगाने के कारण स्पष्ट करें। ऐसे अनुमानन के लिए आधार के साथ इस श्रेणी के अधीन प्रत्येक मद से आय के मामले मे विस्तृत गणना भेजे। | "अन्य" के अधीन आय में सभी प्रशीतन प्रभार, भंडारण प्रभार, हैच कवर प्रभार और अन्य वैकल्पिक सेवाएं आय शामिल हैं। इस शीर्ष के अधीन आय का विस्तृत ब्रेकअप संलग्न किया गया है। अन्य आय में अचानक कमी एनसीवी से आय की वजह से है। यह आय 2013–14 के दौरान मौजूदा रूझान के आधार पर भविष्य वर्षों के लिए अनुमानित की गई है। गणना के आधार पर विस्तृत गणनाएं प्रस्तुत किए गए "संशोधित लागत विवरण" के "राजस्व पूर्वानुमान पत्रक" में उपलब्ध हैं। |
| (iv) | (क) पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, "अन्य आय" के अधीन गैर–कंटेनर पोतों (एनसीवी) से आय वीसीटीपीएल द्वारा रु0 30 लाख प्रतिवर्ष अनुमानित की गई थी। एनसीवी से अनुमानित आय पर विश्वास किया गया था और इस शर्त के अधीन पिछले प्रशुल्क आदेश में प्रशुल्क निर्धारण में प्राधिकरण द्वारा स्वीकार किया गया था कि अनुमानित एनसीवी आय के सापेक्ष वास्तविक में कोई सकारात्मक भिन्नता पाई जाती है तो ऐसे प्रोद्भूत को अगली प्रशुल्क समीक्षा में पूर्णतः समायोजित किया जाएगा। पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित रु0 30 लाख प्रतिवर्ष के अनुमान के विपरीत, एक्सल शीटल "पी एंड एल डाटा" दर्शाती है कि एनसीवी से अर्जित वास्तविक आय वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 के लिए क्रमशः रु0 240 लाख, रु0 39.83 लाख है और रु0 5.69 लाख वर्ष 2013–14 के लिए अनुमानित किया गया है। उक्त अवधि के दौरान वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित एनसीवी से आय का जोड़ तदनुरूपी अवधि के लिए पिछले प्रशुल्क चक्र में अनुमानित रु0 90 लाख के जोड़ के विपरीत रु0 285.52 लाख होता है। चूंकि सकारात्मक भिन्नता है, इसलिए वीसीटीपीएल कृपया नोट करे कि इस खाते पर प्रोद्भूत अतिरिक्त लाभ पिछले प्रशुल्क आदेश में निए गए निर्णयानुसार पूर्णतः समायोजित किया जाएगा। | एनसीवी आय का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता क्योंकि ये नियमित प्रकृति की नहीं हैं। वीपीटी की जरूरत के अनुसार बर्थ उपलब्ध करवाया जाता है और ट्रेड बर्थ के लिए जरूरत महसूस करता है बशर्ते वीसीटीपीएल बर्थ उस समय उपलब्ध हों। हमारे लागत विवरण में कुल आय आरओसीई प्रयोजन के लिए ली गई है। आय स्ट्रीम में पृथक मद के रूप में इसे माने बिना स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। कोई पूर्व अधिशेष, यदि होता है, इस जरूरत को अन्य आय स्ट्रीम (टीएएमपी दिशानिर्देश 2005 के अनुसार) के अनुसार 50 प्रतिशत की सीमा तक समायोजित किए जाने की जरूरत है ना कि 100 प्रतिशत जैसाकि पिछले प्रशुल्क आदेश में किया गया था। एनसीवी आय में कमी आने का कारण भी वीपीटी में भीड़ का कम होना है और इसलिए एनसीवी कम आते हैं। |
| | (ख) वर्ष 2011–12 में प्रतिवेदित वास्तविक आय मे वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के दौरान एनसीवी से आय मे अचानक कटौती के कारण स्पष्ट करें। | उपर्युक्त बिन्दु सं. (क) में यथा स्पष्ट किए गए कारण। |
| | (ग) जैसाकि पहले बताया गया है, वर्ष 2013–14 के दौरान इस प्रशुल्क मद से अर्जित आय लागत विवरण में वास्तविकताओं से अद्यतन की जानी चाहिए। | 2013–14 के लिए एनसीवी आय को संशोधित लागत विवरण में अद्यतन किया गया है। |
| | (घ) वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित पूर्व वास्तविक आय की तुलना में वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए रु0 5 लाख की दर से एनसीवी से आय के कम किए गए स्तर का अनुमान लगाने हेतु आधार का औचित्य बताएं | जैसाकि ऊपर स्पष्ट किया गया है, एनसीवी आय वीसीटीपीएल के लए नियमित आय स्रोत नहीं है। यह बर्थ वीपीटी को जैसे और जब जरूरत के अनुसार उपलब्ध करवाया जाता है और वीपीटी के आंतरिक हारबर में डुबाव की सीमाओं अथवा पत्तन में बर्थ की अनुपलब्धता के कारण उतराई प्रयोजन के लिए छोटी अवधि के लिए एनसीवी बर्थ करने के लिए ट्रेड इसकी जरूरत महसूस करता है। एलए के अनुसार, वीसीटीपीएल को उसकी जरूरत की स्थिति में वीपीटी को बर्थ विस्तारित करना होगा।<br>वीपीटी गहरे डुबाव के लिए आंतरिक हारबर का निकर्षण करता रहा है जो हमें लगता है कि वीसीटीपीएल में एनसीवी के आने को रोकेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | | तदनुसार, हमें उम्मीद है कि इस शीर्ष के अधीन आय मामूली रहेगी। इसलिए, हमने आगामी वर्षों में रु0 5,00,000 प्रतिवर्ष की मामूली राशि का अनुमान लगाया है। |
| (v) | पुष्टि करें कि वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए अनुमानित आय वीसीटीपीएल के मौजूदा दरमान में निर्धारित दरों पर आधारित है। पुष्टि करें कि आय अनुमानों में बीओटी प्रचालकों को लचीलापन उपलब्ध करवाने की वजह से वर्ष 2011–12 से 2013–14 में वीसीटीपीएल द्वारा स्वीकृत प्रशुल्क कटौती/रियायत, यदि कोई हो, को नहीं लिया गया है। | वीसीटीपीएल पुष्टि करता है कि वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए आय अनुमान दरमान के अनुसार निर्धारित दर पर आधारित हैं। संशोधित लागत विवरण में 'राजस्व पूर्वानुमानन पत्रक' इस संबंध में अवलोकित किया जा सकता है। |
| (5) | प्रचालन लागतः | |
| (i) | 2005 प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.5.1 के अनुसार, व्यय पूर्वानुमान भारत सरकार द्वारा सभी घटकों के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के मौजूदा संचलन के संबंध में कीमत उतार–चढ़ाव के लिए समायोजित यातायात के अनुसार होना चाहिए। प्राधिकरण द्वारा निर्णीत वर्ष 2014–15 में निर्णीत किए जाने वाले प्रशुल्क मामलों के लिए सभी घटकों के लिए डब्ल्यूपीआई 6 प्रतिशत है जिसे हमारे पत्र सं.टीएएमपी/27/2005–विविध दिनांक 23 जुलाई 2014 द्वारा वीसीटीपीएल सहित सभी महापत्तन न्यासों तथा बीओटी प्रचालकों को संप्रेषित किया गया था। इसलिए, लागत अनुमानन में वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित वार्षिक वृद्धि तदनुसार संशोधित की जानी चाहिए। | व्यय पूर्वानुमानों के लिए 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई पर विचार करते हुए लागत विवरण संशोधित किया गया है। |
| (ii) | प्रचालन प्रत्यक्ष लेबर तथा अनुरक्षण लेबरः<br><br>वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से औसत लागत प्रति प्रत्यक्ष लेबर तथा अनुरक्षण में अनुमानित वृद्धि का औचित्य बताएं जोकि 6 प्रतिशत के वार्षिक स्वीकार्य वृद्धि कारक की अपेक्षा अधिक पाया गया है। | वास्तविक वेतन लागत प्रशुल्क चक्र के पिछले तीन वर्षों के दौरान बढ़ गई है और 15 से 20 प्रतिशत वार्षिक के बीच है। उद्योग मानकों के अनुसार वेतनवृद्धियों की वजह से वेतनों में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। चूंकि विजाग के करीब निकट भविष्य में कई पत्तन परियोजनाएं आ रही हैं, इसलिए वीसीटीपीएल ने उच्च उत्पादकता तथा सुरक्षा मानक अर्जित करने के लिए अपने प्रशिक्षित कार्यबल को बनाए रखा है। इसलिए 10 प्रतिशत की उपयुक्त प्रस्तावित वार्षिक वृद्धि तर्कसंगत है। लागत को 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई रखते हुए, हम प्रशिक्षित कार्यबल को बनाए रखने में समर्थ नहीं होंगे जिससे टर्मिनल की समग्र उत्पादकता पर असर पड़ेगा। |
| (iii) | उपस्कर लागतः | |
| | (क) बिजली लागतः | |
| | (i) वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए 17.21 इकाईयां प्रति टीईयू की दर से अनुमानित बिजली के उपभोग का औचित्य बताएं जो 2008 दिशानिर्देशों (हालांकि ये दिशानिर्देश वीसीटीपीएल पर लागू नही हैं) में 8 इकाईयां प्रति टीईयू के बिजली उपभोग प्रतिमानक की तुलना में बहुत अधिक पाया गया है। यहां पर बताना प्रासंगिक है कि महापत्तन न्यासों में प्रचालन कर रहे अन्य कंटेनर टर्मिनलों में, बिजली उपभोग 2008 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों में निर्धारित उपभोग प्रतिमानक के भीतर पाया गया है। | 8 इकाईयां प्रति टीईयू का बिजली उपभोग प्रतिमानक क्यूसी बिजली उपभोग से संबंधित है। वीसीटीपीएल में क्यूसी बिजली उपभोग प्रति टीईयू 6 इकाईयां है।<br><br>संशोधित अनुमानित बिजली उपभोग प्रति टीईयू लगभग 18 इकाईयां प्रति टीईयू है जिसमें से 6 इकाईयां प्रति टीईयू क्यूसी के लिए है, 8 इकाईयां प्रति टीईयू रीफरों के लिए है और 4 इकाईयां प्रति टीईयू हाइ मस्ट तथा सामान्य क्षेत्र लाइटिंग के लिए है।<br><br>अतः, वीसीटीपीएल में बिजली उपभोग प्रशुल्क दिशानिर्देशों के भीतर है। |
| | (ii) वर्ष 2013–14 में अनुमानित बिजली की इकाई लागत में 25 प्रतिशत वृद्धि का औचित्य बताएं। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए बिजली की इकाई लागत में अनुमानित 22 प्रतिशत से 23 प्रतिशत वार्षिक की और वृद्धि किए जाने का औचित्य बताएं। वर्ष 2014–15 के लिए सुविचारित रु0 10.20 की दर से बिजली की इकाई दर का औचित्य देने के लिए पिछले तीन महीनों के बिजली बिल की प्रति भेजें। | 2013–14 के लिए वास्तविक बिजली उपभोग संशोधित लागत विवरण में अद्यतन किए गए हैं। परिवर्तनीय बिजली लागत प्रति इकाई 2012–13 (रु0 6.71 प्रति इकाई) पर 2013–14 (रु0 8.51 प्रति इकाई) में 27 प्रतिशत तक वृद्धि करती है। परिवर्तनीय लागत में 2014–15 के लिए अनुमान लगाने के समय 2012–13 पर 2013–14 में (रु0 6.06 से रु0 7.57) 25 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। पिछले 3 महीनों के बिजली बिल भेजे गए हैं। पिछले 7 महीनों के दौरान प्रोद्भूत बिजली लागत भेजी गई है। परिवर्तनीय लागत प्रति इकाई गर्मी के दौरान बढ़ जाएगी। मार्च 2014 का बिजली बिल भेजा गया है। इसलिए, बिजली लागत प्रति इकाई में 15 प्रतिशत की समग्र वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2014–15 के लिए एपीईपीडीसीएल प्रशुल्क संशोधन 2014–15 के लिए देय है। डिस्कॉम द्वारा एपीईआरसी के लिए प्रस्ताव है कि आगामी वर्षों में और 24 प्रतिशत तक वृद्धि की जाए। उपर्युक्त पर विचार करते हुए, बिजली लागत में 15 प्रतिशत तक वाईओवाई प्रति इकाई वृद्धि की गई है। |
| | (ख) ईंधन लागतः | |
| | (i) वर्ष 2012–13 में ईंधन लागत रु0 47.79 प्रति लिटर से वर्ष 2013–14 में रु0 67.06 प्रति लिटर 40 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाने के कारण का औचित्य बताएं और उक्त अवधि के लिए ईंधन बिलों की प्रतियों के साथ प्रमाणित करें। | 2013–14 के लिए वास्तविकताओं को शामिल करने के बाद, लागत प्रति लिटर रु0 63.25 परिगणित होती है जोकि 2012–13 (रु0 47.79) की अपेक्षा 32 प्रतिशत अधिक है। ईंधन बिल की प्रति ईंधन लागत विवरण के साथ भेजी गई है। |
| | (ii) वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए ईंधन लागत में 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का औचित्य बताएं। अद्यतन तीन महीनों के बिल की प्रतियां भी भेजें। | अद्यतन 3 महीनों के बिल भेजे गए हैं। तथापि, पिछले वर्षों के वास्तविक आंकड़ों और डीजल को डि–रेग्यूलेट करने की मौजूदा सरकार नीति के आधार पर, ईंधन लागत वित्तीय वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक 10 प्रतिशत वाईओवाई वृद्धि करते हुए अनुमानित की गई है। |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) मरम्मतें और अनुरक्षण लागतः | |
| | (i) वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के लिए वास्तविक/अनुमानित लागत की तुलना मे वर्ष 2014–15 में मरम्मत तथा अनुरक्षण लागत के अनुमानों में लगभग 81 प्रतिशत की अचानक वृद्धि का औचित्य बताएं। पिछले वर्ष के अनुमानों पर वर्ष 2015–16 के दौरान मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत के पूर्वानुमानों में सुविचारित 23 प्रतिशत वृद्धि का औचित्य बताएं। | आर एंड एम व्ययों में तेल तथा ल्यूबरिकेंटस, भंडार तथा पुर्जे, उपभोज्य पदार्थ, बट्टा खाता वर्कशाप औजार तथा टायर एवं ट्यूब शामिल हैं। ये व्यय नियमित प्रकृति के हैं और 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई वाईओवाई पर महंगे किए गए हैं।<br><br>इसके अलावा, पिछले टीएएमपी आदेश (टीएएमपी/10/2011–वीसीटीपीएल) के अनुसार रु0 1.13 करोड़ की 2010–11 में प्रोद्भूत एकमुश्त व्यय 2013–14 तक 4 वर्षों की अवधि में प्रभाजित किया गया था। अतः, 2011–12 से 2013–14 के दौरान रु0 28.25 लाख प्रतिवर्ष व्यय के रूप में दावाकृत किया गया है।<br><br>2014–15 से 2016–17 में निवेश किए जाने के लिए प्रस्तावित नई परिसंपत्तियों के लिए, अभियांत्रिक का 2 प्रतिशत और सिविल परिसंपत्तियों का 1 प्रतिशत आर एंड एम व्ययों के रूप में परिकल्पित किया गया है।<br><br>वीसीटीपीएल को 2014–15 के दौरान पुराने आरटीजीसी (2 सं.) के लिए प्रमुख मरम्मतें करनी होंगी। आरटीजी 1 तथा आरटीजी 2 दोनों बहुत पुराने तथा ओबसोलेट क्रेनें हैं और पुर्जों की अनुपलब्धता की वजह से इंजनों को सहयोग नहीं किया जा सकेगा। इसलिए, हमने इंजन/अल्टरनेटर पावर पैक दोनों रिफरबिश करने तथा नियंत्रणों एवं पीएलसी के ड्राइव का निर्णय लिया है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए रु0 160 लाख का अनुमान लगाया गया है। कोटेशन भेजी गई हैं। बदलने के समय यह बेहतर कबाड़ मूल्य भी देगा। जेट्टी ढांचागत इंटेग्रिटी टेस्ट के अधीन,वर्ष 2014–15 के दौरान मरम्मतें की जानी हैं। खरीद आदेश की प्रति भेजी गई है।<br><br>विस्तृत गणनाएं संलग्न की गई हैं। |
| | (ii). वर्ष 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा प्रोद्भूत वास्तविक मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत के साथ लागत विवरण अद्यतन करें। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए अनुमानित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत भी वर्ष 2013–14 में प्रोद्भूत वास्तविक मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत के संदर्भ में संशोधित करें। | 2013–14 के लिए वास्तविक आर एंड एम व्यय लागत और वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए अनुमानन भी संशोधित लागत विवरण में संशोधित किया गया है। |
| | (iii). सभी विचाराधीन वर्षों के लिए उपस्करों तथा बिजली संस्थापनों की अनुमानित मरम्मत और अनुरक्षण लागत की विस्तृत गणना भेजें। | विस्तृत गणनाएं संलग्न की गई हैं। |
| | (iv). एक्सल पत्रक "पी एंड एल डाटा" वर्ष 2014–15 में आरएमक्यूसी (2) और रीच स्टेकर की मरम्मत और अनुरक्षण लागत में अधिक वृद्धि दर्शाता है। इन उपस्करों के लिए इस अनुमानित लागत मद में अधिक वृद्धि का औचित्य बताएं। | आरएमक्यूसी तथा रीच स्टेकरों के लिए अनुमानित लागत वास्तविक + 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई के अनुसार हैं। इसे पहले प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव से संशोधित किया गया है। |
| | (v). पुष्टि करें और दर्शाएं कि पूर्व अवधि 2011–12 से 2013–14 के दौरान प्रोद्भूत एकमुश्त प्रमुख मरम्मत और अनुरक्षण लागत, यदि कोई हो, पूर्व अवधि के लिए एवं वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक इस लागत मद का अनुमान लगाते हुए सुविचारित नहीं किए गए हैं। | पिछले वर्षों में प्रोद्भूत लागत नियमित प्रकृति की है। 2014–15 से आगे के लिए अनुमानित एकमुश्त व्यय के ब्योरे भेजे गए हैं। |
| (iv). | उपस्कर किराया प्रभारः<br><br>उपस्कर किराया प्रभारों में उपस्कर किराया प्रभारों के लिए वीसीटीपीएल द्वारा आउटसोर्स किए गए कंटेनर संचलन प्रभारों का अनुमानन शामिल है। इस संबंध में, निम्नलिखित बिन्दु स्पष्ट करें: | |
| | (क). वीसीटीपीएल ने बताया है कि आंतरिक परिवहन से संबंधित सेवाएं 20′ तथा 40′ कंटेनर के लिए क्रमशः रु0 310 और रु0 340 और 20′ और 40′ पोतांतरण कंटेनर के लिए क्रमशः रु0 233 तथा रु0 285 की दर से आउटसोर्स की गई हैं। वर्ष 2015–16 के लिए, इकाई दर में 15 प्रतिशत की दर से वार्षिक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। इस लागत मद का अनुमान लगाने के लिए इकाई दर का औचित्य बताने के लिए आउटसोर्सिंग करार की प्रति भेजें। करार की वैधता अवधि दर्शाएं। यह भी पुष्टि करें कि क्या प्रासंगिक सेवा प्रदाता प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए नियुक्त किए गए थे और ऐसे संव्यवहार के लिए आमर्स लैंथ रिलेशनशिप बनाए रखा गया है जिसे जरूरी दस्तावेजों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। | मौजूदा करार 30 नवम्बर 2014 तक वैध है और लागत 20′ तथा 40′ कंटेनर के लिए क्रमशः रु0 310 तथा रु0 340 है तथा 20′ तथा 40′ पोतांतरण कंटेनर के लिए क्रमशः रु0 233 तथा रु0 285 है।<br><br>लागत में वर्ष 2015–16 से 2016–17 तक 6 प्रतिशत तक वाईओवाई वृद्धि की गई है।<br><br>वीसीटीपीएल भावी वेंडरों से प्रतिस्पर्धी बोली आमंत्रित करता है और तकनीकी एवं वित्तीय पैरामीटरों पर विचार करते हुए करार किया जाता है।<br><br>कंटेनरों के आंतरिक परिवहन से संबंधित करार की प्रति संदर्भ के लिए भेजी गई है।<br><br>तत्पश्चात्, वीसीटीपीएल ने अपने ईमेल दिनांक 27 जनवरीख् 2015 द्वारा बताया है कि श्रीनिवास ट्रांसपोर्ट के साथ पुराना करार 30 नवम्बर, 2014 तक वैध था और जूनख् 2014 माह |

| | | |
|---|---|---|
| | | में नए करार के लिए बातचीत शुरू की गई थी। बढ़ती मात्राओं की वजह से संविदाकार के साथ कीमतों पर दोबारा मोलभाव किया गया है। इस रूझान को लीवरेज करने के लिए तथा प्रचालन लागतें कम करने के लिए, कीमतें अब प्रति कंटेनर (अर्थात् 20' तथा 40' के लिए पृथक दरें) आधार पर पूर्ववर्ती अदायगी की बजाय रु0 220 प्रति टीईयू पर निर्धारित की गई है। हालांकि नए करार को अंतिम रूप दे दिया गया था और 17 नवम्बर, 2014 को हस्ताक्षर किए गए थे, परन्तु यह 1 जुलाई, 2014 से प्रभावी है (अर्थात् मोलभाव होने की शुरूआती तारीख से नया प्रचालनात्मक वर्ष शुरू होने के साथ)। इसे वीसीटीपीएल ईमेल दिनांक 27 जनवरी, 2015 में संलग्न किया गया है। |
| | (ख). एक्सल पत्रक ''पी एंड एल'' डाटा में उपस्कर का किराया प्रभार वर्ष 2012–13 में रु0 95.12 लाख से वर्ष 2014–15 में रु0 347.00 लाख पर प्रतिवेदित वास्तविक व्यय से अत्यधिक वृद्धि दर्शाता है जिसमें अनुवर्ती दो वर्षों 2015–16 तथा 2016–17 के लिए 7 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की गई है। 2012–13 के वास्तविक आंकड़ों के सापेक्ष वर्ष 2014–15 में उपस्कर के लिए किराया प्रभारों में अत्यधिक वृद्धि के कारणों का औचित्य बताएं और अनुमानों के औचित्य के लिए वैध किराया करार की प्रति भेजें। | किराया प्रभार ''संशोधित लागत विवरण'' में संशोधित किए गए हैं। लागत संशोधित कर 2014715 में रु0 150.80 लाख, 2015–16 में रु0 203.61 लाख और 2016–17 में रु0 203.95 लाख किया गया है।<br><br>किराया लागत में यार्ड मरम्मत और अन्य हाउस कीपिंग प्रयोजन के लिए सामान्य उपस्कर किराया शामिल है जोकि 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई वाईओवाई की वृद्धि करते हुए रु0 5 लाख प्रतिवर्ष पर पूर्वानुमानित किया गया है।<br><br>अन्य किराया लागत में करार के अनुसार अक्तूबर 2014 तक रु0 3 लाख प्रति उपस्कर प्रति माह की दर से किराये पर 3 रीच स्टेकर शामिल हैं। किराया प्रभार संशोधित कर नवम्बर 2014 से रु0 5.5 लाख प्रति उपस्कर प्रतिमाह किए जा रहे हैं। प्रासंगिक दस्तावेज उपयुक्त समय पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। |
| | (ग). (i). प्रस्ताव के पृष्ठ 58 में वीसीटीपीएल ने बताया है कि वह पोतों की अनुपूरक तीव्र वापसी के लिए वर्ष 2014–15 से 3 रीच स्टेकर किराये पर लेने का प्रस्ताव किया है। 3 रीच स्टेकर किराये पर लेने का प्रस्ताव किए जाने के आधार का औचित्य बताएं और विस्तृत गणना के साथ स्थापित करें कि 3 रीच स्टेकर वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक उपयोग किए जाएंगे। वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित अनुमान तथा वार्षिक वृद्धि प्रमाणित करने के लिए 3 रीच स्टेकर किराये पर लेने के लिए वीसीटीपीएल द्वारा किए गए प्रासंगिक किराया करार की प्रति भी भेजें। करार की वैधता भी दर्शाएं।<br><br>(ii). स्पष्ट करें कि क्या 3 अतिरिक्त रीच स्टेकर किराये पर लेना वीसीटीपीएल द्वारा वीपीटी के साथ किए गए लाइसेंस करार के प्रासंगिक खंड के अधीन अनुमति–योग्य है। | (i). वीसीटीपीएल के पास यार्ड साइड प्रचालनों के निष्पादन के लिए निम्नलिखित उपस्कर थे –<br>1. आरटीजीसी – 6 सं.<br>2. रीच स्टेकर – 2 सं. x 45 मी.ट. लदे हुए कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए।<br>3. रीच स्टेकर – 2 सं. x 10 मी.ट. खाली कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए।<br><br>सामान्य प्रतिमानक के रूप में, प्रत्येक घाट क्रेन के लिए तैनात किए गए 2 यार्ड उपस्कर जलयान साइड प्रचालन के लिए तैनात किए जाने की जरूरत है। तदनुसार, प्रचालनाधीन 4 घाट क्रेनों, 8 यार्ड उपस्करों की आवश्यकता है। रेल तथा सड़क मार्ग द्वारा कंटेनरों की प्राप्ति तथा डिलीवरी के अलावा, और 4 यार्ड उपस्कर की आवश्यकता होगी। यह खाली कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए अपेक्षित रीच स्टेकरों से इतर है।<br><br>उपर्युक्त पर विचार करते हुए, टर्मिनल में सुगम तथा कुशल प्रचालनों के लिए 12 यार्ड उपस्कर तैनात किए जाने अपेक्षित हैं। वीसीटीपीएल के पास केवल 8 यार्ड उपस्कर थे और मौजूदा यार्ड उपस्कर बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पुराने रीच स्टेकरों की जरूरत थी। इसके अलावा, मौजूदा दो रीच स्टेकर भी बहुत पुराने (10 वर्ष) हैं और कॉम्पलिमेंट किए जाने की जरूरत है।<br><br>इसके अलावा, वीसीटीपीएल खाली कंटेनरों की स्टेकिंग, जोखिमपूर्ण तथा ओओजी कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए अतिरिक्त यार्ड विकसित किया है। यार्ड में वर्तमान में कोई आरटीजीसी नहीं है और इसलिए ये अतिरिक्त उपस्कर किराये पर लिए गए हैं।<br><br>किराया करार की प्रति भेजी गई है।<br><br>(ii). वीपीटी के साथ किए गए एलए के अनुसार, तैनात किए जाने वाले रीच स्टेकर आवश्यकता के अनुसार सुझाए गए हैं। एलए के अनुसार थ्रुपुट स्तर प्रचालन के 11वें वर्ष तक 2,40,000 टीईयू है। वीसीटीपीएल एलए अपेक्षा से कहीं अधिक प्रहस्तन करता रहा है। इसलिए, जैसाकि ऊपर स्पष्ट किया गया है, इसके मौजूदा बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए तथा पोत की तेजी से वापसी, ट्रक तथा रेल आवागमनों के लिए वीसीटीपीएल ने 3 रीच स्टेकर किराये पर लिए हैं। |
| | (घ). पुष्टि करें कि क्या विभिन्न उपस्कर किराये पर लेने के लिए विनियुक्त प्रासंगिक सेवा प्रदाता प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया का अनुसरण कर रहे हैं और प्रत्येक लेनदेनके लिए आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप का अनुसरण करने के बाद किया गया है जिसे जरूरी दस्तावेजों के साथ समर्थित किया जाएगा। | रीच स्टेकरों की किराया लागत बाजार में प्रचलित प्रतिस्पर्धी कीमत के अनुसार है। बाजार उद्धरण की प्रति भेजी गई है। |

| | | |
|---|---|---|
| (v). | पट्टा किराया: | |
| | (क). वीसीटीपीएल के वार्षिक लेखे वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 में क्रमशः रु0 103.50 लाख और रु0 100.38 लाख के पट्टा किराया भुगतान सहित किराये के बारे में रिपोर्ट करता है। यह लागत विवरण में सुविचारित वर्ष 2011–11 तथा 2012–13 में रु0 84.96 लाख और रु0 92.73 लाख के पट्टा किराये से मेल नहीं खाता है। अन्तर का समाधान करें। | वार्षिक रिपोर्ट में निर्दिष्ट किराया राशि में पत्तन को पट्टा किराया, अंतरण हाउस किराये और पोर्टा कैबिन किराया शामिल हैं। वर्षवार विस्तृत ब्रेकअप हैं:–<br><table><tr><th>विवरण</th><th>2011-12</th><th>2012-13</th><th>2013-14</th></tr><tr><td>भूमि पट्टा – वीपीटी</td><td>84.96</td><td>92.73</td><td>88.07</td></tr><tr><td>किराया – अंतरण हाउस</td><td>6.54</td><td>7.66</td><td>12.98</td></tr><tr><td>किराया – पोर्टा कैबिन्स</td><td>12.00</td><td>-</td><td>-</td></tr><tr><td>कुल</td><td>103.50</td><td>100.38</td><td>101.05</td></tr></table> |
| | (ख). जैसाकि पहले बताया गया है, वर्ष 2013–14 के लिए अनुमानित पट्टा किराया उक्त वर्ष में वीपीटी को भुगतान किए गए वास्तविक पट्टा किराये को अद्यतन किया जाना चाहिए। | 2013–14 के दौरान भुगतान किया गया वास्तविक पट्टा किराया संशोधित लागत विवरण में अद्यतन किया गया है। |
| | (ग). वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए पट्टा किराया इन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के लिए रु0 85.90 लाख अनुमानित किया गया है। वर्ष 2012–13 में वीपीटी को भुगतान किया बताया गया रु0 92.73 लाख का वास्तविक पट्टा किराया की तुलना में इन वर्षों में अनुमानित पट्टा किराये में कटौती के कारण स्पष्ट करें। | वर्ष 2012–13 के दौरान, वीपीटी को भुगतान किए गए पट्टा किराये में गेट–पूर्व सुविधाओं (16878 वर्ग मी.), ओएनजीसी यार्ड (15000 वर्ग मी.) के लिए पट्टा किराया शामिल है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए, किराया वीपीटी के दरमान के अनुसार मौजूदा दर पर पट्टा (164,000 वर्ग मी. + 15,000 वर्ग मी.) के अधीन वास्तविक क्षेत्र पर अनुमानित किया गया है। |
| | (घ). यह पुष्टि करें कि क्या अतिरिक्त 15000 वर्ग मीटर भूमि लेने का प्रभाव वर्ष 2014–15 से 2016–17 के अनुमानों में सुविचारित किया गया है। | हाँ, इसे वर्ष 2014–15 से 2016–17 में सुविचारित किया गया है। यहां पर यह भी बताना है कि वीपीटी आगामी वर्षों में पट्टा किराया बढ़ाने की कार्यवाही में है जिसके लिए उनके द्वारा भूमि मूल्यांकन किया जा रहा है। इसलिए, किसी बढ़ोतरी के मामले में, अपने प्रशुल्क में इसे लागू करने के लिए वीसीटीपीएल टीएएमपी का रूख करेगा यदि यह मौजूदा प्रशुल्क चक्र के दौरान किया जाता है। |
| | (ङ). पुष्टि करें कि वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित पट्टा किराया उसके द्वारा वीपीटी के साथ किए गए लाइसेंस करार में दिए गए प्रावधानों के अनुसार है। | हाँ, एलए के अनुसार, टीएएमपी द्वारा अधिसूचित मौजूदा दरमानों के अनुसार वीपीटी को पट्टा किराये का भुगतान करने की जरूरत है। |
| (vi). | बीमा:<br>बीमा प्रीमियम लागत के अनुमानों को प्रमाणित करने के लिए वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 हेतु वीसीटीपीएल द्वारा लिए गए बीमा कवर की प्रति भेजे। | बीमा प्रीमियम पिछले वर्ष के वास्तविक जमा 1 प्रतिशत अतिरिक्त केपेक्स पर अनुमानित किया गया है। 2013–14 का बीमा कवर नोट संलग्न (पत्तन पैकेज नीति) किया गया है। 2014–15 के लिए कवर नोट अभी प्राप्त होना है। |
| (vii). | अन्य व्यय: | |
| | (क). वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित अन्य व्ययों में मैनपावर किराये पर लेने हेतु लागत, टैली प्रभार, बांधना/खोलना व्यय, प्रशीतन अनुवीक्षण, सुरक्षा व्यय, जांच, वीपीटी रेल प्रभार, पानी प्रभार आदि शामिल हैं। इस संबंध में, कृपया निम्नलिखित स्पष्ट करें:– | |
| | (i). वर्ष 2014–15 मे रु0 61/– प्रति कंटेनर तथा रु0 46/– प्रति 8 घंटे की पाली की दर से बांधना/खोलना व्यय तथा रीफर अनुवीक्षण का अनुमान लगाने के लिए इकाई दर करार में प्रासंगिक खंड का संदर्भ देते हुए वैध करार की प्रत्येक प्रति के साथ प्रमाणित किया जाना चाहिए। यह भी पुष्टि करें कि करार प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए किया गया है और लेनदेन का आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप बनाए रखा गया है। | (i). बांधना, खोलना, प्रशीतन अनुवीक्षण के लिए मौजूदा करार समाप्त हो चुके हैं। प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद नए वेंडरों के साथ नए करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संशोधित लागत विवरण में प्रासंगिक लागत प्रभाव संशोधित किए गए हैं। (बांधना एवं खोलना), (प्रशीतन अनुवीक्षण) के लिए करार की प्रतियां भेजी गई हैं। |
| | (ii). वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 में रु0 10,000 प्रति व्यक्ति और वर्ष 2014–15 में रु0 11,000/– तक टैली व्ययों हेतु इकाई दर में वृद्धि का अनुमान लगाने का आधार जरूरी दस्तावेजों के साथ प्रमाणित किया जाना चाहिए। | (ii). टैली व्ययों हेतु मौजूदा करार समाप्त हो चुके हैं। प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद नए वेंडरों के साथ नए करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संशोधित लागत विवरण में प्रासंगिक लागत प्रभाव संशोधित किया गया है। करार की प्रति भेजी गई है। |
| | (iii). वर्ष 2011–12 में रु0 12.29 लाख की दर से वीपीटी रेलवे प्रभारों के अधीन सुविचारित व्यय की प्रकृति का औचित्य बताएं। 2012–13 के वास्तविकताओं की तुलना में वर्ष 2014–15 में रु0 24 लाख पर इस लागत तत्व में अनुमानित अत्यधिक वृद्धि का औचित्य बताएं। जैसाकि पहले बताया | (iii). वीपीटी रेल सेवाओं के लिए स्टॉफ विकास प्रभार वसूल करता रहा है बिना इस ओर ध्यान दिए कि ट्रेनें वीसीटीपीएल में आती हैं अथवा नहीं। 2013–14 के लिए प्रोद्भूत वास्तविक व्यय अद्यतन किए गए हैं। औसत लागत प्रति माह उनके स्टाफ के सीटीसी के परिवर्धन के |

| | | |
|---|---|---|
| | गया है, वर्ष 2013–14 में प्रोद्भूत वास्तविक व्यय, यदि कोई हो, अनुमानित आंकड़ों की बजाय लागत विवरण में अद्यतन किया जाना चाहिए। | आधार पर लगभग रु0 2 लाख है, इसलिए, तदनुसार अनुमान लगाया गया है। |
| | (ख). वीसीटीपीएल ने व्यय के इस शीर्ष के अधीन बांधना/खोलना, टैली प्रभार, प्रशीतन अनुवीक्षण, मैनपावर किराये पर लेना आदि जैसे व्यय शामिल किए बताया गया है। इस शीर्ष के अधीन सुविचारित व्यय की मदों के संबंध में विस्तृत गणनाएं भेजें। | विस्तृत गणनाएं भेजी गई हैं। |
| (viii). | तकनीकी सेवा शुल्क: | |
| | (क). जैसाकि पहले बताया गया है, प्रथम करार अवधि के लिए टीएसएफ अक्तूबर 2011 के पिछले प्रशुल्क आदेश में यथा निर्धारित रु0 15.70 लाख प्रतिवर्ष के प्रभाजित मूल्य पर सुविचारित किया जाना चाहिए। | वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक वीसीटीपीएल तथा डीपी वर्ल्ड एफजेडई के बीच प्रथम करार से संबंधित तकनीकी सेवा शुल्क (टीएसएफ) लागत विवरण में संशोधित कर रु0 15.70 लाख प्रतिवर्ष किया गया है। उपर्युक्त पूर्व पैरा ख (1) (iv) में यथा उल्लिखित, पूर्ववर्ती वर्षों के लिए निर्धारण आदेश व्यय की मद के रूप में इसे स्वीकार करते हुए प्राप्त किया गया है। अत:, वीसीटीपीएल एतद्द्वारा इस प्राधिकरण से अनुरोध करता है कि रु0 282.51 लाख की शेष राशि शेष बीओटी वधि की बजाय 2014–15 से 2016–17 के अगले तीन वर्षों में प्रभाजित किया जाए। |
| | (ख). वीसीटीपीएल द्वारा हस्ताक्षरित तकनीकी सेवा हेतु दूसरे करार के संबंध में, उपर्युक्त 1(iii) (ख) पर हमारे प्रश्नों में मांगे गए प्रासंगिक दस्तावेज भेजें। उसमें मांगे गए दस्तावेज भेजने के अधीन, दूसरे करार के संदर्भ में लागत विवरण में वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित तकनीकी सेवाशुल्क के प्रभाजन के संदर्भ में विस्तृत गणना भेजें। | वीसीटीपीएल तथा डीपी वर्ल्ड एफजेडई के बीच प्रथम करार से संबंधित टीएसएफ, वित्तीय वर्ष 2003–04 से आगे वित्तीय वर्ष 2008–09 तक व्यय की मद के रूप में स्वीकार किए गए थे। निर्धारण वर्ष 2004–05 से 2009–10 (संशोधित) के लिए निर्धारण आदेश भेजे गए हैं।<br><br>निर्धारण वर्ष 2010–11 के आयकर निर्धारण के दौरान, सीआईटी (क) ने निर्धारण वर्ष 2004–05 से 2009–10 तक प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में व्यय की मद के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। इसने अपने आदेश में निर्धारण वर्ष 2010–11 के लिए प्रासंगिक व्यय की अनुमति भी दी थी। प्रासंगिक आदेश भेजा गया है।<br><br>चूंकि तकनीकी शुल्क का प्रथम करार पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है, दूसरा करार भी व्यय की मद के रूप में स्वीकार किया जाएगा क्योंकि दोनों में निबंधन एवं शर्तें एक समान हैं तथा लेनदेन आर्म्स लैंथ पर हैं। निर्धारण वर्ष 2010–11 तथा 2011–12 के लिए निर्धारण भेजे गए हैं। निर्धारण वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के लिए निर्धारण आदेश अभी प्राप्त होने हैं।<br><br>आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 92ई फार्म 3सीईबी द्वारा प्रासंगिक लेखापरीक्षक के प्रमाणपत्र निर्धारण वर्ष 2010–11, 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 के लिए भेजे गए हैं।<br>चूंकि प्रथम करार प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में व्यय की मद के रूप में स्वीकार किया गया है, इसलिए हम प्राधिकरण से अनुरोध करते हैं कि इसे बीओटी अवधि की शेष अवधि के लिए इसे प्रभाजित करने की बजाय उसी वित्तीय वर्ष में पूर्णत: विस्तारित करने की अनुमति दी जाए।<br>प्रथम और द्वितीय दोनों करार के संदर्भ में तकनीकी सेवा शुल्क के प्रभाजन के संदर्भ में विस्तृत गणना भेजी गई है। |
| (ix). | प्रबंधन एवं सामान्य उपरिव्यय: | |
| | (क). एक्सल शीट "पी एंड एल डाटा" वर्ष 2012–13 वास्तविकताओं में रु0 285.50 लाख से वर्ष 2013–14 के लिए अनुमानों में रु0 1837.70 लाख अर्थात् 545 प्रतिशत की प्रशासनिक व्ययों में अत्यधिक वृद्धि की गई दर्शाती है। वर्ष 2013–14 में प्रशासनिक व्ययों में अनुमानित ऐसी अत्यधिक वृद्धि का औचित्य बताएं। जैसाकि पहले बताया गया है, अनुमानों को 2013–14 के वास्तविकताओं से अद्यतन किया जाना चाहिए। | वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक प्रशासनिक व्यय अद्यतन किया गया है। रु0 1334.33 लाख के वास्तविक व्यय में रु0 994.34 लाख की फोरेक्स हानि शामिल है। 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुानन 2013–14 के वास्तविक पर विचार करते हुए जमा फोरेक्स हानि के अतिरिक्त 6 प्रतिशत डब्ल्यूपीआई वाई ओ वाई किया गया है। |
| | (ख). प्रशासनिक व्ययों में सुविचारित व्यय की मदें प्रत्येक मद के मूल्य के साथ सूचीबद्ध की जाए। | प्रशासनिक व्ययों में सुविचारित व्यय की मदें सूचीबद्ध की गई हैं। |
| (x). | मूल्यह्रास: | |
| | (क). प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.7.1 के अनुसार, मूल्यह्रास कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंगीकृत जीवनकाल मानकों के साथ स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर अथवा रियायत करार में निर्धारित जीवनकाल प्रतिमानकों के आधार पर, जो भी अधिक हो, परिकलित किया जाना चाहिए। पुष्टि करें कि क्या मूल्यह्रास का परिकलन इस प्रशुल्क दिशानिर्देश प्रावधान के अनुसार है। | मूल्यह्रास कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंगीकृत जीवनकाल प्रतिमानकों के अनुसार स्ट्रेट लाइन पद्धति पर आधारित है। |
| | (ख). कम्पनी अधिनियम, 2013 कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा घोषित किया गया है। पुष्टि करें कि क्या वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित मूल्यह्रास दर कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों पर आधारित है। यदि हां, तो कम्पनी | वर्षवार अंगीकृत मूल्यह्रास दरें नीचे दी गई हैं:–<br>(i). लीज होल्ड भूमि सुधार ... 3.34% वार्षिक |

| | | |
|---|---|---|
| | अधिनियम 2013 में निर्धारित परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवनकाल के आधार पर मूल्यह्रास दर पर पहुंचने के तब के ब्योरे उक्त अधिनियम में प्रासंगिक प्रावधान का संदर्भ देते हुए दर्शाएं। | (ii). भवन ... 3.34% वार्षिक<br>(iii). संयंत्र तथा मशीनरी ... 10.34% वार्षिक<br>(iv). कार्यालय उपस्कर ... 33.33% वार्षिक<br>(v). कंप्यूटर ... 33.33% वार्षिक<br>(vi). फर्नीचर तथा फिक्सचर्स ... 6.33% वार्षिक<br>(vii). वाहन ... 9.50% वार्षिक<br>(viii). सॉफ्टवेयर्स ... 33.33% वार्षिक<br>मूल्यह्रास दर कम्पनी अधिनियम, 1956 के आधार पर अंगीकृत की गई है। कम्पनी अपने संयंत्र तथा मशीनरियों में प्रमुख घटकों की पहचान करने और उपयोगी जीवनकाल का अनुमान लगाने की कार्यवाही में है। चूंकि इसके लिए अंगीकृत की जाने वाल कार्यपद्धति पर एमसीए से अभी तक कोई दिशानिर्देश नहीं हैं, इसलिए इसने कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार मूल्यह्रास में जाने में समय लगाया है। |
| (6). | वित्तीय एवं विविध आय (एफएमआई): | |
| (i). | वित्त एवं विविध आय (एफएमआई) में प्रतिवेदित अचानक वृद्धि वर्ष 2011–12 में रु0 26.26 लाख से वर्ष 2012–13 में रु0 93.92 लाख जोकि प्रतिशत में 258 प्रतिशत परिगणित होता है, करने के कारण स्पष्ट करें। | 2012–13 के लिए एफएमआई में रु0 72.25 लाख का फोरेक्स लाभ शामिल है। |
| (ii). | वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष में रु0 25 लाख के एक समान स्तर पर एफएमआई का अनुमान लगाने का आधार स्पष्ट करें। | एफएमआई में कबाड़ की बिक्री, प्रवेश अनुज्ञापत्र, दंडात्मक ब्याज आदि शामिल हैं जोकि प्रकृति में बहुत ही कम हैं और इसलिए रु0 25 लाख प्रतिवर्ष एकमुश्त वर्षवार अनुमानित किए गए हैं। |
| (7). | वित्त एवं विविध व्यय (एफएमई): | |
| (i). | एक्सल शीट "पी एंड एल डाटा" से, यह देखा गया है कि वित्त एवं विविध व्यय (एफएमई) के शीर्ष के अधीन 'भविष्य निधि में अंशदान' से संबंधित व्यय पिछले वर्ष के वास्तविकताओं की अपेक्षा वर्ष 2013–14 के अनुमानों में 75 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्शाते हैं। तीव्र वृद्धि का औचित्य बताएं। | 'भविष्य निधि में अंशदान' से संबंधित वास्तविक व्यय संशोधित लागत विवरण में शामिल किए गए हैं। 2013–14 के दौरान वृद्धि कम्पनी नीति के अनुसार कर्मचारियों के वेतन ढांचों में संशोधन की वजह से है और इसलिए पहले की अपेक्षा अधिक पीएफ आधारित वेतन है। |
| (ii). | रु0 33.07 लाख का विदेशी मुद्रा नुकसान एफएमई शीर्ष के अधीन वर्ष 2016–17 में अनुमानित किया गया है। अनुमान हेतु गणना के साथ वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित विनिमय नुकसान की प्रकृति और परिस्थितियां स्पष्ट करें। | यह संशोधित लागत विवरण से हटाया गया है। |
| (8). | नियोजित पूंजी: | |
| (i). | लागत विवरण के फार्म 4क में दिए गए वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 हेतु सकल अचल परिसंपत्तियों के मूल्य, मूल्यह्रास, निवल अचल परिसंपत्ति मूल्य तत्संबंधी वर्षों के वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित सकल परिसंपत्ति मूल्य, मूल्यह्रास तथा निवल परिसंपत्ति मूल्य से मेल नहीं खाते हैं। अन्तर का समाधान किया जाना चाहिए। | सकल अचल परिसंपत्तियों, मूल्यह्रास तथा निवल प्रखंड का विस्तृत समाधान भेजा गया है। |
| (ii). | चूंकि वर्ष 2013–14 समाप्त हो चुका है, इसलिए सकल प्रखंड, मूल्यह्रास और अन्य संबंधित मदों में प्रस्तावित संवर्धन वास्तविकताओं से अद्यतन किए जाने चाहिएं। लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित आंकड़ों से इन आंकड़ों का मिलान भी करें। | संशोधित लागत विवरण में वास्तविक संवर्धन, मूल्यह्रास और अन्य संबंधित मदें अद्यतन की गई हैं। इन आंकड़ों का यथा उपर्युक्त समाधान भी किया गया है। |
| (iii). | वर्ष 2014–15 से 2016–17 में क्रमशः रु0 11.39 करोड़, रु0 8.45 करोड़ और रु0 5.70 करोड़ पर अनुमानित सकल प्रखंड में संवर्धन जारी किए गए आदेशों/बजटीय कोटेशनों की प्रतियों, किए गए अग्रिम भुगतानों के साक्ष्य आदि से प्रमाणित किए जाने चाहिएं। वर्ष 2014–15 से 2016–17 में सकल प्रखड के लिए प्रस्तावित प्रत्येक संवर्धन की वर्तमान स्थिति इन संवर्धनों की शुरूआत की संभावित तारीख दर्शाते हुए भेजें। | वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक सकल प्रखंड में संवर्धनों की वर्तमान स्थिति भेजी गई है। केपेक्स मूल्यों की प्रमुखता कोटेशनों के आधार पर योजनाबद्ध की गई है। तथापि, कुछ सिविल परिसंपत्तियां इन हाउस विकसित की जाएंगी और इसलिए इसके लिए अनुमान उपलबध करवाया गया है। सिविल, संयंत्र तथा मशीनरी, कंप्यूटर, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर तथा जुड़नार हेतु विस्तृत संशोधित केपेक्स भेजे गए हैं। इसका सार अनुवर्ती अनुच्छेदों में भी बताया गया है। |
| (iv). | (क). वीसीटीपीएल ने इस आधार पर वर्ष 2013–14 में रु0 2.52 करोड़ और वर्ष 2014–15 में रु0 4.13 करोड़ के संयंत्र तथा मशीनरी में अनुमानित संवर्धन अनुमानित किए गए हैं कि इसका भाग मौजूदा परिसंपत्तियों को अच्छी हालत में रखने के लिए कारोबार की नियमित प्रक्रिया के लिए है। यह अनुमान लगाया गया है कि प्रस्तावित केपेक्स का लाभ चालू प्रशुल्क चक्र के बाद जारी रहने की संभावना है। इस संबंध में लगाए गए अनुमान की पुष्टि करें। | 2013–14 में प्रोद्भूत वास्तविक पी एंड एम व्यय रु0 3.11 करोड़ है जिसे पूंजीकृत किया गया है और मूल्यह्रास कम्पनी अधिनियम, 1956 के अनुसार एसएलएम के अनुसार 10.34 प्रतिशत की दर से किया गया है। 2014–15 के लिए केपेक्स योजना भी इसी लाइन पर परिकल्पित की गई है। |
| | (ख). चूंकि वर्ष 2014–15 की छमाही पहले ही समाप्त हो चुकी है, इसलिए वीसीटीपीएल अपने द्वारा प्रस्तावित सकल प्रखंड में प्रत्येक संवर्धन पर वीसीटीपीएल द्वारा प्रोद्भूत वास्तविक केपेक्स दर्शाएं और इसे दस्तावेजी साक्ष्य द्वारा प्रमाणित करें। | सितम्बर 2014 को अनुमानित और प्रोद्भूत वास्तविक केपेक्स भेजा गया है।<br>[वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित ब्योरों से, यह देखा गया है कि वर्ष 2014–15 में रु0 1243.95 पर अनुमानित सकल प्रखंड में संवर्धन, वीसीटीपीएल ने 3 नवम्बर, 2014 के अपने जवाब के अनुसार रु0 317.44 लाख का कापेक्स प्रोद्भूत किया है।] |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग). वीसीटीपीएल ने मौजूदा 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र और वीपीटी से ली गई अतिरिक्त 15,000 वर्ग मीटर भूमि के चरणबद्ध विकास में रु0 1.16 करोड़, रु0 5.28 करोड़ और रु0 2.01 करोड़ का प्रस्ताव किया है। इस संबंध में, निम्नलिखित बिन्दु स्पष्ट करें:<br><br>(i). वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 (30 सितम्बर तक) में इस मद पर वीसीटीपीएल द्वारा प्रोद्भूत केपेक्स दर्शाएं।<br><br>(ii). पुष्टि करें कि वीपीटी से ली गई 15,000 वर्ग मीटर अतिरिक्त भूमि के विकास के लिए प्रस्तावित केपेक्स केवल इस परियोजना से संबधित है। प्रमाणित करें कि इसमें वीसीटीपीएल को सौंपी गई नया कंटेनर टर्मिनल (विस्तार) परियोजना से संबंधित कोई केपेक्स शामिल नहीं किया गया था।<br><br>(iii). सर्वोत्तम यार्ड क्षमता में सुविचारित भूमि स्लॉट वित्तीय वर्ष 2013–14 में 2160 टीईयू से वृद्धि कर वित्तीय वर्ष 2014–15 में 2520 टीईयू की गई है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित यार्ड की चरण–वार विकास के कारण यार्ड क्षमता में वृद्धि का प्रभाव लिया गया दिखाई नहीं देता है। वीसीटीपीएल उपर्युक्त टिप्पणी के आलोक में यार्ड क्षमता गणना की समीक्षा करे। | (i). 2013–14 तक प्रोद्भूत केपेक्स रु0 188.85 लाख है जोकि सीडब्ल्यूआईपी में पड़ी है और बही खातों में पूंजीकृत नहीं किया गया है। वर्ष 2014–15 के दौरान 30 सितम्बर 2014 तक प्रोद्भूत केपेक्स रु0 102.58 लाख है जोकि सीडब्ल्यूआईपी में है और सितम्बर 2014 तक पूंजीकृत नहीं किया गया है। रु0 291.43 लाख के ये सीडब्ल्यूआईपी अक्तूबर 2014 के दौरान पूंजीकृत किए जाएंगे।<br>(ii). वीपीटी से ली गई 15,000 वर्ग मीटर अतिरिक्त भूमि केवल वीसीटीपीएल–1 परियोजना के लिए है और कंटेनर टर्मिनल विस्तार परियोजना (वीसीटी–2) के लिए नहीं है।<br>(iii). टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसार, टीजीएस निम्न के लिए परिकलित किया गया है:<br>(क). वित्तीय वर्ष 2013–14 है 2160 अर्थात् 360 टीईयू प्रति हैक्टेयर x 6 हैक्टेयर।<br>(ख). वित्तीय वर्ष 2014-15, विकसित किए गए अतिरिक्त क्षेत्र पर विचार करते हुए, टीजीएस 2412 है अर्थात् 360 टीईयू प्रति हैक्टेयर x 6.7 हैक्टेयर।<br>(ग). वित्तीय वर्ष 2015–16, टीजीएस के शेष उपलब्ध क्षेत्र के विकास के बाद, टीजीएस 2520 है अर्थात् 360 प्रति हैक्टेयर x 7 हैक्टेयर।<br><br>वर्ष 2011–12 के लिए परिगणित क्षमता 2,48,500 टीईयू है जोकि घाट क्षमता (2,48,500 टीईयू) और यार्ड क्षमता (3,54,000 टीईयू) का न्यूनतम है। वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 के लिए सर्वोत्तम क्षमता संशोधित कर टीएएमपी दिशानिर्देशों के आधार पर, क्रमशः 3,95,500 टीईयू और 4,13,00 टीईयू की गई है।<br><br>वीसीटीपीएल ने वर्षवार उपलब्ध अपनी वास्तविक टीजीएस के आधारपर अपनी क्षमता की गणना भी की है। दो पद्धतियों में क्षमता गणना लगभग एकसमान परिगणित होती है। |
| (v). | फार्म 4ख में वीसीटीपीएल ने सामान्य तौर पर यह कहा है कि सकल प्रखड में प्रस्तावित विभिन्न संवर्धन समग्र कुशलता में सुधार करने के लिए, वर्धित यातायात की पूर्ति करने के लिए भंडारण क्षमता में वृद्धि आदि के लिए है। वीसीटीपीएल वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान प्रस्तावित निवेशों के संदर्भ में प्रचालनात्मक कुशलता में इकाई प्रचालन लागत अथवा किसी सुधार में कटौती, क्षमता में किसी भी प्रकार से किए गए निवेश, अतिरिक्त यातायात/कारोबार प्रमाणित करे। | यार्ड विकास में निवेश के परिणामस्वरूप 49,000 टीईयू की अतिरिक्त वार्षिक क्षमता बढ़ेगी। अन्य केपेक्स एलए में परिकल्पित समग्र उत्पादकता अर्जित करने के लिए मौजूदा परिसंपत्तियों को अच्छी स्थिति में रखने का प्रस्ताव किया गया है। |
| (vi). | यह पुष्टि करें कि प्रत्येक वर्ष में सम्पूर्ण व्यय बही खातों में पूंजीकृत किया जाएगा और समान राशि की परिसंपत्ति कीमत भी बिल्कुल उसी वर्ष में प्रचालन के लिए भौतिक रूप से उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में, यह ध्यान में रखा जाए कि प्रगतिधीन कार्य पूंजी को प्रतिलाभ स्वीकृत करने के प्रयोजन के लिए नियोजित पूंजी हेतु गिनती नहीं किया गया है। | बही खातों में सीडब्ल्यूआईपी पूंजीकृत नहीं किए गए हैं और केवल उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियां ही बही खातों में पूंजीकृत की जाएंगी। |
| (vii). | पुष्टि करें कि वर्ष 2014–15 से 2016–17 में सकल प्रखंड हेतु संवर्धनों पर मूल्यह्रास, बीमा तथा मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत शुरूआत की संभावित तारीख से यथानुपात आधारपर अनुमानित किए गए हैं। | मूल्यह्रास, बीमा तथा आर एंड एम व्यय संभावित पूंजीकरण तारीख के आधारपर अनुमानित किए गए हैं। |
| (9). | कार्य पूंजी: | |
| (i). | प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.9.9 कार्य पूंजी का अनुमान लगाने के लिए दो महीनों की संपदा आय एवं रेलवे टर्मिनल प्रभारों पर विविध देनदारियों का अनुमान लगाने के लिए प्रतिमानक विनिर्दिष्ट करता है। एक माह के कुल राजस्व पर वीसीटीपीएल द्वारा विविध देनदारियों का अनुमानन दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार नहीं है। | दिशानिर्देशों का प्रासंगिक खंड वीसीटीपीएल के लिए प्रासंगिक नहीं है। वीसीटीपीएल द्वारा विविध देनदारियों का अनुमानन रूझानों के आधार पर किया गया है। अतः, एक माह हेतु कुल राजस्व कार्यगत पूंजी अनुमानन हेतु सुविचारित करें। |
| (ii). | वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित भंडारों तथा पुर्जों का उपभोग वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 के लिए रु0 130.83 लाख तथा रु0 174.18 लाख है। तथापि, फार्म 4क क्र.सं. (VII) पर निर्दिष्ट वास्तविक वस्तुसूची उपभोग वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित आंकड़ों से मेल नहीं खाता है। वीसीटीपीएल अन्तर का मिलान करे। | वार्षिक लेखों में निर्दिष्ट वस्तुसूची उपभोग में ईंधन लागत शामिल है। तथापि, फार्म 4क में इसे शामिल नहीं किया गया है। विस्तृत समाधान भेजा गया है। |
| (iii). | फार्म 4क दर्शाता है कि वर्ष 2011–12 से 2013–14 में निर्दिष्ट वास्तविक वस्तुसूची आंकड़े प्रतिमानकों के अनुसार स्वीकृतियोग्य वस्तुसूची रूप में सुविचारित किए गए हैं। वीसीटीपीएल 2005 दिशानिर्देशों के खंड 2.9.9 में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार स्वीकृतियोग्य वस्तुसूची (ईंधन एवं कस्टमाइज किए गए पुर्जे अतिरिक्त) निर्धारित करे। | कृपया उपर्युक्त का अवलोकन करें। |
| (iv). | उपस्कर चालन लागत, प्रबंधन एवं प्रशासनिक उपरिव्यय तथा अन्य व्ययों से संबंधित 15 दिनों के व्यय पर वीसीटीपीएल द्वारा मौजूदा देयताओं पर सुविचारित मौजूदा देयताएं अन्य प्रशुल्क मामलों में अनुसरित दृष्टिकोण के | वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित मौजूदा देयताओं में मांग पर पुनर्भुगतान किए जाने योग्य ऋण, ब्याज प्रोद्भूत सांविधिक देयताएं आदि को प्रचालन लागत के संबंध में मौजूदा देयताओं पर पहुंचने से अलग रखा गया है। 2011–12 से 2013–14 के लिए ब्योरे संलग्न किए गए हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| | अनुसार नहीं है। वार्षिक लेखों में यथा प्रतिवेदित मौजूदा देयताएं पिछली अवधि के लिए सुविचारित करें। परिणामस्वरूप, वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए अनुमान 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर संशोधित किए जाएं। | 2014–15 से 2016–17 के लिए, प्रचालन लागत के अनुपात में, 15 दिनों के लिए मौजूदा देयताएं फार्म 4क में तदनुसार पूर्वानुमानित की गई हैं। |
| (v). | **फार्म 6 – कुशलता लाभ सुधार का विश्लेषण**<br><br>फार्म 6 में क्रमांक सं.–2 में प्रेषित लागत बचतों का आधार और वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 में वीसीटीपीएल द्वारा दावाकृत क्रमशः रु0 6.74 लाख, रु0 45.53 लाख तथा रु0 18.07 लाख का कुशलता लाभ, और वर्ष 2014–15 से 2016–17 में अनुमानित रु0 23.45 लाख स्पष्ट नही है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए बिजली तथा डीजल की प्रति इकाई परिवर्तनीय लागत स्वीकृति–योग्य वृद्धि से अधिक वृद्धि दर्शाती है। इस रूप में वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित ब्योरे वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए परिवर्तनीय लागत में कटौती स्थापित नहीं करते हैं। वीसीटीपीएल पिछले प्रशुल्क आदेश के साथ संलग्न अनुबंध–1 में अनुसरित दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए कुशलता लाभ की गणना भेजें तथा स्थापित करें कि इकाई दर में कटौती कुशलता की वजह से अर्जित की गई है। इस प्रयोजन के लिए, वीसीटीपीएल पिछले प्रशुल्क चक्र के दौरान प्रोद्भूत वास्तविक परिवर्तनीय लागत की तदनुरूपी मदों के साथ पिछले प्रशुल्क आदेश द्वारा आच्छादित 2011–12 से 2013–14 अवधि के दौरान प्रासंगिक लागत मदों की तुलना करें और समावेशित रूप से स्थापित करें कि प्रति टन लागत में बचतें, यदि कोई अर्जित की गई हों, उत्पादकता/कुशलता में सुधार की वजह से है। | 2011–12 से 2013–14 तक कुशलता लाभ पिछले टीएएमपी आदेश के अनुसार संशोधित किया गया है और भेजा गया है। |
| ग. | दरमान | |
| (1). | अनुसूची 2 सामान्यः<br><br>टिप्पणी (iii) (ख) के अधीन निर्धारित दंडात्मक ब्याज की दर को प्रशुल्क दिशानिर्देशों में प्रावधानों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक की प्रचलित प्रधान उधार दर जमा 2 प्रतिशत से अद्यतन करें, यदि जरूरत हो। | एसबीआई की अद्यतन संशोधित पीएलआर 14.75 प्रतिशत है। इसलिए, टिप्पणी (iii) (ख) में निर्धारित दंडात्मक ब्याज दर को अद्यतन कर 16.75 प्रतिशत वार्षिक किया गया है। |
| (2). | अनुसूची 1.2 – पोतांतरण कंटेनर का प्रहस्तनः | |
| (i). | जब अन्य मदों हेतु प्रशुल्क में 22.90 प्रतिशत तक वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव किया गया है तब पोतांतरण कंटेनरों हेतु प्रहस्तन प्रभार में 15.17 प्रतिशत तक कटौती प्रस्तावित किए जाने के कारण स्पष्ट करें। | पूर्ववर्ती पैरा में यथा स्पष्ट, वीसीटीपीएल में मौजूदा टी/एस दर 71 अमेरिकी डॉलर है। यहां पर प्रचलित दर सिंगापुर तथा कोलम्बो के निकटतम पत्तनों की अपेक्षा अधिक है। वीसीटीपीएल में 16 मीटर का प्राकृति ड्राबाव है जोकि देश में महापत्तनों के बीच सबसे गहरा है ताकि भारत के पूर्वी तट के केन्द्र में होने का स्थानिक लाभ है, भारत सरकार ने राष्ट्रीय मेरीटाइम विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) के अनुसार पूर्वी तट में विजाग को कंटेनर पोतांतरण पत्तन के रूप में घोषित किया है। ऊपर उल्लिखित विदेशी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और विजाग में पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए, हमने 20' कंटेनर के लिए रु0 3,720/– (अ.डा. 60/–) और 40' कंटेनर के लिए रु0 5,580/– (अ.डा. 90/–) के मौजूदा प्रशुल्क स्तर से पोतांतरण दर को कम करने का प्रस्ताव किया है। पोतांतरण कंटेनरों के एक लैग में 40 प्रतिशत कटौती के बाद लागत और नीचे जाएगी। अतिरिक्त यातायात शुरूआत में 20000–22000 टीईयू के लिए होगा और सम्पूर्ण वार्षिकीकृत 80000–90000 टीईयू भी पत्तन द्वारा बनाए रखा जा सकता है और मेन लाइन पोतों को आकर्षित कर सकता है।<br><br>पोतांतरण प्रशुल्क में कटौती बड़े पार्सल आकार के पोतों को आकर्षित करेगी, नए मेन लाइन पोतों/सेवा को आकर्षित करेगी क्योंकि स्थानीय कार्गो बहुत तेजी से नहीं बढ़ाया जा सकता और यह पोतांतरण कार्गो है जोकि विजाग में आने वाले वर्षों में बढ़ेगा। इससे स्वस्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और कंटेनरों की अन्य श्रेणियों हेतु मालभाड़ा दरों में कटौती होगी। स्वतः ही, सम्पूर्ण ट्रेड इस प्रोत्साहन का लाभ अर्जित करेगा।<br><br>पड़ोसी पत्तन प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, वीसीटीपीएल अपने प्रशुल्क में कटौती करते हुए कंटेनरों की इस श्रेणी को आकर्षित करना चाहता है और इसलिए इसे अपने अनुमान में 80000–90000 टीईयू प्रतिवर्ष की हिस्सेदारी रखी है। |
| (ii). | वीसीटीपीएल द्वारा कही गई बात के संदर्भ में, प्रशुल्क में प्रस्तावित कटौती कार्गो आकर्षित करने के लिए है, पोतांतरण कंटेनर हेतु प्रशुल्क में प्रस्तावित कटौती के मद्देनजर प्रहस्तित किए जाने के लिए संभावित अतिरिक्त यातायात दर्शाता है। विस्तृत गणनाओं के साथ प्रस्तावित कटौती की राजस्व विवीक्षाएं भेजें। | जैसाकि ऊपर स्पष्ट किया गया है, मौजूदा पोतांतरण मात्रा टर्मिनल द्वारा बनाए रखी जा सकती है यदि प्रशुल्क में छूट दी जाती है, अन्यथा धीरे–धीरे वीसीटीपीएल अपने प्रतिस्पर्धियों से टी/एस मात्रा खो सकता है। राजस्व पर नकारात्मक प्रभाव वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 में क्रमशः रु0 11.37 करोड़, रु0 11.99 करोड़, रु0 12.61 करोड़ होगी जैसाकि लागत विवरण में उल्लेख किया गया है। |
| (3). | अन्य प्रशुल्क मदों में मांग की गई 22.90 प्रतिशत की अक्रास द बोर्ड वृद्धि के विपरीत क्र.सं. 16 (अनुसूची 1.9 अतिरिक्त प्रभार के अधीन गैंगवे उपलब्ध | पूर्व प्रस्ताव के अनुसार, अनुसूची 1.9 के अधीन गैंगवे उपलब्ध करवाने के लिए 5.17 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार हेतु प्रशुल्क वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह 22.90 प्रतिशत के |

| | | |
|---|---|---|
| | करवाने हेतु प्रभार) हेतु कम स्तरपर प्रशुल्क वृद्धि अर्थात् 5.17 प्रतिशत प्रस्तावित करने के कारण स्पष्ट करें। | समान स्तर पर ही प्रस्तावित किया गया था। तथापि, 2013–14 के वास्तविक आंकड़ों को शामिल करने के बाद, लागत विवरण संशोधित किया गया है और तदनुसार, यह प्रशुल्क मद समान दर पर प्रस्तावित की गई है जैसा अन्य प्रशुल्क मदों के मामले में है। |
| (4). | **<u>अनुसूची 2.4. – पोतों (एनसीवी) द्वारा टर्मिनल सुविधाओं के उपयोग हेतु प्रभार:</u>**<br><br>विभिन्न पोत आकार हेतु भिन्न–भिन्न प्रतिशत वृद्धि अर्थात् 10,001 से 30,000 जीआरटी के पोतों हेतु 20 प्रतिशत वृद्धि, तथा अन्य प्रशुल्क मदों में मांग की गई 22.90 प्रतिशत के विपरीत 25,000 जीआरटी से अधिक के पोतों हेतु 25 प्रतिशत वृद्धि अन्य प्रशुल्क मदों में मांग की गई है। | विभिन्न आकार के बल्क पोत हेतु भिन्न दर पर वृद्धि का प्रस्ताव नहीं किया था। समग्र वृद्धि संशोधित लागत विवरण में प्रस्तावित समान दर पर है। |

6. इस मामले में संयुक्त सुनवाई 7 अक्तूबर 2014 को वीपीटी परिसर में आयोजित की गई थी। वीसीटीपीएल ने अपने प्रस्ताव का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण पेश किया था। संयुक्त सुनवाई में, वीसीटीपीएल, वीपीटी और संबद्ध उपयोक्ताओं/संगठन निकायों ने अपने निवेदन प्रस्तुत किए थे।

7.1. पिछले 6 महीनों में हुए विकास को मद्देनजर रखते हुए, और पिछला प्रशुल्क चक्र अर्थात् वित्तीय वर्ष 2013–14 की समाप्ति के बाद, वीसीटीपीएल ने अपने पत्र दिनांक 3 नवम्बर 2014 द्वारा पूंजी व्यय अनुमानन में किए गए कुछ बदलावों को संप्रेषित किया है, जिन्हें नीचे सारबद्ध किया गया है:–

**(क).** सिविल परिसंपत्तियां:

(i). **रॉक बन्द:**

**<u>वर्ष</u>** <u>2014-15</u>

पूर्वी एंड और सीसीआर एंड के निकट दोनों रॉक बन्द ढांचे हवाओं के थपेड़ों से बचाव के लिए अधिक प्रभावी बनाने के लिए दोबारा तैयार किए जाने की जरूरत है, अन्यथा, समुद्री पानी अन्दर आ सकता है और यार्ड को नुकसान पहुंचा सकता है। 2014–15 के दौरान अनुमानित पूंजी व्यय रु0 36 लाख है।

(ii). कंटेनर यार्ड दोबारा बिछाना (4000 वर्ग मी.):

टर्मिनल में कंटेनर यार्ड (4000 वर्ग मी.) लदे हुए कंटेनरों की स्टेकिंग और भारी उपस्कर आवागमन के लिए मजबूत नहीं है। यह क्षेत्र वहां पर कम हुए उपस्कर आवागमन के साथ खाली कंटेनरों की स्टेकिंग करने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। प्रचालन के लिए आरटीजीसी की तैनाती पर विचार करते हुए उपस्कर आवागमन की लदाई के लिए उपर्युक्त क्षेत्र को मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है। अत:, रु0 180 लाख का अतिरिक्त पूंजी व्यय 2014–15 के दौरान अनुमानित किया गया है।

**(ख).** संयंत्र तथा मशीनरी:

**<u>वर्ष</u>** <u>2015-16</u>

(i). आरएमक्यूसी–1 और आरएमक्यूसी–2 का प्रमुख अपग्रेडेशन:

मौजूदा दो पुरानी आरएमक्यूसी 30 साल पुरानी हैं। पुर्जों की अनुपलब्धता की वजह से इसे अपग्रेड करने की जरूरत है। इसे नवीनतम मद जैसे डिजीटल ड्राइव, प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी), एब्सोल्यूट एनकोडर्स, सेंसर्स, ऑपरेटर केबिन, कंट्रोल पैनल, न्यू जॉय स्टिक, लोड सैल सिस्टम और रिमोटली एक्सेसेबल क्रेन मेनेजमेंट सिस्टम (आरसीएमएस) के साथ मौजूदा मदों को बदले जाने की जरूरत है। चूंकि परिसंपत्ति का तत्काल पुर्नस्थापन संभव नहीं है, इसलिए दोनों क्यूसी के लिए रु0 539 लाख की लागत से अपग्रेड करने की योजना है। हालांकि यह कार्य वर्ष 2014–15 के दौरान शुरू होना है, हम इसे 2015–16 तक पूंजीकृत करने का प्रस्ताव करते हैं। इसे नए आरएमक्यूसी से बदले जाने के समय यह बेहतर साल्वेज भी देगा।

(ii). सौर संयंत्र 200 केडब्ल्यू का संस्थापन:

हमारे पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, ग्रिड सौर प्रणाली से जुड़े हमारे कुल लोड का भाग प्राप्त करने का प्रस्ताव किया है जिसे कार्बन फुट प्रिंट में सुधार करने में हमें सहायता मिलेगी। इससे परंपरागत ऊर्जा लागत में भी कटौती सुनिश्चित होगी।

(iii). आरटीजीसी के लिए सीपीआईएस और डीजीपीएस (6 सं.):

समीपवर्ती आरटीजी ट्रैकों के बीच उपलब्ध बहुत कम रास्ते पर विचार करते हुए, आरटीजी के कोलाइजन पर उच्च जोखिम वाले आरटीजी के मैनुअल स्टियरिंग और उनके अनुवर्ती ढांचागत नुकसान हैं। इससे बचने के लिए, सभी 6 आरजीटी में सेटेलाइट आधारित डीजीपीएस (डिफ्रेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) कार्यान्वित करने की योजना बनाई गई है जिससे आरटीजी को ऑटो स्टियर में मदद मिलेगी और इस डीजीपीएस को प्रत्येक कंटेनर को टीओएस में अद्यतन करने की स्थिति प्राप्त करने के लिए कंटेनर पोजिशन इंडिकेशन सिस्टम (सीपीआईएस) कार्यान्वित किया जाएगा।

अनुमानित पूंजी व्यय 2015–16 में प्रोद्भूत किया जाने वाला रु0 75 लाख प्रति आरटीजी है।

(iv). मोबाइल प्वाइंट्स के साथ रीफर प्लेटफार्म:

वीसीटीपीएल के माध्यम से रीफर यातायात लगातार बढ़ता रहा है। पिछले 3 वर्षों के दौरान वीसीटीपीएल में प्रहस्तित रीफर कंटेनर मात्राओं के ब्योरे नीचे दर्शाए गए हैं:–

| वर्ष | टीईयू | भिन्नता |
|---|---|---|
| 2011-12 | 7,189 | |
| 2012-13 | 9,443 | 31% |
| 2013-14 | 12,401 | 31% |

प्रशीतन यातायात में बढ़ोतरी के साथ, विशेष दिनों को टर्मिनल के भीतर वस्तुसूचियों ने अतिरिक्त प्लग प्वाइंटों की अपेक्षा को बढ़ा दिया है। मोबाइल प्लगों के साथ अस्थायी व्यवस्थाएं ऐसी परिस्थितियों में व्यवस्थित की गई थीं और दीर्घावधि में यह सफाइस नहीं होगा। रीफर कंटेनरों की मॉनीटरिंग करने के लिए प्लेटफार्म टाइप सैटअप के साथ अतिरिक्त रीफर प्लग प्वाइंटों (108 सं.) का प्रस्ताव किया है। 2015–16 के दौरान रु0 183.60 लाख का पूंजी व्यय अनुमानित किया गया है।

(v). रीच स्टेकर बदलना:

वीसीटीपीएल के पास 2 लदे हुए तथा 2 खाली रीच स्टेकर हैं जोकि 11 वर्ष से अधिक पुराने हैं। यार्ड कुशलता में सुधार करने के लिए और बेहतर स्टेकिंग विकल्प, इसे 2015–16 के दौरान नए से बदलने का प्रस्ताव किया गया है। नए रीच स्टेकरों की लागत पुराने रीच स्टेकरों की कबाड़ कीमत पर विचार करने के बाद रु0 293 लाख प्रत्येक पर अनुमानित किया गया है।

(vi). **आरटीजीसी बदलना:**

<u>वर्ष 2016-17</u>

वीसीटीपीएल के पास 2 पुरानी आरटीजीसी हैं जोकि 22 से 24 वर्ष पुरानी हैं:–

| क्र.सं. | मेक | क्षमता | उत्पादन वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | आईएचआई | 30.5 मी.ट. | 1990 |
| 2 | मितसुइ–पेशियो | 40.6 मी.ट. | 1992 |

यातायात में वृद्धि के साथ, इन उपस्करों पर कार्य बोझ बढ़ा है और बारंबार खराबी आई है जिससे प्रचालनात्मक गतिविधियां प्रभावित कर रही हैं। यह देखा जाए कि चूंकि ये क्रेनें 22 वर्ष पुरानी हैं, इसलिए इन उपस्करों का कुशलतापूर्वक चालन करने के लिए महत्वपूर्ण पुर्जे प्राप्त करने में मुश्किल होगी। इसलिए, 2 पुरानी आरटीजीसी को 2016–17 अवधि के दौरान 2 नए से बदलने का प्रस्ताव किया है।

इसके अलावा, वीसीटीपीएल 2016–17 के दौरान 2 और नई आरटीजीसी खरीदना चाहता है। वीसीटीपीएल को यार्ड साइड में कुशल प्रहस्तन के लिए 12 यार्ड उपस्करों की आवश्यकता है। यह परिवर्तन 2016–17 के दौरान योजनाबद्ध किया गया है जब टर्मिनल का विस्तार किया

जाता है। यह नए कंटेनर टर्मिनल के लिए उस खरीद के साथ क्रेन निर्माताओं से उपस्कर खरीद में बेहतर डील प्राप्त करने के लिए किया गया है।

(vii) पुरानी आरएमक्यूसी बदलना:

**वर्ष 2016-17 और 2017-18**

वीसीटीपीएल ने पास 2003 की शुरूआत से ही प्रचान के लिए 2 पुरानी घाट क्रेनें तैनात की थी। इन क्रेनों के ब्योरे नीचे दिए गए हैं:–

| क्र.सं. | मेक | क्षमता | उत्पादन वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | एनकेके | 35. मी.ट. | 1987 |
| 2 | मित्सुबिशी | 35.6 मी.ट. | 1984 |

जैसाकि देखा जा सकता है ये क्रेनें 30 वर्षों से अधिक पुरानी हैं और बड़े आकार के पोतों का प्रहस्तन करने में असमर्थ हैं। ये सीमाएं प्रायः पोत पर समग्र प्रचालनात्मक कार्यनिष्पादन को प्रभावित करती हैं। इसलिए, एक आरएमक्यूसी 2016–17 में और दूसरा 2017–18 में आधुनिक घाट क्रेन, जोकि बड़े कंटेनर पोतों का प्रहस्तन करने में समर्थ है, से बदलने की योजना बनाई गई है, जिसके द्वारा वर्तमान में उत्पादकता स्तर बने रहते हैं। वीसीटीपीएल ने 2012 के दौरान प्रचालन के लिए 02 घाट क्रेनें तैनात की हैं और 02 पुरानी घाट क्रेनों को 2 नई क्रेनों से बदलने के साथ, वित्तीय वर्ष 2017–18 तक पोत प्रचालन के लिए 4 घाट क्रेनें होंगी।

इस परिवर्तन की योजना 2016–17 तथा 2017–18 के दौरान बनाई गई थी जब टर्मिनल का विस्तार हुआ था। यह परिवर्तन उस समय क्रेन निर्माता से उपस्कर खरीद में बेहतर डील भी सुनिश्चित करता है जब वीसीटीपीएल को नई परियोजना के लिए नए उपस्करों की खरीद करनी थी।

**(ग)** सूचना एवं प्रौद्योगिकी:

वर्ष 2016–17

टर्मिनल ऑटोमेशन प्रणाली: टर्मिनल ऑटोमेशन प्रणाली का मुख्य प्रयोजन इसकी कुशलता तथा प्रभावशीलता में वृद्धि करते हुए मौजूदा प्रणाली को बढ़ाना तथा अपग्रेड करना है। सॉफ्टवेयर ऑटोमेटिड गेट प्रचालन प्रणाली से मौजूदा मैन्युअल प्रणाली को बदलते हुए गणना पद्धतियों में सुधार करता है।

गेट ऑटोमेशन प्रणाली के आकर्षणों में शामिल हैं:

- रियल टाइम ट्रक पहचान, पहुंच नियंत्रण और स्थान ट्रैकिंग
- कंटेनर पहचान
- ड्राईवर पहचान तथा सत्यापन
- सील जांच

सख्त सुरक्षा विनियमों तथा दस्तावेजी अपेक्षाओं से प्रायः मरीन की समग्र उत्पादकता और इंटरमाडल टर्मिनल गेटों को शामिल करते हुए लॉजिस्टिकल प्रवाह काफी प्रभावित होता है। गेट ऑटोमेशन प्रणाली का क्रियान्वयन वाहनों की वर्धित दृश्यता, मौजूदा टर्मिनल आईटी अवसंरचना की अभिन्नता से सामग्रियों और लॉजिस्टिकल कार्यवाहियों के माध्यम से प्रचालनात्मक नियंत्रण और कार्मिक सुरक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए है।

अतः रु0 119.34 लाख का पूंजी व्यय 2016–17 में प्रोदभूत किए जाने की योजना है।

7.2. उपर्युक्त के अलावा, वीसीटीपीएल ने बताया है कि वर्ष 2014–15 के लिए कंटेनर यातायात वैश्विक मंदी, रुपए मूल्य के मूल्यह्रास और हुद हुद चक्रवात प्रभाव की वजह से बहुत गिरा है। दिसम्बर 2014 को प्रहस्तित मात्रा (2013–14 के दिसम्बर तक 1,99,414 टीईयू की मात्रा के विपरीत) 1,87,880 टीईयू है और इस प्राधिकरण को हमारे पूर्व प्रस्तुति में पूर्वानुमानित 2,75,000 टीईयू के विपरीत (वित्तीय वर्ष 2014–15 में लगभग) 2,51,000 टीईयू को छूने की उम्मीद है।

7.3. वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित सकल प्रखंड में संशोधित संवर्धनों का सार नीचे दिया गया है:–

(रु0 लाखों में)

| विवरण | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड और डब्ल्यूएस के निकट यार्ड) | 712.93 | 312.31 | - | 1025.24 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 464.34 | 2360.61 | 7416.62 | 10241.57 |
| सिविल परिसंपत्तियां | 135.15 | | | 135.15 |
| आईटी | 144.12 | 250.53 | 50.57 | 445.22 |
| कार्यालय उपस्कर | 99.85 | -- | 10.00 | 109.85 |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | 5.00 | 5.00 | 5.00 | 15.00 |
| कुल | **1561.39** | **2928.45** | **7482.19** | **11972.03** |

7.4. वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित ब्योरों से मुख्य केपेक्स ड्राउन की वर्षवार मौजूदा स्थिति नीचे सारबद्ध की गई है:–

**वर्ष 2014–15 के लिए**

| विवरण | राशि | स्थिति/अनुमानों हेतु आधार |
|---|---|---|
| **अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड और डब्ल्यूएस के निकट यार्ड)** | **712.93** | |
| (ii) कंटेनर यार्ड बिछाना (लगभग 4000 वर्ग मी.) | 180.00 | अनुमान |
| (iii) ओएनजीसी यार्ड | 291.43 | पहले ही पूंजीकृत किया गया है |
| (iv) नई वर्कशाप के निकट यार्ड | 120.75 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| (v) नई सीसीआर के निकट यार्ड | 120.75 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| | | |
| **संयंत्र तथा मशीनरी** | **464.34** | |
| (i) उत्पादन अनुशंसित प्रक्रिया के अनुसार ढांचागत निरीक्षण | 200.00 | अनुमान |
| (ii) ऊर्जा अनुवीक्षण प्रणाली, ईंधन ब्राउजर | 104.34 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| (iii) कंटेनर भारतोलन, डीजी–01, डीजल अनुवीक्षण प्रणाली, आदि | 160.00 | अनुमान |
| **सिविल परिसंपत्ति** | **135.15** | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| **आईटी** | **144.12** | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| **कार्यालय उपस्कर** | **99.85** | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| **फर्नीचर तथा जुड़नार** | **5.00** | अनुमान |
| | | |
| **कुल पूंजी व्यय** | **1561.40** | |

**वर्ष 2015–16 के लिए**

| विवरण | राशि | स्थिति/अनुमानों हेतु आधार |
|---|---|---|
| **अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड और डब्ल्यूएस के निकट यार्ड)** | **312.31** | |
| | | |
| **संयंत्र तथा मशीनरी** | **2360.61** | |
| (i) मौजूदा खराब चीजों जैसे डिजीटल ड्राइव, प्रोग्रामेबल लोजिक कंट्रोलर (पीएलसी), एब्सोल्यूट एनकोडर्स, सेंसर्स, आपरेटर केबिन, कंट्रोल पैनल, नई जाय स्टिक, लोड सैल सिस्टम और क्यूसी 1 और क्यूसी 2 में अद्यतन मदों के साथ रिमोट से चलने वाली क्रेन प्रबंधन प्रणाली बदलना। | 539.03 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| (ii) 200 केडब्ल्यू के लिए सौर संयंत्र | 164.35 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| (iii) मोबाइल फायर टेंडर, आरटीजीसी मदों हेतु डीजीपीएस तथा सीपीआईएस आदि, आनलाइन अनुवीक्षण प्रणाली। | 250.00 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| (iv) स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण | 13.50 | अनुमान |
| (v) प्रचालनात्मक उपस्कर | 1393.73 | अनुमान |
| | | |
| आईटी | **250.53** | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | **5.00** | अनुमान |
| | | |
| कुल पूंजी व्यय | **2928.45** | |

**वर्ष 2016–17 के लिए**

| विवरण | राशि | स्थिति |
|---|---|---|
| संयंत्र एवं मशीनरी | **7416.62** | |
| 1 आरएमक्यूसी तथा 2 आरटीजीसी बदलना, 2 नई आरटीजीसी और इलैक्ट्रिकल संस्थापन | 7116.62 | अनुमान |
| आरटीजीसी हेतु सीपीआईएस और डीजीपीएस (75 लाख X 6) | 300.00 | अनुमान |
| | | |
| आईटी | **50.57** | अनुमान और कोटेशन प्रस्तुत किए गए हैं |
| **कार्यालय उपस्कर** | **10.00** | अनुमान |
| **फर्नीचर तथा जुड़नार** | **5.00** | अनुमान |
| | | |
| **कुल पूंजी व्यय** | **7482.19** | |

7.5. जैसाकि पहले बताया गया है, वीसीटीपीएल ने 2013–14 के वास्तविकताओं के साथ लागत विवरण को अद्यतन किया है और वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमान संशोधित किए हैं तथा संशोधित लागत विवरण भेजा है। वीसीटीपीएल द्वारा अपने पत्र दिनांक 3 नवम्बर 2011 के कवर के अधीन दाखिल किए गए संशोधित लागत विवरणों के सापेक्ष दिसम्बर 2013 के अपने मूल प्रस्ताव में प्रेषित लागत विवरण के अनुसार वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वित्तीय/लागत स्थिति की तुलनात्मक स्थिति दर्शाते हुए विवरण नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:–

(रु0 लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | 23 दिसम्बर, 2013 का मूल प्रस्ताव | | | 3 नवम्बर, 2014 का अद्यतन प्रस्ताव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमान | | | अनुमान | | |
| | | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
| (i) | यातायात (टीईयू में) | 275,000 | 290,000 | 305,000 | 275,000 | 290,000 | 305,000 |
| (ii) | कुल प्रचालन आय | 7719.16 | 8131.51 | 8543.79 | 8,571.75 | 9,014.14 | 9,459.96 |
| (iii) | कुल प्रचालन लागत (मूल्यह्रास, प्रबंधन उपरिव्यय और एफएमआई–एफएमई) | 7664.95 | 8127.08 | 8888.80 | 7515.52 | 8265.79 | 9811.99 |
| (iv) | नियोजित पूंजी | 11968.15 | 11180.67 | 10093.56 | 12764.49 | 13805.06 | 18656.05 |
| | ब्याज और टैक्स से पहले निवल अधिशेष | 54.21 | 4.43 | (345.01) | 1,056.23 | 748.35 | (352.03) |
| (v) | आरओसीई | 1914.90 | 1788.91 | 1614.97 | 2042.32 | 2208.81 | 2984.97 |
| (vi) | **निवल अधिशेष/(घाटा)** | (1860.70) | (1784.47) | (1959.98) | (986.09) | (1460.46) | (3337.00) |
| (vii) | निवल अधिशेष/(घाटा) प्रचालन आय के प्रतिशत रूप में | -24.10% | -21.95% | -22.94% | -11.50% | -16.20% | -35.28% |
| (viii) | तीन वर्षों का औसत | -23.00% | | | -20.99% | | |
| (ix) | कुशलता/उत्पादकता सुधार की वजह से लागत बचत | 23.45 | 23.45 | 23.45 | 2.70 | 2.70 | 2.70 |
| (x) | कुशलता सुधार के समायोजन से पहले वास्तविक/अनुमानित आरओसीई | 0.45% | 0.04% | -3.42% | 8.27% | 5.42% | 1.90% |
| (xi) | कुशलता सुधार के समायोजन के बाद वास्तविक/अनुमानित आरओसीई | 0.26% | -0.17% | -3.65% | 8.25% | 5.40% | -1.90% |

7.6. वीसीटीपीएल ने निवेदन किया है कि संशोधित लागत विवरण के आधार पर पोतांतरण कंटेनर के अतिरिक्त सभी कंटेनरों के लिए इसके द्वारा पहले प्रस्तावित 22.90 प्रतिशत के विपरीत 28.09 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि की मांग की गई है। पोतांतरण कंटेनरों के लिए, इसने अपने मूल प्रस्ताव में अपने द्वारा यथा प्रस्तावित 15.17 प्रतिशत कटौती को बनाए रखा है।

8. कई अनुस्मारकों के बाद, वीपीटी ने अपने पत्र दिनांक 5 जनवरी, 2015 द्वारा हमारे पत्र दिनांक 1 अक्तूबर, 2014 द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर अपना प्रत्युत्तर भेजा है। चूंकि वीपीटी द्वारा प्रेषित जवाब हमारे द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों को संबोधित नहीं करता है, वीपीटी से शेष बिन्दुओं पर अपेक्षित सूचना/स्पष्टीकरण भेजने के लिए हमारे पत्र दिनांक 12 जनवरी, 2015 द्वारा दोबारा अनुरोध किया गया था। वीपीटी ने अपने पत्र दिनांक 2 फरवरी ,2015 द्वारा कुछ बिन्दुओं पर अपना प्रत्युत्तर भेजा है। हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों और वीपीटी द्वारा प्रेषित तदनुरूपी जवाबों का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

| क्र.सं. | हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्न | वीपीटी द्वारा प्रेषित जवाब |
|---|---|---|
| (i) | (क) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 में क्रमशः 2,75,000, 2,90,000 और 3,05,000 टीईयू के कंटेनर यातायात का पूर्वानुमान लगाया है। पूर्वानुमानित यातायात वृद्धि वर्ष 2014–15 में 5.8 प्रतिशत और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 में क्रमशः 5.5 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत परिगणित होता है। वीपीटी वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा पूर्वानुमानित यातायात की उपयुक्तता पर वीपीटी टिप्पणी करे और इसके प्रस्ताव के पृष्ठ 6 पर दिए गए यातायात मिश्रण की उपयुक्तता पर भी टिप्पणी करे। | पिछले 3 वर्षों के दौरान पत्तन में प्रहस्तित कंटेनर यातायात स्थिर रहा है जिसे निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता है:<br>वर्ष \| कंटेनर यातायात टीईयू में \| वृद्धि<br>2009-10 \| 97,560 \|<br>2010-11 \| 145,434 \| 49%<br>2011-12 \| 234,345 \| 61%<br>2012-13 \| 247,311 \| 6%<br>2013-14 \| 262,091 \| 6%<br>पिछले 3 वर्षों के दौरान कंटेनर यातायात का सीएजीआर 5.75 प्रतिशत होता है। अगले 2–3 वर्षों की अल्पावधि में इस क्षेत्र में आर्थिक विकास का पत्तन में कंटेनर |

<table>
<tr><td></td><td></td><td>कार्गो पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा। तथापि, 2–3 वर्षों की अल्पावधि में 6 प्रतिशत तक उच्चतर सीएजीआर तुलनात्मक सिरि रुपया मूल्य, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, स्थिर राजनैतिक वातावरण, कम महंगाई दर और सामान्य एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विशेषतः (ट्रेड और विकास रिपोर्ट 2014–यूएनसीटीएडी) के मद्देनजर विचार किया जा सकता है। तदनुसार, कंटेनर यातायात पूर्वानुमान निम्नवत् हैः–
<table>
<tr><th>वर्ष</th><th>5.75% वृद्धि</th><th>6% वृद्धि</th></tr>
<tr><td>2014-15</td><td>277,161</td><td>277,816</td></tr>
<tr><td>2015-16</td><td>293,098</td><td>294,485</td></tr>
<tr><td>2016-17</td><td>309,951</td><td>312,154</td></tr>
</table>
पिछले वर्षों की तुलना में अप्रैल से सितम्बर, 2014 अवधि के दौरान कंटेनर कार्गो के यातायात मिश्रण में काफी बदलाव रहा है। पोतांतरण कार्गो में लगभग 25–30 प्रतिशत से करीब 6 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसे निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता हैः
(टीईयू)
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>वित्तीय वर्ष</th><th>स्थानीय (निर्यात+ आयात)</th><th>पोतांतरण</th><th>रेस्टोज़</th><th>जोड़</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2012-13</td><td>181,439 (73.42%)</td><td>64,291 (26.01%)</td><td>1,404 (0.57%)</td><td>247,134</td></tr>
<tr><td>2</td><td>2013-14</td><td>200,743 (76.59%)</td><td>60,246 (22.99%)</td><td>1,102 (0.42%)</td><td>262,091</td></tr>
<tr><td>3</td><td>2014-15 (अप्रैल से सितम्बर)</td><td>122,488 (92.34%)</td><td>8,098 (6.10%)</td><td>2,068 (1.56%)</td><td>132,654</td></tr>
</table>
उपर्युक्त के मद्देनजर, वीसीटीपीएल के प्रस्ताव में परिगणित कंटेनर थ्रुपुट का संघटन वास्तविक नहीं हो सकता।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) 2013–14 में वीसीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात भी दर्शाएं।</td><td>2013–14 के दौरान वीसीटीपीएल मेंप्रहस्तित वास्तविक कंटेनर यातायात निम्नवत् हैः–
(टीईयू)
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>वित्तीय वर्ष</th><th>स्थानीय (निर्यात+ आयात)</th><th>पोतांतरण</th><th>रेस्टोज़</th><th>जोड़</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2013-14</td><td>200,743 (76.59%)</td><td>60,246 (22.99%)</td><td>1,102 (0.42%)</td><td>262,091</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(ii)</td><td>वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 में क्रमशः रु. 453.09 लाख, रु. 494.27 लाख के वास्तविक रॉयल्टी भुगतान के बारे में बताया है और वर्ष 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 में क्रमशः रु0 471.63 लाख, रु0 657.21 लाख और रु0 747.25 लाख की रॉयल्टी का अनुमान लगाया है। वीपीटी यह पुष्टि करे कि वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित रॉयल्टी आंकड़े लाइसेंस करार के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार है। वर्ष 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा भुगतान की गई रॉयल्टी भी दर्शाएं।</td><td>वर्ष 2011–12, 2012–13 और 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा किया गया वास्तविक रॉयल्टी भुगतान भेजा गया है।</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>(क) पुष्टि करें कि क्या वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 के लिए वीपीटी को भुगतान किया गया रु. 84.96 लाख और रु. 92.73 लाख का वास्तविक पट्टा किराया वीसीटीपीएल के साथ किए गए एलए के प्रावधानों के अनुसार है। वर्ष 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा भुगतान किया गया पट्टा किराया भी दर्शाएं।</td><td>मै0 वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 के लिए रु. 78.71 लाख, वर्ष 2012–13 के लिए रु0 78.71 लाख और वर्ष 2013–14 के लिए रु. 78.71 लाख के पट्टा किरायों का भुगतान किया है।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) यह भी पुष्टि करें कि क्या वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए प्रत्येक वर्ष हेतु रु0 85.90 लाख का अनुमानित किराया लाइसेंस करार के प्रावधानों के अनुसार है।</td><td>वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित पट्टा किराये सुविचारित किए जा सकते हैं।</td></tr>
<tr><td>(iv).</td><td>(क) वीसीटीपीएल ने अपने प्रस्ताव के अनुबंध–3 में निर्धारित यार्ड क्षमता वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए 3,53,759 टीईयू वार्षिक और वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक 4,12,731 टीईयू वार्षिक बताई है। वीपीटी 6000 वर्ग मीटर के मौजूदा क्षेत्र के विकास पर विचार करते हुए और मौजूदा प्रशुल्क चक्र में 15,000 वर्ग मी. की अतिरिक्त भूमि लेते हुए वीसीटीपीएल द्वारा निर्धारित क्षमता की उपयुक्तता पर टिप्पणी करे।</td><td>6000 वर्ग मीटर के मौजूद क्षेत्र के विकास के संदर्भ में, यह स्पष्ट नहीं था कि क्या 6000 वर्ग मीटर का यह मौजूदा क्षेत्र पहले यार्ड क्षमता का निर्धारण करने में सुविचारित किया गाय था। चूंकि यह आबंटन मौजूदा क्षेत्र से बाहर बताया गया था। तथापि, 6000 वर्ग मीटर के मौजूदा क्षेत्र पर विचार करते हुए तथा वीसीटीपीएल द्वारा मौजूदा प्रशुल्क चक्र में 15,000 वर्ग मीटर की अतिरिक्त भूमि लेते हुए, यार्ड सर्वोत्तम क्षमता बढ़कर वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु 247639 टीईयू वार्षिक (0.7x((0.6+2.1)x720)x2.5x365)/1.3x3 हो जाएगी।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) यह भी पुष्टि करें कि वीसीटीपीएल को किया गया अतिरिक्त आबंटन एलए के प्रावधानों के अनुसार है और यह वीसीटीपीएल द्वारा प्रचालित होने की वजह से मौजूदा कंटेनर टर्मिनल से संबंधित है।</td><td>वीपीटी ने अपना जवाब नहीं भेजा है।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ग) पुष्टि करें कि वीसीटीपीएल को किया गया अतिरिक्त आबंटन मौजूदा परियोजना से संबंधित है। यह भी पुष्टि करें कि अतिरिक्त भूमि का उक्त आबंटन नए</td><td>वीपीटी ने अपना जवाब नहीं भेजा है।</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | कंटेनर टर्मिनल (विस्तार परियोजना) से संबंधित नहीं है जोकि वीसीटीपीएल को सौंपा गया है। | |
| (v) | वीसीटीपीएल ने मुख्य रूप से संयंत्र एवं मशीनरी, आईटी, मौजूदा अतिरिक्त भूमि का विकास, आदि में वर्ष 2014–15 से 2016–17 में क्रमशः रु. 11.39 करोड़, रु. 8.45 करोड़ और रु0 5.69 करोड़ सकल प्रखंड में अतिरिक्त अनुमानित किए हैं। वीपीटी वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित सकल प्रखंड में संवर्धनों की उपयुक्तता पर टिप्पणी करें। | वीपीटी ने अपना जवाब नहीं भेजा है। |
| (vi) | इस प्राधिकरण ने पिछले प्रशुल्क आदेश सं. टीएएमपी/10/2011–वीसीटीपीएल दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 में उस समय प्रचलित सभी दरमान में 16 प्रतिशत वृद्धि प्रदान की थी और इसे 2 नई आरएमक्यूसी तथा 4 आरटीजीसी की शुरूआत की तारीख अथवा 1 जनवरी, 2012, जो भी बाद में हो, से प्रभावी की गई थी। वीसीटीपीएल ने बताया है कि आरटीजीसी अक्तूबर/दिसम्बर, 2011 को शुरू की गई थीं और आरएमक्यूसी अगस्त, 2012 में शुरू की गई थीं और टीएएमपी के आदेश के अनुसार, वीसीटीपीएल द्वारा संशोधित दरें 1 सितम्बर, 2012 से लागू की गई थीं। वीपीटी पुष्टि करे कि वीसीटीपीएल द्वारा प्रतिवेदित आरएमक्यूसी/आरटीजी की तैनाती की तारीख, वीसीटीपीएल द्वारा तैनात किए गए इन उपस्करों में प्रत्येक की संख्याएं और यह भी पुष्टि करें कि वीसीटीपीएल द्वारा कार्यान्वित संशोधित दरें 1 सितम्बर, 2012 से हैं। | वीपीटी ने अपना जवाब नहीं भेजा है। |

9. इस मामले में परामर्श से संबंधित कार्यवाहियां इस प्राधिकरण के कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। प्राप्त हुई टिप्पणियों और संबद्ध पक्षों द्वारा की गई टिप्पणियों का सार प्रासंगिक पक्षों को अलग से भेजा जाएगा। ये ब्योरे हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

10. इस मामले की कार्यवाही के दौरान एकत्र की गई समग्र सूचना के संदर्भ में, निम्नलिखित स्थिति प्रकट होती है:–

(i) इस प्राधिकरण द्वारा आदेश दिनांक 11 अक्तूबर, 2011 द्वारा अनुमोदित विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीटीपीएल) का मौजूदा दरमान (एसओआर) 31 मार्च, 2014 तक वैध है। जैसाकि पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में पहले ही बताया जा चुका है, पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, लागत विवरण में दर्शाई गई स्थिति के आधार पर, इस प्राधिकरण ने 1 जनवरी, 2012 से अथवा वीसीटीपीएल द्वारा अतिरिक्त नए उपस्कर अर्थात् 2 रेल माउंटेड घाट क्रेनें (आरएमक्यूसी) और 4 रबड़ टायर वाली गैन्ट्री क्रेनें (आरटीजीसी) शुरू होने की तारीख से, जो भी बाद में हो, तत्समय प्रचलित दरमान (एसओआर) के भाग–1 के अधीन सभी प्रशुल्क मदों में 16 प्रतिशत वृद्धि की अनुमति दी थी। वीसीटीपीएल ने बताया है कि 4 नई आरटीजीसी में से 2 अक्तूबर, 2011 में शुरू हुई थी और शेष 2 आरटीजीसी दिसम्बर, 2011 में शुरू हुई थी तथा दो नई आरएमक्यूसी अगस्त, 2012 के दौरान शुरू की गई थी। वीसीटीपीएल ने बताया है कि उसके दरमान में 16 प्रतिशत वृद्धि अक्तूबर, 2011 आदेश में इस प्राधिकरण के निर्णय का पालन करते हुए 1 सितम्बर, 2012 से लागू की गई थी।

(ii) दिसम्बर, 2013 में वीसीटीपीएल द्वारा दाखिल किया गया मूल प्रस्ताव 2014–15 से 2016–17 को कवर करते हुए तीन वर्षों की अवधि के लिए था। अनुमान 2013–14 पर आधारित थे जोकि आंशिक रूप से वास्तविक और आंशिक रूप से अनुमान थे। तत्पश्चात, वीसीटीपीएल ने 2013–14 के अनुमानों को वास्तविकताओं से अद्यतन करते हुए अपने पत्र दिनांक 03 नवम्बर, 2014 के कवर के अधीन संशोधित लागत विवरण दाखिल किए हैं और 2013–14 के वास्तविकताओं के आधार पर वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमान भी संशोधित किए गए हैं। संशोधित लागत विवरण के आधार पर, वीसीटीपीएल ने पोतांतरण कंटेनर के अतिरिक्त सभी कंटेनरों के लिए इसके द्वारा पहले प्रस्तावित 22.90 प्रतिशत के विपरीत 28.09 प्रतिशत की यातायात वृद्धि की मांग की है। पोतांतरण कंटेनरों के लिए, वीसीटीपीएल ने अपने मूल प्रस्ताव में यथा प्रस्तावित 15.17 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव किया है। वीसीटीपीएल द्वारा अपने पत्र दिनांक 3 नवम्बर 2014 द्वारा दाखिल किया गया संशोधित प्रस्ताव और इस मामले की कार्यवाही के दौरान वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण पर इस विश्लेषण के प्रयोजन हेतु विचार किए गए हैं।

(iii) 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.13 प्रचलित प्रशुल्क निर्धारित किए जाने के समय विश्वास किए गए पूर्वानुमानों के संदर्भ में निर्धारित प्रशुल्क वैधता अवधि की समाप्ति पर महापत्तन न्यास तथा निजी टर्मिनल के वास्तविक भौतिक तथा वित्तीय कार्यनिष्पादन की समीक्षा करने का अधिकार देता है।

वीसीटीपीएल के प्रशुल्क की पिछली समीक्षा के दौरान, इस प्राधिकरण ने उक्त वर्षों के लिए अनुमानों पर विश्वास करते हुए वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए प्रशुल्क निर्धारित किया था। वैसे, यह जरूरी है कि उक्त वर्षों के लिए वास्तविकताओं से वर्ष 2011–12 से 2013–14 के अनुमानों की तुलना की जाए।

(iv) अनुमानित स्थिति पर पहुंचने के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण वर्ष 2011–12 से 2013–14 हेतु वास्तविक निवल अधिशेष/घाटा के निर्धारण के लिए अंगीकृत किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा दाखिल किए गए लागत विवरण में किए गए संशोधनों के साथ वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान वीसीटीपीएल के कार्यनिष्पादन के विश्लेषण पर नीचे चर्चा की गई है:

(क) वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान वीसीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात क्रमशः 2,34,697 टीईयू, 2,47,134 टीईयू और 2,62,091 टीईयू है, इसके विपरीत, तदनुरूपी अवधि के लिए अक्तूबर, 2011 के प्रशुल्क आदेश में अनुमानित यातायात 1,70,000 टीईयू, 1,95,000 टीईयू और 2,25,000 टीईयू था। भौतिक निष्पादन में भिन्नता 26 प्रतिशत है जोकि 20 प्रतिशत से अधिक पाया गया है।

(ख) जैसाकि पहले बताया गया है, दरमान के भाग (1) में इस प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त 16 प्रतिशत प्रशुल्क वृद्धि 1 सितम्बर 2012 से अर्थात् अक्तूबर 2011 में परिकल्पित सभी उपस्करों के शुरू होने की तारीख से जोकि स्वीकृत प्रशुल्क में वृद्धि से जुड़ा था, वीसीटीपीएल द्वारा लागू की जानी थी। इसलिए, 1 सितम्बर, 2012 से 31 मार्च, 2014 तक की अवधि के लिए दरमान के भाग (1) के अधीन शामिल प्रशुल्क मदों हेतु पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित आय अनुमान वास्तविक आय से तरह तरह से तुलना हेतु 1 सितम्बर, 2012 से वीसीटीपीएल द्वारा 16 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि के प्रभाव को लेने के लिए यथानुपात आधार पर समायोजित (परिवर्धित) किए गए हैं। 1 अप्रैल, 2011 से 30 अगस्त, 2012 तक की अवधि के लिए आय अनुमान पिछले प्रशुल्क आदेश में यथा सुविचारित व्यवस्थित किए गए हैं।

पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, इस प्राधिकरण ने वीसीटीपीएल द्वारा तैनात किए जाने के लिए प्रस्तावित (अतिरिक्त 2 आरएमक्यूसी और 4 आरटीजीसी के लेखा पर) वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित प्रचालन तथा प्रत्यक्ष लेबर बल और अनुरक्षण लेबर बल की तैनाती में वृद्धि स्वीकार की थी। यह इस शर्त के अधीन था कि यदि प्रस्तावित विकास नहीं किया जाता है तो इसका वास्तविकताओं पर प्रभाव पड़ेगा, अगली प्रशुल्क समीक्षा में परिमाणित किया जाएगा। यह देखा गया है कि वीसीटीपीएल ने इस प्रशुल्क चक्र में अतिरिक्त 2 आरएमक्यूसी और 4 आरटीजीसी तैनात की हैं। इसलिए, इस लेखा पर कोई समायोजन आवश्यक नहीं है।

(ग) वीसीटीपीएल ने बताया है कि निर्यातों में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए टर्मिनल के माध्यम से पुर्नस्थापन हेतु पोतांतरण कंटेनरों तथा खाली कंटेनरों के प्रहस्तन प्रभारों में रियायत प्रदान की गई थी। पिछली अवधि के विश्लेष के प्रयोजन के लिए, अनुमोदित दरमान के अनुसार वसूलीयोग्य राजस्व पर ही विचार किया जा सकता है। इसलिए, वास्तविक आय में अपने विवेकाधिकार पर वीसीटीपीएल द्वारा प्रदत्त छूट पर विचार नहीं किया गया है और लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित वास्तविक आय में जोड़ा गया है।

(घ) लागत विवरण में वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित वास्तविक आय तथा व्यय की मदें वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित वैयक्तिक आंकड़ों से मेल नहीं खाती हैं क्योंकि लेखों में मदों का वर्गीकरण लागत विवरण से भिन्न है और लागत विवरण में कुछ मदों पर समायोजन किया गया है। तथापि, वीसीटीपीएल ने वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित लाभ/हानि के साथ लागत विवरण में निवल अधिशेष/घाटा का मिलान करते हुए विवरण भेजा है और इसलिए उसके लागत विवरण में वीसीटीपीएल द्वारा दिए गए वास्तविक आंकड़ों पर इस विश्लेषण में विश्वास किया गया है।

(ङ) 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.8.1 के अनुपालन में, दूसरे उच्चतम बोलीदाता द्वारा उद्धरित स्तर होते हुए 49 प्रतिशत रॉयल्टी भुगतान इसके द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात पर वीसीटीपीएल के पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार पास–थ्रू के रूप में स्वीकार किया गया है। उक्त 49 प्रतिशत की स्वीकार्य प्रतिशत लाइसेंस करार में निर्दिष्ट प्रति टीईयू रॉयल्टी के संदर्भ में वीसीटीपीएल के पूर्ववर्ती आदेश में वीसीटीपीएल मामले में निर्धारित की गई है और दूसरे अधिकतम बोलीदाता द्वारा उद्धरित राजस्व स्ट्रीम के निवल वर्तमान मूल्य पर आधारित है।

एलए के प्रावधानों के अनुसार, वीसीटीपीएल न्यूनतम गारंटीशुदा थ्रुपुट (एमजीटी) स्तरों पर रॉयल्टी का भुगतान करने के लिए बाध्य है, यदि प्रहस्तित वास्तविक यातायात एमजीटी के स्तर से कम रहता है। वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा निर्दिष्ट एमजीटी क्रमशः 2,00,200 टीईयू, 2,17,400 टीईयू और 2,35,400 टीईयू है, जबकि वीसीटीपीएल द्वारा वास्तव में प्रहस्तित यातायात तदनुरूपी अवधि के लिए क्रमशः 2,34,697 टीईयू, 2,47,134 टीईयू और 2,62,091 टीईयू बताया गया है जोकि एमजीटी स्तर से अधिक है। वर्ष 2011–12 से 2013–14 के वार्षिक लेखे क्रमशः रु0 453.09 लाख, रु. 494.26 लाख और रु0 823.96 लाख का रॉयल्टी भुगतान दर्शाते हैं। जैसाकि पिछले प्रशुल्क आदेश में किया गया था, वीसीटीपीएल ने लाइसेंस करार के अनुसार रॉयल्टी की प्रति टीईयू दर के संदर्भ में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान इसके द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात पर रॉयल्टी भुगतान पर पहुंचा है और वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए क्रमशः रु. 222.01 लाख, रु. 242.19 लाख और रु. 403.74 लाख पर पास–थ्रू के रूप में दूसरे उच्चतम बोलीदाता की सीमा अर्थात् 49 प्रतिशत तक रॉयल्टी भुगतान पर विचार किया है। इसपर विचार किया गया है क्योंकि यह पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार है।

(च) ब्याज और वित्त व्यय और जमाराशियों तथा निवेशों से ब्याज आय पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित स्थिति को बनाए रखते हुए लागत विवरण में सुविचारित नहीं किया गया है।

(छ) "अन्य आय" के अधीन वर्ष 2012–13 के लिए वार्षिक लेखे रु. 342.19 लाख के लिक्विडेटिड नुकसान (एलडी) की वसूली के बारे में बताते हैं। वार्षिक लेखों से यह देखा गया है कि एलडी की वसूली आपूर्तिकर्ता द्वारा उपस्कर की डिलीवरी में विलंब की वजह से हुई है। चूंकि कंटेनर प्रहस्तन प्रचालनों से आय नियमित प्रकार की आय प्रकृति नहीं है इसलिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार पूर्व अवधि विश्लेषण में उक्त राशि पर विचार नहीं किया गया है। संयोगवश, यह पिछले प्रशुल्क आदेश में प्रशुल्क निर्धारण में सुविचारित अनुमानों का हिस्सा नहीं था।

(ज) वीसीटीपीएल के वार्षिक लेखे वर्ष 2012–13 में रु. 72.25 लाख का निवल विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ और वर्ष 2011–12 में रु. 24.08 लाख और वर्ष 2013–14 में रु. 994.34 लाख का निवल विदेशी मुद्रा विनिमय हानि दिखाते हैं।

वीसीटीपीएल ने वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित वास्तविक विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ/हानि का ब्रेकअप भेजा है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित ब्योरों से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2012–13 में प्रतिवेदित रु. 72.25 लाख का विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ रु. 10.97 लाख खरीदारों के क्रेडिल के पुनर्विवरण से संबंधित है और रु. 51.00 लाख अग्रेषण करार के रद्द होने से संबंधित है। वास्तविक लेनदेन और वास्तविक भुगतान के लेखा पर होने वाला विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ/हानि प्रशुल्क निर्धारण कार्यवाही के प्रयोजन के लिए लागत विवरण में लिए गए हैं। ऋण/परिसंपत्तियों/व्ययों के पुनर्विवरण के लेखा पर होने वाले विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ अथवा हानि पर प्रशुल्क निर्धारित किए जाने के समय विचार नहीं किया गया है। इसलिए, खरीदार क्रेडिट के पुनर्विवरण पर प्रतिवेदित विदेशमी मुद्रा विनिमय लाभ पर विचार नहीं किया गया है। यह अन्य टर्मिनलों के प्रशुल्क निर्धारण में भी अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार है जोकि 2005 दिशानिर्देशों द्वारा शासित किए जाते हैं। इसके अलावा, वीसीटीपीएल के मामले में, अग्रेषण करार रद्दीकरण के लेखा पर विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ एवं हानि भी बताए गए हैं। अग्रेषण करार रद्दीकरण पर विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ/हानि की प्रकृति अस्पष्ट रह गई है। पिछले प्रशुल्क आदेश में इस मद पर विचार नहीं किया गया था। इसलिए वास्तविकताओं की समीक्षा करते समय भी, अग्रेषण करार के रद्दीकरण के लेखा पर इस विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ/हानि पर अनुमानों के साथ तरह–तरह की तुलना करने के लिए विचार नहीं किया गया है। तदनुसार, रु0 61.98 लाख का विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ अर्थात् वर्ष 2012–13 में रु. 10.98 लाख और रु. 51.00 लाख का जोड़, अलग रखे गए हैं।

इसी दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए, वर्ष 2011–12 के लिए, प्रबंधन शुल्क के पुनर्विवरण हेतु रु. 1.08 लाख, खरीदार क्रेडिट के पुनर्विवरण के लिए रु. 134.24 लाख और अग्रेषण करार रद्दीकरण की वजह से रु. 114.36 लाख का विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ कुल विदेशी मुद्रा विनिमय नुकसान रु. 20.96 लाख (रु. 1.08 + रु0 134.24 – रु. 114.36 लाख) अलग रखा गया है। विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ/हानि की सभी अन्य मदें जोकि भंडारों की खरीद आदि के लिए नियमित संव्यवहार हैं, लागत विवरण में सुविचारित किए गए हैं।

(v). वीसीटीपीएल ने जून 2003 से जून, 2008 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए वीसीटीपीएल को तकनीकी ज्ञान ओर प्रबंधकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए दुबई पोटर्स इंटरनेशनल और यूनाइटेड लाइनर एजेंसीज (यूएलए) के साथ तकनीकी सेवा करार किया था। चूंकि प्राप्त की गई तकनीकी सेवाओं का लाभ सम्पूर्ण परियोजना कार्यकाल में होने वाली थी, इसलिए वीसीटीपीएल द्वारा किए गए प्रथम करार के मामले में तकनीकी सेवा को परियोजना अवधि में बांट दिया था। पिछले प्रशुल्क संशोधन आदेश में लागत विवरण में सुविचारित टीएसएफ भुगतान का वार्षिक प्रभाव वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए रु. 15.70 लाख प्रति वर्ष है। पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, इस प्राधिकरण ने लेनदेन के आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप को प्रमाणित करते हुए उसके सनदी लेखाकार द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र पर विश्वास करते हुए प्रचालन लागतों के हिस्से के रूप में टीएसएफ स्वीकृत किया गया था और यह इस शर्त के अधीन था कि वीसीटीपीएल अगली प्रशुल्क समीक्षा के समय आयकर निर्धारण आदेशों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

वीसीटीपीएल ने अब निर्धारण वर्षों अर्थात् 2004–05 से 2009–10 के लिए आयकर निर्धारण आदेश भेजे हैं। निर्धारण वर्षों 2004–05 से 2009–10 हेतु वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित आयकर निर्धारण आदेशों की प्रतियों का अवलोकन करने पर यह देखा गया है कि आयकर प्राधिकारियों ने तत्संबंधी वर्षों में आयकर निर्धारण के प्रयोजन के लिए ''प्रबंधन परामर्श शुल्क'' रूप में तकनीकी सेवा शुल्क व्यय रूप में स्वीकार किया है।

तथापि, निर्धारण वर्ष 2010–11 (वित्तीय वर्ष 2009–10) के संदर्भ में, निर्धारण आदेश की प्रति दर्शाती है कि निर्धारण अधिकारी ने वीसीटीपीएल द्वारा व्यय रूप में दावाकृत पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2003–04 से 2007–08 के लिए टीएसएफ अस्वीकृत कर दिया है क्योंकि वीसीटीपीएल द्वारा भुगतान निर्धारण वर्ष 2010–11 में किया गया है। निर्धारिण अधिकारी ने इस आधार पर निर्धारण वर्ष 2010–11 में इस व्यय को अस्वीकृत किया है कि निर्धारण वर्ष 2010–11 में वीसीटीपीएल द्वारा दावाकृत टीएसएफ पर व्यय पिछले वर्षों से संबंधित है जिसके लिए टीएसएफ के भुगतान हेतु प्रावधान वीसीटीपीएल पहले ही कर चुका है। वीसीटीपीएल ने उक्त निर्धारण आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की थी। अपीलीय प्राधिकारी अर्थात् आयकर आयुक्त (सीआईटी) अपील ने अपने आदेश दिनांक 4 अप्रैल, 2013 द्वारा निर्धारण वर्ष 2010–11 के लिए आयकर निर्धारण पर वीसीटीपीएल द्वारा दाखिल की गई अपील के संदर्भ में एक आदेश पारित किया था। इस दस्तावेज का अवलोकन करने पर, यह विदित होता है कि सीआईटी अपील ने उक्त आदेश में निर्णय दिया है कि वीसीटीपीएल ने प्रत्येक वर्ष टीएसएफ के लिए प्रावधान किया है जिससे यह साबित होता है कि उसने प्रत्येक वर्ष के अंत में उत्पन्न होने वाला प्रबंधन शुल्क (टीएसएफ) का भुगतान करने की उसकी देयता को स्वीकार किया है। यह उद्धरित करते हुए, निर्धारण वर्ष 2010–11 में वर्ष 2004–05 से 2009–10 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा दावाकृत व्यय की कटौती सीआईटी द्वारा अस्वीकृत की गई है। उसी समय, सीआईटी ने तत्संबंधी निर्धारण वर्षों 2004–05 से 2009–10 में व्यय रूप में प्रबंधन शुल्क स्वीकृत किया था।

मार्च 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.8.1 के अनुसार, निजी टर्मिनलों द्वारा अपने प्रवर्तकों अथवा उनके सहयोगी मालिकों को देय तकनीकी सेवा शुल्क (टीएसएफ) प्रशुल्क निर्धारण प्रयोजनों के लिए लागत की मद के रूप में स्वीकार किया जा सकता है यदि 'आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप' की यार्ड–स्टिक आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन यथा परिभाषित स्थापित हो जाती है। यह देखा गया है कि आयकर विभाग ने निर्धारण वर्षों 2004–05 से 2009–10 के लिए टीएसएफ स्वीकृत किया है। चूंकि खंड 2.8.2 लेनदेन के आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप के संदर्भ में ही लेनदेन की उपयुक्तता की जांच करने की अपेक्षा करता है, जिसे आयकर विभाग द्वारा चुनौती नहीं दी गई है, यह प्राधिकरण पूर्व अवधि 2011–12 से 2013–14 के लिए इस व्यय को स्वीकार करता है। इस प्रकार, प्रथम करार के संदर्भ में रु. 15.70 लाख का प्रभाजित तकनीकी सेवा शुल्क पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार वर्ष 2011–12 से 2013–14 के प्रत्येक वर्ष के लिए सुविचारित किया गया है।

जून 2003 से जून 2008 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए किए गए टीएसएफ हेतु पुराने करार को छूट दी गई है। पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, वीसीटीपीएल ने बताया था कि नए उपस्कर के लिए तकनीकी ज्ञान उपलब्ध करवाने हेतु पांच वर्षों की अवधि के लिए डीपी वर्ल्ड एफजेडई (डीपीडब्ल्यूएफ) के साथ 10 मार्च 2011 को एक नया करार किया था। इस प्राधिकरण ने पैरा 12 (xvii) में यथा दिए गए पिछले प्रशुल्क आदेश में वीसीटीपीएल द्वारा किए गए नए (दूसरे) करार से उत्पन्न होने वाला तकनीकी सेवा शुल्क स्वीकार नहीं किया था क्योंकि पूर्ववर्ती लेनदेन के मामले में आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप आयकर निर्धारण आदेश जमा करते हुए पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान समग्र रूप से स्थापित नहीं किया गया था। इस प्राधिकरण ने निर्णय दिया था कि अगली समीक्षा के समय नए करार के प्रभाव की समीक्षा की जाएगी बशर्ते वीसीटीपीएल आयकर प्रयोजन के लिए लागत की मद के रूप में टीएसएफ स्वीकार करने वाला प्रासंगिक आयकर निर्धारण आदेश भेजता है और नए करार से होने वाले टीएसएफ के वास्तविक भुगतान के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी भेजता है। चूंकि नए करार के लिए टीएसएफ वर्ष 2011–12 से 2013–14 के अनुमानों में सुविचारित नहीं किया गया था, इसलिए तरह–तरह की तुलना के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में इस प्राधिकरण के निर्णय के अनुसार वास्तविकताओं की समीक्षा करते समय इसपर विचार नहीं किया जा सकता। इस व्यय को स्वीकार नहीं करते हुए, वीसीटीपीएल घाटे की स्थिति में नहीं होगा क्योंकि इस मद की मौजूदा प्रशुल्क चक्र में समीक्षा की गई है और वर्ष 2011–12 से 2015–16 पांच वर्षों की अवधि के लिए वीसीटीपीएल द्वारा दूसरे करार के कुल टीएसएफ को शेष परियोजना अवधि अर्थात् 2014–15 से प्रभाजित करते हुए भविष्य प्रशुल्क हेतु व्यय रूप में स्वीकृत किया जा रहा है जैसाकि अनुवर्ती अनुच्छेदों में बताया गया है।

(vi) अक्तूबर 2011 के पिछले प्रशुल्क आदेश में, वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए प्राथमिक व्ययों का बट्टा खाता रु. 12.53 लाख पर सुविचारित किया गया था। वर्ष 2011–12 से 2013–14 के वार्षिक लेखों में ऐसे किसी व्यय के बारे में नहीं बताया गया है। ऐसी स्थिति में, वास्तविक स्थिति का विश्लेषण करते समय, प्राथमिक व्यय का बट्टा–खाता वर्ष 2011–12 से 2013–14 हेतु यथा सुविचारित रु. 12.53 लाख पर व्यवस्थित किया गया है।

(vii) पट्टा किरायों के संबंध में, वीपीटी ने बताया है कि वीपीटी द्वारा भुगतान किया गया पट्टा किराया वर्ष 2011–12 से 2013–14 के प्रत्येक वर्ष के लिए एकसमान रूप से रु. 78.71 लाख है। वीपीटी खामोश रहा है और कारण स्पष्ट नहीं किए हैं कि क्यों वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2011–12 से 2012–13 के लिए प्रतिवेदित क्रमशः रु0 84.96 लाख और रु. 92.73 लाख पत्तन द्वारा निर्दिष्ट पट्टा किराये की अपेक्षा अधिक है। चूंकि लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार वीसीटीपीएल द्वारा प्रतिवेदित पट्टा किराया, वीसीटीपीएल के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार पट्टा किराया पिछली अवधि के विश्लेषण में सुविचारित किया गया है।

(viii) (क) वीसीटीपीएल ने पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार प्राथमिक व्यय के पूंजीकृत भाग पर मूल्यह्रास घटक को अलग रखते हुए मूल्यह्रास आंकड़ों में भी उपयुक्त समायोजन किया है।

(ख) वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित निवल अचल परिसंपत्तियां वीसीटीपीएल द्वारा उसके वार्षिक लेखों में यथा प्रतिवेदित प्राथमिक व्यय के निवल मूल्य को घटाते हुए समायोजित किया गया है। हमारे परिकलन के अनुसार प्राथमिक व्यय बट्टा खाता का अप्रमाजित हिस्सा प्रतिलाभ स्वीकृत किए जाने के प्रयोजन हेतु निवल अचल परिसंपत्तियों के हिस्से के रूप में सुविचारित किया गया है। यह पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार है।

(ix) कार्य पूंजी की स्वीकार्यता नीचे विश्लेषित की गई है:

(क) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए विविध देनदारियों के रूप में एक माह की प्रचालन आय पर विचार किया है। यह 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों में शामिल प्रावधानों के अनुसार नहीं है, वैसे विविध देनदारियां शून्य सुविचारित की गई हैं।

(ख) 2005 दिशानिर्देशों को रिफाइन करते हुए 30 सितम्बर 2008 को इस प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश के अनुसार, कुछ व्ययों का पूर्व–भुगतान जोकि लाइसेंस करार के प्रावधानों से आता है, विविध देनदारियों के रूप में सुविचारित किया जा सकता है।

वीसीटीपीएल द्वारा वीपीटी के साथ किए गए लाइसेंस करा में पट्टा किरायों के किसी अग्रिम भुगतान के बारे में निर्धारण नहीं किया गया है।

वीसीटीपीएल और वीपीटी के बीच हुए एलए के अनुच्छेद 5.1 के अनुसार, रॉयल्टी अनुवर्ती माह के तत्काल पश्चात 7वें दिन देय है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि एलए के अनुसार, वीसीटीपीएल को रॉयल्टी का कोई अग्रिम भुगतान करने की आवश्यकता भी नहीं है। वीसीटीपीएल के मामले में, यह पाया गया है कि लाइसेंस करार से आने वाली मदों में से कोई भी मद विचार के लिए योग्य नहीं है।

(ग). वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए ईंधनों को छोड़कर भंडारों के उपभोग के ब्योरे भेजे हैं और वर्तमान परिसंपत्ति के परिकलन में उसके 50 प्रतिशत पर विचार किया है जोकि प्रशुल्क दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित आंकड़ों पर विचार किया गया है।

(घ). रोकड़ शेषराशि उपरिव्ययों सहित एक माह के रोकड़ प्रचालन व्ययों पर परिकलित की गई है जैसा वीसीटीपीएल के पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान किया गया था।

(ङ) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वार्षिक लेखों के अनुसार मौजूदा देयताओं पर विचार किया है बशर्ते मांग पर पुर्नभुगतान योग्य ऋण, दीर्घावधि ऋण की मौजूदा परिपक्वता, उधारियों पर प्रोद्भूत ब्याज, अचल परिसंपत्तियों की खरीद पर देय और वीपीटी को देय सांविधिक देयता, ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान, क्षतिपूर्तित अनुपस्थिति के लिए प्रावधान आदि को छोड़कर। मौजूदा देयताएं जैसे अचल परिसंपत्तियों की खरीद पर देय, वीपीटी को देय, ग्रेच्युटी हेतु प्रावधान, क्षतिपूर्तित अनुपस्थितियों हेतु प्रावधान हमारे विश्लेषण में मौजूदा देयताओं के हिस्से के रूप में सुविचारित किए गए हैं।

(च) उपर्युक्त समायोजनों के अधीन, कार्य पूंजी नकारात्मक परिगणित होती है। इसलिए, इसे शून्य सुविचारित किया गया है। इस प्रकार, नियोजित पूंजी में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए क्रमशः रु0 5,651.54 लाख, रु0 13,041.93 लाख और रु0 11,964.29 लाख का केवल परिसंपत्तियों के निवल प्रखंड शामिल है।

(x) अक्तूबर 2011 के पिछले प्रशुल्क आदेश में, नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए 16 प्रतिशत की दर से स्वीकृत किया गया था। उक्त वर्षों हेतु वास्तविकताओं का विश्लेषण करते समय इसी स्थिति को बनाए रखा गया है।

(xi) (क) पूर्व अवधि 2011–12 से 2013–14 के लिए अनुमानों के सापेक्ष वास्तविक आंकड़े दर्शाते हुए लागत विवरण की प्रति **अनुबंध–1** रूप में संलग्न की गई है। पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित अनुमानों के सापेक्ष वास्तविकताओं की तुलना का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

(रु0 लाखों में)

| **विवरण** | **पूर्ण रूप में वर्ष 2011–12 से 2012–13 के लिए कुल (रु0 लाखों में)** | | **भिन्नता % में** |
|---|---|---|---|
| | **प्रशुल्क आदेश के अनुसार अनुमान** | **वास्तविकताएं** | |
| यातायात (टीईयू में) | 5,90,000 | 7,43,922 | 26% |
| प्रचालन आय | 15,970.71 * | 22,800.01 | 43% |
| कुल व्यय | **13,112.44** | **15,711.71** | 19.8% |
| अधिशेष/घाटा प्रतिलाभ से पहले | **2,858.27** | **7,088.30** | 148% |
| नियोजित पूंजी (औसत) | 12,435.30 | 10,219.25 | -18% |
| तीन वर्षों 2011–12 से 2013–14 के लिए नियोजित पूंजी पर 16 प्रतिशत प्रतिलाभ | 5,968.95 | 4,905.24 | -18% |
| आरओसीई के बाद निवल अधिशेष (पूर्व अधिशेष के समायोजन से पहले) | (-)3,110.67 | 2,183.06 | |
| अक्तूबर 2011 आदेश में निर्धारित पूर्व अवधि अधिशेष का समायोजन | 2,402.46 | - | |
| आरओसीई के बाद निवल अधिशेष (पूर्व अधिशेष के समायोजन के बाद) | (-)708.21 | 2,183.06 | |

***** प्रचालन आय अनुमान आरएमक्यूसी और आरटीजीसी की तैनाती के बाद 1 सितम्बर 2012 से वीसीटीपीएल द्वारा कार्यान्वित अक्तूबर 2011 के प्रशुल्क आदेश में प्रदान की गई प्रशुल्क वृद्धि का प्रभाव दर्शाने के लिए अद्यतन किए गए हैं।

(ख) वर्ष 2011–12 से 2013–14 से संबंधित पूर्व अवधि के संदर्भ में विश्लेषण के निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:–

(i) वीसीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित वास्तविक कुल यातायात वर्ष 2011–12 से 2013–14 अवधि के दौरान 5,90,000 टीईयू के अनुमानित यातायात के विपरीत 7,43,922 टीईयू है। भौतिक पैरामीटर अर्थात् वास्तविक प्रहस्तित यातायात में भिन्नता अनुमानों की तुलना में 26 प्रतिशत सकारात्मक है।

(ii) वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित प्रचालन आय 43 प्रतिशत की सकारात्मक भिन्नता के परिणामस्वरूप तदनुरूपी अवधि के लिए रु. 159.71 करोड़ के अनुमानन के विपरीत रु0 288.00 करोड़ है।

(iii) व्यय साइड पर, तीन वर्षों के लिए वास्तविक कुल व्यय तदनुरूपी अवधि के लिए पिछले आदेश में रु0 131.11 करोड़ के अनुमानित व्यय के विपरीत रु0 157.12 करोड़ है। इस प्रकार कुल वास्तविक व्यय पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमानित व्यय की तुलना में 19.80 प्रतिशत की सकारात्मक भिन्नता दर्शाता है।

(iv) वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए औसत नियोजित पूंजी रु0 124.35 करोड़ की औसत अनुमानित नियोजित पूंजी के विपरीत रु0 102.19 करोड़ है। नियोजित औसत पूंजी में भिन्नता 18 प्रतिशत नकारात्मक है।

(v) हमारे द्वारा तैयार किए गए लागत विवरण के अनुसार, वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए प्रतिलाभ से पहले रु0 2629.78 लाख, रु0 2117.93 लाख और रु0 2340.59 लाख का अधिशेष अर्जित किया है जोकि कुल औसत अधिशेष रु0 2362.77 लाख होता है। इस प्रकार नियोजित औसत पूंजी पर अर्जित औसत प्रतिलाभ 23.1 प्रतिशत परिगणित होता है, जैसाकि निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:–

(रु0 लाखों में)

| विवरण | **2011-12** | **2012-13** | **2013-14** | औसत |
|---|---|---|---|---|
| वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित प्रतिलाभ से पहले वास्तविक अधिशेष | **2629.78** | **2117.93** | **2340.59** | **2362.77** |
| वास्तविक नियोजित पूंजी | 5,651.54 | 13,041.93 | 11,964.29 | **10,219.25** |
| नियोजित पूंजी पर वास्तविक प्रतिलाभ | 46.5% | 16.2% | 19.6% | 23.1% |

(vi) जैसाकि उपर्युक्त विश्लेषण से देखा जा सकता है कि भौतिक पैरामीटर अर्थात् प्रहस्तित वास्तविक यातायात और प्रचालन आय के रूप में वित्तीय निष्पादन में भिन्नता लगभग +20 प्रतिशत है। इसके अलावा, उपर्युक्त तालिका के अनुसार, वीसीटीपीएल ने पिछले प्रशुल्क आदेश में स्वीकृत 16 प्रतिशत प्रतिलाभ के विपरीत नियोजित पूंजी पर 23.1 प्रतिशत का औसत प्रतिलाभ अर्जित किया है।

प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.13 के अनुसार, पिछले प्रशुल्क चक्र के लिए वास्तविक भौतिक और वित्तीय कार्यनिष्पादन की समीक्षा + अथवा – 20 प्रतिशत की भिन्नता दर्शाता है तो ऐसे प्रोद्भूत किए गए लाभ/हानि का 50 प्रतिशत अगले प्रशुल्क चक्र में समायोजित किया जाएगा। इसलिए, 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अुनसार, वीसीटीपीएल के मौजूदा प्रशुल्क चक्र में पिछले अधिशेष का समायोजन करने का मामला है।

(vii) पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त अधिशेष के समायोजन पर विचार करने से पहले, अक्तूबर 2011 आदेश में इस प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय से डील करना प्रासंगिक है। पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान, गैर–कंटेनर पोत (एनसीवी) से आय के संबंध में वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित पूर्वानुमान/अनुमानों पर शंका का कुछ तत्व था। जैसाकि वीसीटीपीएल द्वारा उस समय किए गए निवेदनों के आधार पर उक्त आदेश के पैरा 12(vii)(ख) में बताया गया है कि भविष्य वर्षों में इस स्रोत से आय में काफी कमी रहने का अनुमान है, इसलिए इस प्राधिकरण ने इस शर्त के अधीन वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित एनसीवी से आय पर विश्वास किया है कि यदि अनुमानित एनसीवी आय के सापेक्ष वास्तविक में कोई सकारात्मक भिन्नता पाई जाती है तो ऐसा प्रोद्भूत अगले प्रशुल्क समीक्षा में पूर्णतः समायोजित किया जाएगा।

इस प्रकार, अनुमानों के सापेक्ष वास्तविकताओं की समीक्षा करते समय, यह देखा गया है कि रु0 30 लाख प्रतिवर्ष अर्थात् कुल रु0 90 लाख पर एनसीवी से अनुमानित आय के विपरीत, तदनुरूपी अवधि के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित कुल कुल आय रु0 287.41 लाख है। पूर्ण रूप में भिन्नता रु0 197.41 लाख सकारात्मक है अर्थात् वीसीटीपीएल ने अनुमानों की अपेक्षा रु0 197.41 लाख अधिक अर्जित किया है और प्रतिशत में यह 219.34 प्रतिशत परिगणित होता है। उपर्युक्त के मद्देनजर, इस प्राधिकरण के निर्णय के अनुसार, अनुमान स्तर अर्थात् 197.41 लाख पर वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित अतिरिक्त आय मौजूदा प्रशुल्क चक्र में पूर्णता समायोजित किया गया है। चूंकि अतिरिक्त आय को पूर्णतः समायोजित करने का निर्णय वीसीटीपीएल के अनुमान पर शंकाओं के आधार पर पहले ही लिया गया है जोकि पूरी तरह से सही साबित हुआ है, यह प्राधिकरण समायोजन के लिए केवल 50 प्रतिशत पर विचार करने के लिए वीसीटीपीएल के अनुरोध पर सहमति प्रदान करने की स्थिति में नहीं है।

(viii) पूर्व अवधि 2011–12 से 2013–14 के लिए निर्धारित अतिरिक्त अधिशेष का समायोजन नहीं आ रहा है। यहां पर नोट करना प्रासंगिक है कि चूंकि एनसीवी से अतिरिक्त आय वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए पहले ही ली जा चुकी है, एनसीवी से संबंधित आय के अतिरिक्त के बाद शेष वास्तविक अतिरिक्त अधिशेष 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, 50 प्रतिशत की सीमा तक समायोजित करने के लिए विचार किया गया है। समाहित करते हुए, वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए अधिशेष (स्वीकार्य प्रतिलाभ के बाद) जो मौजूदा प्रशुल्क चक्र में समायोजन के लिए सुविचारित किया जा रहा है, निम्नवत् हैः–

(रु0 लाखों में)

| विवरण | रु0 लाखों में | समायोजित किया जाए | समायोजन के लिए सुविचारित |
|---|---|---|---|
| एनसीवी से अतिरिक्त आय (रु0 287.41 लाख – रु0 90 लाख) | 197.41 | **100%** | **197.41** |
| वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए निर्धारित कुल वास्तविक अतिरिक्त अधिशेष घटाव एनसीवी से आय (रु0 2183.06 लाख – रु0 287.41 लाख) | 1895.65 | **50%** | **947.82** |
| समायोजित करने के लिए सुविचारित किया जाने वाला कुल अतिरिक्त अधिशेष | | | **1145.23** |

(ix) इस प्रकार, वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान अनुमत लागत और स्वीकार्य प्रतिलाभ से अधिक वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित रु0 1145.23 लाख का वास्तविक अधिशेष भविष्य प्रशुल्क में समायोजित किया जाना है। कुछ अन्य निजी टर्मिनलों जैसे गेटवे टर्मिनल्स ऑफ इंडिया लिमिटेड (जीटीआईपीएल), चेन्नई कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (सीसीटीपीएल), टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (टीएमआईआईएल) और साउथ वेस्ट पोर्ट लिमिटेड के हाल ही के मामले आदि के प्रशुल्क मामलों में, जहां समायोजन के लिए पूर्व अधिशेष की महत्वपूर्ण राशि पैदा हुई है और जहां मौजूदा प्रशुल्क में कटौती के लिए एक मामला था, इस प्राधिकरण ने प्रशुल्क में उतार–चढ़ाव को आसान बनाने के लिए और एक चक्र में प्रशुल्क में आर्टिफिश्यल कटौती से बचने के लिए, पांच वर्षों की अवधि में ऐसे पूर्व अधिशेष का समायोजन करने के लिए विचार किया है।

मौजूदा मामले में, जैसाकि देखा जा सकता है, हमने विश्लेषण पर प्रगति की है, भविष्य अवधि के लिए लागत स्थिति घाटा स्थिति दर्शाती है जोकि प्रशुल्क के मौजूदा स्तर पर प्रशुल्क के ऊध्वर्मुखी संशोधन के लिए जरूरी है। अगले प्रशुल्क चक्र में समायोजन के लिए पूर्व अधिशेष के कुछ हिस्से को पढ़ते हुए मौजूदा चक्र में प्रशुल्क में वृद्धि प्रदान करना उचित नहीं है। इसलिए, प्रशुल्क वृद्धि पर विचार करने से पहले इसी प्रशुल्क चक्र में मूल्यांकित पूर्व अधिशेष के समायोजन को एक्जास्ट करने के लिए वांछित है। इसलिए, मौजूदा प्रशुल्क चक्र में तीन वर्षों 2014–15 से 2016–17 के दौरान समान रूप से समायोजित करने के लिए रु0 1145.23 लाख पर विचार किया गया है।

(x) 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 3.1.8 के अनुसार, सामान्य प्रशुल्क वैधता चक्र तीन वर्षों की अवधि के लिए है और इसलिए वीसीटीपीएल के मामले में विश्लेषण तीन वर्षों की अवधि अर्थात् 2014715 से 2016–17 के लिए किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित वास्तविक थ्रुपुट वर्ष 2013–14 में 2,62,091 टीईयू है। उसके विपरीत, वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए अनुमानित यातायात क्रमशः 2,75,000 टीईयू, 2,90,000 टीईयू और 3,05,000 टीईयू है। तत्संबंधी पिछले वर्षों के वास्तविकताओं/अनुमानों पर वप्र 2014–15 से 2016–17 के लिए यातायात में पूर्वानुमानित वृद्धि क्रमशः 4.93 प्रतिशत, 5.45 प्रतिशत और 5.17 प्रतिशत है ओर औसत वृद्धि दर 5.18 प्रतिशत होती है। वीसीटीपीएल ने बताया है कि यातायात का पूर्वानुमान पड़ोसी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा, डॉलर मूल्य में मूल्यह्रास और आगामी वर्षों में आर्थिक वृद्धि पर विचार करते हुए लगाया गया है।

जब वीपीटी से वीसीटीपीएल द्वारा लगाए गए यातायात पूर्वानुमान की उपयुक्तता पर अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए अनुरोध किया गया था तो पत्तन ने बताया था कि पिछले 3 वर्षों के दौरान पत्तन में प्रहस्तित कंटेनर यातायात स्थिर है और बताया है कि वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 में 61 प्रतिशत और पिछले वर्षों के यातायात में वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के प्रत्येक वर्ष में यातयात में 6 प्रतिशत यातायात वृद्धि अर्जित की है।

जबकि वीपीटी ने दो परिदृश्यों अर्थात् क्रमशः 5.75 प्रतिशत और 6 प्रतिशत की समेकित वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ यातायात पूर्वनुमान भेजे हैं, इसने बताया है कि 6 प्रतिशत की यातायात वृद्धि दर तुलनात्मक स्थिर रुपया कीमत, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, स्थिर राजनीतिक वातावरण, कम महंगाई दर तथा सामान्य एवं भातीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक अर्थव्यवस्था हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण के मद्देनजर अगले दो से तीन वर्षों हेतु वीसीटीपीएल के अनुमानन हेतु उपयुक्ततः सुविचारित की जा सकती है। तदनुसार, वीपीटी ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः 2,77,816 टीईयू, 2,94,485 टीईयू और 3,12,154 टीईयू पर 6 प्रतिशत वृद्धि लागू करते हुए वीसीटीपीएल के कंटेनर यातायात का अनुमान लगाया है।

वर्ष 2014–15 के लिए कंटेनर यातायात के संबंध में, यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि वीसीटीपीएल ने इस मामले की कार्यवाही को अंतिम रूप देने के दौरान निवेदन किया था कि 2014–15 हेतु कंटेनर मात्रा वैश्विक मंदी और विशाखापत्तनम में हुद हुद चक्रवात की वजह से बहुत कम हो गई है। इसने बताया है कि दिसम्बर 2014 को प्रहस्तित वास्तविक कंटेनर यातायात (2013–14 के दिसम्बर तक 1,99,414 टीईयू के अनुमानित यातायात के विपरीत) 1,87,880 टीईयू है और इसलिए कंटेनर यातायात पूर्वानुमान में उसे वर्ष 2014–15 के लिए लागत विवरण में अनुमानित 2,75,000 टीईयू के 2,51,000 टीईयू होने की उम्मीद है। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 के लिए 2,51,000 टीईयू के यातायात अनुमान पर विचार करने का अनुरोध किया है। उपर्युक्त के मद्देनजर, हुद हुद चक्रवात की वजह से कंटेनर यातायात में कमी आने के बारे में वीसीटीपीएल द्वारा किए गए उपर्युक्त निवेदनों के मद्देनजर और इसलिए भी चूंकि यह वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 में नौ महीनों अर्थात् दिसम्बर 2014 तक के लिए प्रहस्तित वास्तविक यातायात के आधार पर बताया गया है, इसलिए वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 के लिए 2,51,000 टीईयू पर निर्दिष्ट संशोधित यातायात अनुमान हमारे द्वारा संशोधित लागत विवरण में सुविचारित किया गया है।

वर्ष 2015716 तथा 2016–17 के लिए कंटेनर यातायात पूर्वानुमानों के संबंध में, यह देखा गया है कि वीसीटीपीएल तथा वीपीटी द्वारा पूर्वानुमानित यातायात के बीच कोई भारी अन्तर नहीं है। वीपीटी के पास 6 प्रतिशत की यातायात वृद्धि पर विचार करने हेतु जोर डालने के लिए कई कारण हैं। यह भी देखा गया है कि वीसीटीपीएल ने पिछले दो वर्षों में यातायात में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की है। ऐसी स्थिति में, वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए, वीपीटी द्वारा अनुमानित यातायात 2,94,485 टीईयू और 3,12,154 टीईयू पर विचार किया गया है। किसी भी स्थिति में, जैसाकि पहले बताया गया है, वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा पूर्वानुमानित यातायात वीपीटी के अनुमानों से बहुत भिन्न नहीं है।

वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 में प्रहस्तित वास्तविक पोतांतरण कंटेनर की हिस्सेदारी वीसीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित कुल यातायात का 26 प्रतिशत और 23 प्रतिशत होना बताया गया है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए, वीसीटीपीएल ने पोतांतरण कंटेनर की हिस्सेदारी कुल अनुमानित यातायात पूर्वानुमानों के 30 प्रतिशत पर अनुमानित की है। वीपीटी ने कहा है कि वर्ष 2014–15 (सितम्बर 2014 तक) में कंटेनर यातायात के पोतांतरण में कमी आई है और इसलिए वीसीटीपीएल द्वारा पूर्वानुमानित इस श्रेणी के लिए कंटेनर मिश्रण वास्तविक नहीं हो सकता। यह देखा गया है कि वीपीटी ने यह बात वर्ष 2014–15 में प्रहस्तित छह माह कंटेनर यातायात के आधार पर कही गई है। जबकि पिछले दो वर्षों में पोतांतरण श्रेणी का अनुपात 23 प्रतिशत से 26 प्रतिशत था, इसके अलावा, यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि सरकार ने विजाग पत्तन को राष्ट्रीय मेरीटाइम विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) के अनुसार पूर्वी तट में कंटेनर पोतांतरण पत्तन के रूप में घोषित किया है और इसने बड़े पार्सल आकार के पोत आकर्षित होने तथा विजाग में आगामी वर्षों में इस कंटेनर की श्रेणी के बढ़ने की उम्मीद जाहिर की है। पोतांतरण कंटेनर को आकर्षित करने और अपनी श्रेणी को बनाए रखने के लिए वीसीटीपीएल का प्रस्ताव प्रशुल्क कम करने के लिए है जोकि उल्लेखनीय है। उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर, वीसीटीपीएल द्वारा बताया गया है, वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित पोतांतरण कंटेनर के कंटेनर मिश्रण की प्रतिशत हिस्सेदारी पर विश्वास किया गया है और सभी विचाराधीन वर्षों के लिए सुविचारित किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा यथा सुविचारित सभी श्रेणी के कंटेनरों के कंटेनर मिश्रण की प्रतिशत हिस्सेदारी पर विश्वास कियाग या है और संशोधित यातायात पूर्वानुमानों पर विचार किया गया है।

(xi) (क) वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए लागत विवरण में अनुमानित कंटेनर प्रचालन आय क्रमशः रु0 7631.20 लाख, रु0 8039.20 लाख और रु0 8447.13 लाख है।

वीसीटीपीएल ने प्रशुल्क के मौजूदा स्तर और यातायात पूर्वानुमानों के आधार पर आय अनुमानन की विस्तृत गणना भेजी है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित गणनाओं से, यह देखा गया है कि हालांकि सभी मदों के लिए वीसीटीपीएल द्वारा मौजूदा प्रशुल्क स्तर पर अनुमानित आय, पोतांतरण कंटेनरों के मामले में, आय अनुमान मौजूदा दरमान के अनुसार लागू दरों से कम दरों पर पाए गए हैं। हमारे विश्लेषण में, पोतांतरण कंटेनर से आय पोतांतरण कंटेनरों के लिए दरमान में निर्धारित मौजूदा दरों के अनुसार अनुमानित की गई है। उपर्युक्त संशोधन के अधीन, आय अनुमान वीसीटीपीएल द्वारा अनुसरित दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए सुविचारित किए गए हैं, संशोधित यातायात पूर्वानुमानों पर इसके द्वारा अनुमान लगाने के सिवाय। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए लागत विवरण में सुविचारित संशोधित कंटेनर प्रचालन आय क्रमशः रु0 7271.06 लाख, रु0 8530.75 लाख और रु0 9042.59 लाख है।

(ख) वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष्ज 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः अनुमानित अन्य प्रचालन आय रु0 940.56 लाख, रु0 974.93 लाख और रु0 1012.82 लाख में भंडारण प्रभारों से आय, हैच कवर का प्रहस्तन, शट आउट कंटेनर, प्रशीतन संबंधित सेवाएं, कंटेनरों का लिफ्ट ऑन/ऑफ, कंटेनरों का स्थानांतरण, कंटेनरों की सीधे लदाई, गैर कंटेनर पोतों (एनसीवी) से आय आदि शामिल है। वीसीटीपीएल ने एनसीवी की बर्थिंग से अनुमानित आय के सिवाय अनुमानित अन्य आय पर पहुंचने के लिए विस्तृत गणना भेजी है। वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित अन्य आय (एनसीवी से आय से इतर) पर विश्वास किया गया है और विश्लेषण में विचार किया गया है बशर्ते यातायात अनुमानन में किए गए संशोधन के मद्देनजर संशोधन के अधीन।

एनसीवी की बर्थिंग से आय के संबंध में, यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि इस प्रशुल्क मद से प्रतिवेदित वास्तविक आय वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान क्रमशः रु0 240.19 लाख, रु0 39.83 लाख और रु0 7.38 लाख है। उसके विपरीत, एनसीवी से अनुमानित आय वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के दौरान रु0 5 लाख प्रतिवर्ष है। जब इस श्रेणी से अनुमानित अत्यधिक कटौती के कारणों का औचित्य बताने का अनुरोध किया गया था तो वीसीटीपीएल ने स्पष्ट रूप से बताया था कि एनसीवी से प्राप्त होने वाली आय नियमित आय नहीं है। वीसीटीपीएल का बर्थ जैसे और जब उपलब्ध करवाया जाता है जब वीपीटी को वीपीटी के आंतरिक हारबर में डुबाव प्रतिबंधों और पत्तन में बर्थ की अनुपलब्धता की वजह से खाली करने के प्रयोजन हेतु अल्पावधि के लिए एनसीवी बर्थ करने के लिए जरूरत होती है। एलए के अनुसार, वीसीटीपीएल को उसकी आवश्यकता के मामले में वीपीटी को बर्थ सौंपना होगा। वीसीपीटीपीएल ने राय व्यक्त की है कि चूंकि वीपीटी गहरे डुबाव के लिए आंतरिक हारबर का निकर्षण कर रहा है, यह उसके टर्मिनल में आने वाले एनसीवी की संख्या को सीमित करेगा और इसलिए वीसीटीपीएल को रु0 5 लाख प्रतिवर्ष का सीमांतक राजस्व अर्जित होने की उम्मीद है। वीपीटी ने एनसीवी से वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित आय पर कोई प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं की थीं।

वीसीटीपीएल द्वारा किए गए उपर्युक्त निवेदनों पर विश्वास करते हुए, वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित 'अन्य' शीर्ष के अधीन एनसीवी से आय पर विचार किया गया है। उपर्युक्त विश्लेषण के अधीन, संशोधित अन्य प्रचालन आय वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु. 910.80 लाख, रु. 1066.18 लाख और रु. 1128.93 लाख होती है।

(ग) इस प्रकार, सारबद्ध करते हुए, वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित आय पर विश्वास किया गया है और पोतांतरण कंटेनरों के आय अनुमानन हेतु वीसीटीपीएल द्वारा अंगीकृत इकाई दर में संशोधन के सिवाय विचार किया गया है और सभी प्रशुल्क मदें वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु सुविचारित संशोधित यातायात पूर्वानुमानन के लिए अनुमानित किए गए हैं, जैसाकि पहले स्पष्ट किया गया है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए कुल संशोधित आय वीसीटीपीएल द्वारा तदनुरूपी अवधि के लिए अनुमानित क्रमशः रु0 8571.75 लाख, रु0 9014.14 लाख और रु0 9459.96 लाख के विपरीत क्रमशः रु0 8181.86 लाख, रु0 9596.93 लाख और रु0 10171.52 लाख होती है।

(xii) संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.5.1 अपेक्षा करता है कि महापत्तनों/टर्मिनल प्रचालकों के व्यय पूर्वानुमान भारत सरकार द्वारा यथा घोषित सभी घटकों के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के मौजूदा आवागमन के संदर्भ में मूल्य उतार–चढ़ावों के लिए समायोजित प्रशुल्क के अनुसार होना चाहिए। वर्ष 2014–15 के दौरान निपटान किए जाने वाले प्रशुल्क मामलों के संबंध में अंगीकृत किया जाने वाला वृद्धि कारक 6 प्रतिशत घोषित किया गया है। कुल लागत मदों जैसे मैनपावर लागत, ईंधन लागत आदि का अनुमान लगाने के लिए वीसीटीपीएल द्वारा लागू की गई वार्षिक वृद्धि 10 प्रतिशत है और बिजली लागत लगभग 13 प्रतिशत है जोकि स्वीकार्य स्तर से अधिक पाया गया है। हमारे विश्लेषण में, वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 के लिए अनुमान तत्संबंधी पिछले वर्षों के वास्तविकताओं/अनुमान पर 6 प्रतिशत का वार्षिक वृद्धि कारक लागू करते हुए संशोधित किए गए हैं जहां कहीं वीसीटीपीएल द्वारा लागू की गई वार्षिक वृद्धि उल्लिखित स्तर से अधिक है।

(xii) प्रचालन और प्रत्यक्ष लेबर लागत तथा अनुरक्षण लेबर लागत का अनुमान लगाने के लिए मैनपावर की संख्या 2013–14 के स्तर पर अर्थात् वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष हेतु क्रमशः 94 और 82 है, पर अनुमानित किया गया है जिसपर विश्वास किया गया है।

वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित प्रचालन तथा प्रत्यक्ष लेबर और अनुरक्षण लेबर की वास्तविक औसत लागत वर्ष 2013714 के दौरान क्रमशः रु0 2.92 लाख प्रतिवर्ष और रु0 4.15 लाख प्रतिवर्ष है। प्रचालन तथा प्रत्यक्ष लेबर के अनुमान तत्संबंधी पिछले वर्षों के अनुमानों पर वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए 10 प्रतिशत वार्षिक तक वृद्धि की गई देखा गया है। हमारे विश्लेषण में, वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमान 6 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि कारक लागू करते हुए संशोधित किए गए हैं।

(xvi). अनुमानित उपस्कर चालन लागत में बिजली लागत, ईंधन लागत और मरम्मत एवं अनुरक्षण की लागत शामिल है। अनुमान की प्रत्येक मदों पर निम्नलिखित अनुच्छेदों में चर्चा की गई है:–

(क) (i) वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक बिजली उपभोग 16.45 इकाईयां प्रति टीईयू प्रतिवेदित किया गया है। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 हेतु घाट क्रेनों, प्रशीतन कंटेनर, उच्च मस्त टावरों तथा अन्य क्षेत्र द्वारा बिजली उपभोग के ब्योरे भेजे हैं जिसके आधारपर औसत बिजली उपभोग 16.45 इकाई/टीईयू बताया गया है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए, वीसीटीपीएल ने क्रमशः 19.00 इकाईयां/टीईयू, 17.59 इकाईयां/टीईयू और 17.42 इकाईयां/टीईयू के बिजली उपभोग का अनुमान लगाया है। वर्ष 2013–14 में 16.45 इकाईयां/टीईयू से वर्ष 2014–15 में 19 इकाईयां/टीईयू के वास्तविक बिजली उपभोग से बिजली उपभोग में वृद्धि के कारण और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए ऊपर अनुमानित स्तर अस्पष्ट रह गए हैं। अतः, वर्ष 2014–15 के लिए प्रति टीईयू बिजली उपभोग 2013–14 के स्तर पर सुविचारित किया गया है।

वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए बिजली उपभोग के संबंध में, प्रेषित बिजली उपभोग के विस्तृत परिकलन से यह देखा गया है कि वीसीटीपीएल को वर्ष 2015716 में सौर संयंत्र के संस्थापन की वजह से वर्ष 2016–17 में 85,674 इकाईयां और वर्ष 2013–14 में 3,42,132 इकाईयां से 2015–16 में 62,565 इकाई अन्य क्षेत्रों (आईटी, गेट कॉम्पलेक्स, वर्कशाप, सबस्टेशन, कैंटीन) में बिजली उपभोग में कटौती होने की उम्मीद है। इसलिए, अन्य क्षेत्रों में बिजली उपभोग में कटौती वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित स्तरपर हमारे लागत विवरण में सुविचारित की गई है। इसकी वजह से, वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में 16.45 इकाई के औसत बिजली उपभोग को कम करके वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए क्रमशः 15.36 इकाईयां/टीईयू और 15.42

इकाईयां/टीईयू किया गया है। तदनुसार, 15.36 इकाईयां/टीईयू और 15.42 इकाईयां/टीईयू का संशोधित बिजली उपभोग क्रमशः वर्ष 2015–16 और 2016–17 के लिए सुविचारित किया गया है। बिजली लागत संशोधित यातायात अनुमानन के लिए अनुमानित की गई है।

(ii) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 9.59, रु0 10.92 तथा रु0 12.39 की कुल प्रति इकाई बिजली लागत पर विचार किया है। वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित कुल प्रति इकाई बिजली लागत में तत्संबंधी पिछले वर्षों के वास्तविक/अनुमानों पर वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः 13 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और 13 प्रतिशत है। वीसीटीपीएल द्वारा लागू किया गया वृद्धि कारक 6 प्रतिशत वार्षिक के स्वीकार्य स्तर की अपेक्षा अधिक है। इसलिए, बिजली की इकाई लागत में वृद्धि 6 प्रतिशत वार्षित तक सीमित की गई है जैसाकि अनुवर्ती अनुच्छेद में स्पष्ट किया गया है।

वीसीटीपीएल द्वारा प्रतिवेदित वर्ष 2013714 के लिए बिजली की औसत कुल वास्तविक इकाई लागत रु0 8.51 है जिसमें रु0 7.57 प्रति इकाई की परिवर्तनीय लागत और निर्धारित लागत घटक होते हुए शेष रु0 0.93/इकाई शामिल है। वीसीटीपीएल ने इस आंकड़े को प्रमाणित करने के लिए मार्च 2014 से सितम्बर 2014 माह के लिए आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एपीईआरसी) के प्रशुल्क आदेश की प्रति भेजी है। ऐसी स्थिति में, वर्ष 2013–14 के लिए प्रतिवेदित वास्तविक औसत परिवर्तनीय बिजली लागत को आधार रूप में लिया गया है और वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष के स्वीकार्य वृद्धि स्तर द्वारा वर्धित किया गया है।

निर्धारित लागत के संबंध में, वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 में 990 केवीए/माह से वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए 1100 केवीए तक केवीए मांग में वृद्धि का अनुमान लगाया है, जिसपर इस विश्लेषण में विश्वास किया गया है। वीसीटीपीएल ने रु0 350/केवीए के समान स्तर पर निर्धारित लागत को बनाए रखा है। हमारे विश्लेषण में, निर्धारित बिजली लागत हेतु इकाई दर में 6 प्रतिशत वृद्धि पर विचार किया गया है। इस प्रकार, लागत विवरा में स्वीकृत बिजली की कुल प्रति इकाई लागत वर्ष 2014715 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 9.21, रु0 9.66 और रु0 10.16 है।

(ख) वर्ष 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा प्रतिवेदित वास्तविक ईंधन उपभोग 1.76 लिटर प्रति टीईयू है। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए 1.90 लिटर प्रति टीईयू के ईंधन उपभोग का अनुमान लगाया है। चूंकि वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित ईंधन उपभोग तुलनीय है और वास्तव में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए 1.96 लिटर प्रति टीईयू के औसत ईंधन उपभोग की अपेक्षा कम है, इसलिए 1.90 लिटर प्रति टीईयू पर ईंधन उपभोग वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित विचार किया गया है।

वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2013–14 के लिए सुविचारित ईंधन की इकाई लागत रु0 63.24 प्रति लिटर है। अनुवर्ती वर्षों 2014–15 से 2016–17 के लिए, वीसीटीपीएल ने 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का अनुमान लगाया है जिसे संशोधित किया गया है और 6 प्रतिशत वार्षिक पर विचार किया गया है।

(ग) वीसीटीपीएल ने बताया है कि मरम्मत और अनुरक्षण लागत वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक मरम्मत लागत पर 6 प्रतिशत का वृद्धि कारक लागू करते हुए अनुमानित की गई है। इसके अलावा, सकल प्रखंड के लिए प्रस्तावित संवर्धनों पर, मरम्मत लागत अभियांत्रिक उपस्कर की पूंजी लागत पर 2 प्रतिशत और पूंजी सिविल लागत पर 1 प्रतिशत पर अनुमानित की गई है। अनुवर्ती वर्षो 2015–16 तथा 2016–17 के लिए इस लागत मद का अनुमान लगाने के लिए वीसीटीपीएल द्वारा यही दृष्टिकोण अनुसरित किया बताया गया है। यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि वर्ष 2013–14 के लिए उपभोग किए गए भंडारों तथा पुर्जों सहित वास्तविक मरम्मत और अनुरक्षण लागत रु0 474.68 लाख बताई गई है। उसके विपरीत, वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित भंडारों तथा पुर्जों सहित मरम्मत और अनुरक्षण लागत क्रमशः रु0 861.27 लाख, रु0 674.92 लाख और रु0 809.98 लाख है। वर्ष 2014–15 के लिए मरम्मत और अनुरक्षण लागत में वृद्धि वर्ष 2013–14 के लिए प्रतिवेदित वास्तविक मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत पर 81 प्रतिशत परिगाति होती है।

यह देखा गया है कि वर्ष 2014–15 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत में पुरानी आरटीजीसी के लिए एकमुश्त प्रमुख मरम्मतों/रिफरबिशमेंट के लिए रु0 160 लाख और जेट्टी की प्रमुख मरम्मत लागत तथा इसके ढांचागत निष्ठा जांच के लिए रु0 114.55 लाख भी शामिल हैं।

हमारे विश्लेषण में, परिसंपत्तियों के मौजूदा सकल परिसंपत्ति प्रखंड पर मरम्मतों तथा अनुरक्षण का अनुमान लगाने के लिए, 31 मार्च 2014 को प्रतिवेदित वास्तविक मरम्मत तथा अनुरक्षण लागत को वर्ष 2014–15 से 2015–16 के प्रत्येक वर्ष के लिए 6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू करते हुए आधार रूप में लिया गया है।

इस चक्र में जोड़ी जाने के लिए प्रस्तावित परिसंपत्तियों पर संवर्धनात्मक मरम्मतों और अनुरक्षण लागत का ध्यान रखने के लिए, मरम्मत और अनुरक्षण लागत वीसीटीपीएल द्वारा अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार और वीसीटीपीएल के पिछले प्रशुल्क आदेश में भी सिविल परिसंपित्तयों पर 1 प्रतिशत और अभियांत्रिक उपस्कर के 2 प्रतिशत पर अनुमान लगाया है। यही दृष्टिकोण अन्य निजी टर्मिनलों जैसे वीसीटीपीएल, मै. टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (टीएमआईएलएल), वीएसपीएल और एसडब्ल्यूपीएल पर भी एकसमान रूप से लागू किए गए हैं।

वर्ष 2014–15 में रु0 274.55 लाख (अर्थात् रु0 160 लाख और रु0 114.55 लाख) के वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित कुल एकमुश्त मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय जिसे कोटेशनों की प्रतियों द्वारा प्रमाणित किया गया है, वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित दस्तावेजी साक्ष्य पर विश्वास करते हुए प्रशुल्क निर्धारण में स्वीकार किया गया है। तथापि, चूंकि इस एकमुश्त मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय का लाभ वर्ष 2014–15 के बाद प्रोद्भूत होगा, इसे 2014–15 से 2016–17 के मौजूदा प्रशुल्क चक्र में बांटा गया है।

उपर्युक्त विश्लेषण के आलोक में, सुविचारित संशोधित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत तदनुरूपी वर्षों के लिए वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित क्रमशः रु0 861.27 लाख, रु. 674.92 लाख और रु0 809.98 लाख के विपरीत वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 352.03 लाख, रु. 397.51 लाख और रु. 490.04 लाख है।

(xvii) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 से 2015–16 के लिए अगली उच्चतम बोली अर्थात प्रति टीईयू रॉयल्टी के 49 प्रतिशत की सीमा तक पास थ्रू के रूप में रॉयल्टी भुगतान का अनुमान लगाया है जोकि प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार है। हमारे विश्लेषण में, संशोधित यातायात अनुमानन पर 49 प्रतिशत की स्वीकार्य रॉयल्टी भुगतान पर विचार करने के अधीन यही दृष्टिकोण अनुसरित किया गया है। तदनुसार, वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 430.47 लाख, रु0 667.38 लाख और रु0 764.78 लाख का अनुमानित रॉयल्टी भुगतान वीसीटीपीएल द्वारा तदनुरूपी अवधि के लिए अनुमानित क्रमशः रु0 471.63 लाख, रु0 657.21 लाख और रु0 747.25 लाख के विपरीत संशोधित यातायात अनुमान के आधार पर विचार किया गया है।

(xviii) (क) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 875.01 लाख, रु0 1013.45 लाख और रु0 1107.09 लाख उपस्कर किराया प्रभार का अनुमान लगाया है। उपस्कर किराया प्रभार में (क) वीसीटीपीएल द्वारा आउटसोर्स किए गए आंतरिक कंटेनर आवागमन के लिए और (ख). कुछ उपस्कर किराये पर लेने के लिए किराया प्रभार शामिल हैं।

वीसीटीपीएल ने बताया है कि उसने आंतरिक कंटेनर आवागमन से संबंधित करार सेवा आउटसोर्स की है और करार 30 नवम्बर, 2014 तक वैध है तथा लागत पूर्व दरों के सामान्य 20′ तथा 40′ कंटेनर के लिए क्रमशः रु0 310 और रु0 340 और पोतांतरण कंटेनर के लिए 20′ और 40′ के लिए क्रमशः रु0 233 और रु0 285 के आधार पर अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2014–15 के लिए, अनुवर्ती दो वर्षों 2015–16 तथा 2016–17 के लिए क्रमशः वीसीटीपीएल द्वारा इकाई दर में 6 प्रतिशत वृद्धि प्रतिवर्ष लागू की गई है।

तत्पश्चात, वीसीटीपीएल ने नवम्बर 2014 में संविदाकार के साथ उसके द्वारा हस्ताक्षरित संशोधित करार की प्रति प्रस्तुत की है। वीसीटीपीएल ने पुष्टि की है कि नया करार प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद हस्ताक्षर किया गया है और यह भी बताया है कि उन्होंने दरों पर दोबारा मोलभाव किया था और बढ़ती मात्राओं के लेखा पर संविदाकार के साथ इकाई दरों में कमी की थी। इस रुझान को लीवरेज करने के लिए और प्रचालन लागतों को कम करने के लिए, विभिन्न कंटेनर श्रेणियों के लिए पहले निर्धारित विभिन्न दरों की बजाय कीमतें जलयान से यार्ड तक कंटेनर आवागमन के लिए रु0 220 प्रति टीईयू और रेलवे यार्ड से वैगन तक आवागमन के लिए रु0 220 प्रति टीईयू की एकसमान दर पर निर्धारित की गई बताई हैं। संशोधित दरें चार वर्षों की अवधि अर्थात् 30 जून, 2018 तक के लिए जुलाई 2014 से लागू हैं। वीसीटीपीएल ने लागत विवरण में संशोधित दर के प्रभाव को नहीं लिया है। कंटेनर आवागमन प्रभारों के लिए उपस्कर किराया प्रभारों का अनुमान 1 जुलाई 2014 से आगे नए करार अनुबंध में निर्धारित इकाई दरों पर विचार करते हुए संशोधित किया गया है। वर्ष 2014–15 के लिए 1 अप्रैल, 2014 से 30 जून 2014 तक की अवधि के लिए, यह मद वीसीटीपीएल द्वारा निर्दिष्ट पुराने करार के अनुसार दर के आधार पर अनुमानित की गई है। ऐसी स्थिति में, वर्ष 2015–16 और 2016–17 के लिए इस लागत मद के अनुमानन में 6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि स्वीकृत की गई है। यह लागत घटक वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए संशोधित यातायात अनुमानन पर अनुमानित किया गया है।

(ख) संशोधित लागत विवरण में वीसीटीपीएल ने 2014–15 में रु0 150.80 लाख, 2015–16 में रु0 203.61 लाख और 2016–17 में रु0 203.95 लाख की दर से उपस्कर के किराये की लागत का अनुमान लगाया है।

इसमें यार्ड मरम्मत और अन्य हाउस कीपिंग प्रयोजन जिसमें 6 प्रतिशत वार्षिक तक वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया है, हेतु सामान्य उपस्कर के किराये के लिए रु0 5 लाख प्रतिवर्ष शामिल है। इसके अलावा, इसमें अक्तूबर 2014 तक रु0 3 लाख प्रति उपस्कर प्रतिमाह की दर से 3 रीच स्टेकरों के लिए किराया प्रभार और नवम्बर 2014 से रु0 5.50 लाख प्रति रीच स्टेकर के संशोधित किराया प्रभार शामिल हैं। वीसीटीपीएल ने रीच स्टेकर के लिए अनुमानित किराया प्रभार के समर्थन में इसके द्वारा किए गए करार दिनांक 1 जनवरी, 2014 की प्रति भेजी है। इस दस्तावेजी साक्ष्य को देखने पर, यह देखा गया है कि करार तीन वर्षों की अवधि अर्थात् 1 जनवरी, 2017 तक के लिए रु0 3 लाख प्रति रीच स्टेकर/माह की दर से 3 रीच स्टेकर के किराये के लिए है। वीसीटीपीएल ने अनुमानन में अपने द्वारा सुविचारित रु0 5.50 प्रति माह प्रति रीच स्टेकर का संशोधित किराया प्रभार प्रमाणित करने के लिए कोई संशोधित करा नहीं भेजा है। ऐसी स्थिति में, रीच स्टेकर के लिए किराया प्रभार सभी तीन वर्षों अर्थात् 2014715 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा उपलब्ध करवाए गए दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर 3 रीच स्टेकरों के लिए रु0 3 लाख प्रति रीच स्टेकर/माह पर अनुमानित किया गया है। यार्ड मरम्मत और अन्य हाउस कीपिंग प्रयोजन के लिए सामान्य उपस्कर हेतु किराया प्रभार के संबंध में, वीसीटीपीएल ने कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं भेजे हैं। यह स्वीकार करते हुए कि व्यय की यह मद विशिष्ट प्रयोजनों के लिए रु0 5 लाख प्रति वर्ष पर अनुमानित की गई है और अनुमानित व्यय बहुत महत्वपूर्ण नहीं है और प्रशुल्क पर इसका कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नही है, यह वर्ष 2014–15 के लिए वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित स्वीकार किया गया है। वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए, इस लागत मद पर 6 प्रतिशत वृद्धि वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित स्वीकृत की गई है।

(xix) वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित पट्टा किराये वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान रु0 85.90 लाख प्रतिवर्ष है। वीपीटी ने पुष्टि की है कि वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित पट्टा किराया सही है। इसलिए, वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित पट्टा किराया विश्लेषण में सुविचारित किया गया है।

वीसीटीपीएल ने बताया है कि वीपीटी आगामी वर्षों में पट्टा किराया बढ़ाने की तैयारी में है जिसके लिए उनके द्वारा भूमि मूल्यांकन करवाया जा रहा है। इसलिए, किसी भी बढ़ोतरी के मामले में, वीसीटीपीएल अपने प्रशुल्क में इस लागू करने के लिए इस प्राधिकरण का रूख करेगा यदि यह मौजूदा प्रशुल्क चक्र के दौरान किया जाता है। वीपीटी भूखंडों का पट्टा किराया वर्ष 2013 में समाप्त हो चुका है और संशोधन के लिए देय है तथा इसलिए वीसीटीपीएल द्वारा कही गई बात विचारणीय है। यदि वीपीटी पत्तन भूखंडों के लिए पट्टा किराया संशोधित करता है और संशोधित पट्टा किराया वीपीटी द्वारा वीसीटीपीएल के साथ किए गए लाइसेंस करार के प्रावधानों के अनुसार लागू किया जाता है तो ऐसे परिदृश्य में, वीसीटीपीएल मौजूदा प्रशुल्क चक्र के दौरान उस सीमा तक प्रशुल्क संशोधित करने के लिए इस प्राधिकरण का रूख कर सकता है।

(xx) वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक बीमा लागत रु0 80.81 लाख बताया गया है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल द्वाराअनुमानित बीमा लागत क्रमशः रु0 96.42 लाख, रु0 125.71 लाख तथा रु0 200.53 लाख हैं। वीसीटीपीएल ने बीमा कवर की प्रतियां भेजी हैं जो सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 तक की अवधि के लिए लिए गए बीमा हेतु प्रीमियम राशि रु0 87.56 लाख दर्शाती है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु बीमा लागत का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने आधार के रूप में तत्संबंधी पिछले वर्षों के वास्तविक अनुमानित बीमा पर विचार किया है। इसके अलावा, इसने तत्संबंधी वर्षों के दौरान तैनात किए जाने के लिए प्रस्तावित सिविल तथा उपस्कर हेतु पूंजी संवर्धनों की लागत के 1 प्रतिशत पर विचार किया है।

यह देखा गया है कि 2014–15 के लिए प्रतिवेदित वास्तविक बीमा लागत के आधार पर, बीमा लागत परिसंपत्तियों के सकल प्रखंड का लगभग 0.5 प्रतिशत परिगणित होता है। वर्ष 2013–14 में प्रतिवेदित रु0 80.81 लाख का वास्तविक बीमा प्रीमियम दो वर्षों 2014–15 तथा 2015–16 के लिए 31 मार्च 2014 को परिसंपत्तियों के मौजूदा परिसंपत्ति प्रखंड हेतु बीमा लागत के रूप में सुविचारित किया गया है। परिसंपत्तियों के सकल प्रखंड में संवर्धनों के लिए, बीमा लागत 0.50 प्रतिशत लागू करते हुए अनुमानित की गई है। यह संशोधन पूर्व अवधि 2011–12 से 2013–14 के लिए भी किया गया है, वीसीटीपीएल द्वारा प्रोद्भूत वास्तविक बीमा लागत संवर्धनों पर सकल प्रखंड के 1 प्रतिशत के आधार पर पिछले प्रशुल्क आदेश में स्वीकृत बीमा लागत से काफी कम पाया गया है। लागत विवरण में सुविचारित वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु संशोधित बीमा लागत क्रमशः रु0 93.46 लाख, रु0 113.71 लाख और रु0 157.95 लाख है।

(xxi) वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित अन्य व्ययों में मैनपावर किराये पर लेने के लिए लागत, टैली प्रभार, बांधना खोलना व्यय, प्रशीतन अनुवीक्षण, सुरक्षा व्यय, जांच करना, वीपीटी रेल प्रभार आदि शामिल हैं।

वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए मैन पावर की किराया लागत का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर विचार किया है जिसे संशोधित किया गया है और संशोधित लागत विवरण में 6 प्रतिशत तक सीमित किया गया है।

टैली प्रभारों तथा बांधना/खोलना प्रभारों हेतु करार नवीकृत कराए बताए गए हैं और नवीकृत करार क्रमशः जुलाई 2014 से जून 2016 तक और जुलाई, 2014 से मार्च, 2016 तक वैध हैं। वीसीटीपीएल ने करार की अवधि के लिए संशोधित करार के आधारपर बांधना/खोलना के लिए टैली प्रभारों तथा प्रभारों का अनुमान लगाया है। करार की वैधता अवधि के बाद 9 महीनों की अवधि अर्थात् जुलाई 2016 से मार्च 2017 अवधि और वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए बांधना तथा खोलना व्यय के लिए वर्ष 2016–17 हेतु टैली प्रभारों का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू की है। वर्ष 2016–17 के लिए इन दो मदों का अनुमान लगाने के लिए वीसीटीपीएल द्वारा लागू की गई 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को संशोधित कर 6 प्रतिशत की स्वीकार्य वार्षिक वृद्धि किया गया है।

वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए मैन पावर की किराया लागत का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने 2012–14 की वास्तविक लागत को आधार रूप में लेते हुए 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू की है। संशोधित लागत विवरण में वार्षिक वृद्धि संशोधित कर 6 प्रतिशत की गई है।

वीपीटी रेल प्रभारों का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 हेतु यथा निर्धारित प्रभारों रु0 2 लाख प्रतिवर्ष पर विचार किया है और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए, इसने पिछले वर्षों के अनुमानों पर 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू की है। वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए रेल प्रभारों का अनुमान 6 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू करते हुए संशोधित किया गया है।

प्रशीतन अनुवीक्षण तथा कनेक्शन प्रभार और जांच पूर्व निरीक्षण (पीटीआई) प्रभारों हेतु, वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित करार प्रति दर्शाती है कि करार की वैधता 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2016 है। वीसीटीपीएल ने प्रशीतन अनुवीक्षण के लिए करार में निर्धारित दर अर्थात् रु0 36/– 8 घंटों की एक पाली के लिए और रु0 275 प्रति निरीक्षण की दर से इस लागत का अनुमान लगाया है। वीसीटीपीएल का अनुमान अनुमानन में सुविचारित संशोधित यातायात पूर्वानुमानन के लेखा पर इसे संशोधित करने के सिवाय स्वीकार किया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2016–17 के लिए, वीसीटीपीएल ने मौजूदा इकाई दर पर 10 प्रतिशत वृद्धि पर विचार किया है जिससे संशोधित किया गया है और 6 प्रतिशत पर सुविचारित किया गया है।

इस शीर्ष के अधीन अन्य मदें वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक लागत को आधार रूप में लेते हुए और 6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू करते हुए, जोकि वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित स्तर पर सुविचारित किया गया है, वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित किया गया है।

(xxii) जैसाकि पहले बताया गया है, वीसीटीपीएल को तकनीकी ज्ञान तथा प्रबंधकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए दुबई पोटर्स इंटरनेशनल तथा यूनाइटेड लाइनर एजेंसीज (यूएलए) के साथ वीसीटीपीएल द्वारा पहले किए गए तकनीकी सेवा करार पांच वर्षों की अवधि के लिए था और सब्सिडी दी गई है। पुराने करार

के मामले में टीएसएफ को दिया गया संव्यवहार पिछले प्रशुल्क चक्र से संबंधित पिछली अवधि कार्यनिष्पादन का विश्लेषण करते समय स्पष्ट किया गया है।

जैसाकि पहले भी बताया गया है, वीसीटीपीएल ने पांच वर्षों की अवधि के लिए, नए उपस्कर हेतु तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए डीपी वर्ल्ड एफजेडई (डीपीडब्ल्यूएफ) के साथ 10 मार्च, 2011 को नया करार किया गया है। तथापि,इस संबंध में वीसीटीपीएल द्वारा प्रेषित करार प्रति दर्शाती है कि यह करार वीसीटीपीएल में सम्पूर्ण प्रचालनों हेतु समग्र सलाह सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु किया गया है। उक्त सेवाओं के लिए वीसीटीपीएल डीपीडब्ल्यूएफ को 50000 अमेरिकी डॉलर की वार्षिक निर्धारित शुल्क अदा करना होगा।

यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि मार्च 2011 में वीसीटीपीएल द्वारा किया गया उपर्युक्त करार इसके प्रवर्तकों में से एक को शामिल करते हुए एक संगठन के साथ है। मार्च, 2005 प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.8.1 के अनुसार, निजी टर्मिनलों द्वारा अपने प्रवर्तकों अथवा उनके एसोसिएट अधिकारी को निजी टर्मिनलों द्वारा देय तकनीकी सेवा शुल्क (टीएसएफ) प्रशुल्क निर्धारण प्रयोजनों के लिए लागत की मद के रूप में स्वीकार किया जा सकता है यदि ''आर्म्स लैंथ रिलेशनशिप' की यार्ड–स्टिक आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन यथा परिभाषित स्थापित की गई है। जैसाकि हमारे पिछले आदेश में पहले ही बताया गया था कि वीसीटीपीएल से आयकर प्रयोजन हेतु लागत की मद के रूप में टीएसएफ स्वीकृत करने वाला प्रासंगिक आयकर निर्धारण आदेश भेजने और नए करार से उत्पन्न वास्तविक टीएसएफ का समर्थन करने का दस्तावेजी साक्ष्य भी भेजें और दर्शाएं कि तकनीकी सेवा शुल्क संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.8.2 के अधीन यथा अपेक्षित आईटी प्राधिकारियों द्वारा यथा व्यय स्वीकार किया गया है। जैसाकि पिछले अनुच्छेदों में बताया गया है, वीसीटीपीएल ने पुराने करार के संदर्भ में निर्धारण वर्षों अर्थात् 2004–05 से 2009–10 हेतु आयकर निर्धारण आदेश भेजे हैं। दूसरे करार के संदर्भ में, वीसीटीपीएल ने आयकर निर्धारण आदेश नहीं भेजे हैं। वीसीटीपीएल ने अनुरोध किया है कि तकनीकी शुल्क के प्रथम करार के लिए टीएसएफ पहले ही स्वीकृत किया गया है, दूसरे करार के संदर्भ में टीएसएफ को भी व्यय की मद के रूप में स्वीकार किया जा सकता है तथा दोनों में निबंधन एवं शर्तें एकसमान हैं और प्रथम करार के मामले में संव्यवहार और आर्म्स लैंथ संव्यवहार आयकर विभाग द्वारा स्वीकार किए गए हैं। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2011–12 के लिए इसके द्वारा दाखिल की गई आयकर विवरणियां भी भेजें और यह स्थापित करने के लिए आयकर अधिनियम की धारा 92(ई) के अधीन निर्धारण वर्ष 2012–13 हेतु सहायक आयकर आयुक्त के समक्ष अपने द्वारा दाखिल की गई विवरणी की प्रति भी भेजें कि दूसरे करार का टीएसएफ आयकर अधिनियम, 1061 के प्रावधानों के अनुसार आर्म्स लैंथ कीमत के संबंध में निर्धारित किया गया है।

दूसरे करार के संदर्भ में और वीसीटीपीएल द्वारा किए गए निवेदनों के मद्देनजर भी कि आयकर विभाग द्वारा पुराना करार व्यय रूप में स्वीकार किया गया है जिसे आयकर निर्धारण आदेशों द्वारा प्रमाणित किया गया है, और यह स्वीकार करते हुए कि टीएसएफ के लिए दूसरे करार की शर्तें पुराने करार के अनुसार हैं, इस प्राधिकरण ने चालू चक्र में वीसीटीपीएल द्वारा किए गए दूसरे करार से मिलने वाले तकनीकी सेवा शुल्क पर विचार किया है। तथापि, वीसीटीपीएल अगले प्रशुल्क संशोधन के समय आयकर प्रयोजन के लिए लागत की मद के रूप में टीएसएफ स्वीकृत करते हुए प्रासंगिक आयकर निर्धारण आदेश भेजें और इस दूसरे करार अथवा अन्य से प्राप्त होने वाले टीएसएफ के वास्तविक भुगतान के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी भेजें, मौजूदा कार्यवाही में व्यय रूप में स्वीकृत दूसरा करार में संशोधित किया जाएगा अर्थात् अगले प्रशुल्क संशोधन में समाप्त किया जाएगा।

यह देखा गया है कि वीसीटीपीएल ने परियोजना अवधि में दूसरे करार के संदर्भ में टीएसएफ प्रभाजित नहीं किया है जैसाकि प्रथम करार के संदर्भ में किया गया था। हमारे द्वारा तैयार किए गए लागत विवरण में, लेखापरीक्षित लेखों में प्रतिवेदित वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वास्तविक टीएसएफ और वर्ष्ज 2014–15 तथा 2015–16 के लिए अनुमानित टीएसएफ के जोड़ रु0 143.24 करोड़ को वर्ष 2014–15 से आगे 18 वर्षों की शेष परियोजना अवधि में प्रभाजित किया गया है और वार्षिकीकृत प्रभाव अर्थात् रु0 7.95 लाख लागत विवरण में सुविचारित किया गया है। प्रथम तथा दूसरे करार के संदर्भ में लागत विवरण में सुविचारित कुल टीएसएफ प्रथम करार के लिए रु0 23.65 लाख अर्थात् रु0 15.70 लाख और दूसरे करार के लिए रु0 7.95 लाख है।

(xxiii) दिशानिर्देशों के खंड 2.4.1 में बताया गया है कि कुशलता के लिए तलचिह्न स्तर तत्काल पूर्ववर्ती प्रशुल्क चक्र में अर्जित समान टर्मिनल में समान प्रचालक का औसत कार्यनिष्पादन होगा। इस प्रयोजन के लिए, उस पिछले प्रशुल्क चक्र से तत्काल पूर्ववर्ती प्रशुल्क चक्र, जो समाप्त हो चुका है, में प्रचालक द्वारा अर्जित लागत कटौती करनी होगी।

वीसीटीपीएल ने लागत विवरण में ईंधन के मामले में वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए रु0 2.70 लाख के कुशलता लाभ का दावा किया है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए रु0 2.70 लाख प्रतिवर्ष की दर से वीसीटीपीएल द्वारा दावाकृत कुशलता लाभ उसके द्वारा परिकलित विस्तृत कुशलता लाभ से मेल नहीं खाता है। विस्तृत परिकलन में, वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 2.41 लाख, रु0 2.93 लाख और रु0 3.54 लाख के कुशलता लाभ का अनुमान लगाया है। इस प्रयोजन के लिए, वीसीटीपीएल ने पिछले तीन वर्ष प्रखंड अर्थात् 2008–09 से 2010–11 के लिए वास्तविक औसत ईंधन उपभोग पर पिछले प्रशुल्क चक्र अर्थात् वर्ष 2011–12 से 2013–14 के दौरान अर्जित ईंधन में लागत कटौती की तुलना की है। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2008–09 से 2010–11 के लिए क्रमशः 1.90 लिटर, 2.06 लिटर और 1.98 लिटर से वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 को कवर करते हुए पिछले प्रशुल्क चक्र के दौरान क्रमशः 2.30 लिटर, 1.84 लिटर तथा 1.76 लिटर प्रति टीईयू ईंधन उपभोग में समग्र कटौती के बारे में बताया है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रतिवेदित वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए औसत ईंधन उपभोग 1.98 लिटर प्रति टीईयू पर प्रतिवेदित तीन वर्षों के पूर्ववर्ती प्रखंड के लिए औसत ईंधन उपभोग के विपरीत 1.96 लिटर प्रति टीईयू है। इसका अर्थ है 0.02 लिटर प्रति टीईयू की कटौती पूर्ववर्ती प्रशुल्क चक्र में ईंधन के औसत उपभोग के संदर्भ में वर्ष 2011–12 से 2013–14 में वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित की गई है। वीसीटीपीएल ने कुशलता लाभ का अनुमान लगाने के लिए 0.012 लिटर प्रति टीईयू की दर से औसत ईंधन उपभोग में अर्जित बचतों के 50 प्रतिशत पर विचार किया है।

वीसीटीपीएल द्वारा अंगीकृत दृष्टिकोण मामूली टाइपिंग गलती के सिवाय प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.4.1 के अनुसार पाया गया है। 0.02 ईंधन बचत का 50 प्रतिशत 0.01 लिटर प्रति टीईयू होता है ना कि वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित 0.012 लिटर प्रति टीईयू और इसलिए इसे उस सीमा तक सही किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा अंगीकृत उपर्युक्त दृष्टिकोण सही पाया गया है और इसलिए कुशलता लाभ के निर्धारण के लिए विचार किया गया है। कुशलता लाभ के परिकलन में किए गए अन्य संशोधन वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु यातायात अनुमानन है जोकि पहले स्पष्ट किए गए संशोधित स्तर पर सुविचारित किया गया है और ईंधन की इकाई दर वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की बजाय 6 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू करते हुए ईंधन की संशोधित इकाई दर पर विचार किया है। उपर्युक्त संशोधन के परिणामस्वरूप, संशोधित कुशलता लाभ वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित रु0 2.41 लाख, रु0 2.92 लाख और रु0 3.51 लाख के विपरीत वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः रु0 1.62 लाख, रु0 2.02 लाख और रु0 2.27 लाख होता है। कुशलता लाभ के परिकलन की प्रति **अनुबंध–II** रूप में संलग्न की गई है।

(xxiv) संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.7.1 विनिर्दिष्ट करता है कि निजी टर्मिनलों के मामले में, मूल्यह्रास कम्पनी अधिनियम, 1956 के अनुसार अंगीकृत जीवनकाल प्रतिमानकों के साथ स्ट्रेट लाइन पद्धति पर अथवा रियायत करार में निर्धारित जीवनकाल प्रतिमानकों के आधार पर, जो भी अधिक हो, स्वीकृत किया जाएगा। वीसीटीपीएल ने पुष्टि की है कि उसने कम्पनी अधिनियम में यथा निर्धारित मूल्यह्रास दरों पर विचार किया है। प्रशुल्क निर्धारण के प्रयोजन के लिए, वीसीटीपीएल ने इस प्राधिकरण द्वारा पारित पूर्ववर्ती सामान्य संशोधन आदेशों में अनुसरित दृष्टिकोण के अनुसार परियोजना अवधि में अपफ्रंट शुल्क तथा पट्टाधारण प्रीमियम के प्रभाजन के मद्देनजर मूल्यह्रास आंकड़ों में उपयुक्त समायोजन किए हैं।

(xxv) प्रबंधन तथा प्रशासन उपरिव्ययों में प्रशासनिक स्टाफ का वेतन, यात्रा व्यय, विपणन व्यय तथा प्रशानिक व्यय शामिल हैं। वर्ष 2013–14 के लिए वास्तविक प्रबंधन तथा प्रशासन उपरिव्ययों रु0 2132.32 लाख होना बताया गया है जिसमें प्रशासनिक व्यय शीर्ष के अधीन रु0 994.34 लाख का कुल विदेशी मुद्रा विनिमय नुकसान भी शामिल है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए प्रबंधन एवं प्रशासन उपरिव्ययों का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने रु0 994.34 लाख के विदेशी मुद्रा विनिमय नुकसान को अलग रखा है और वर्ष 2013–14 के लिए रु0 1137.98 लाख का वास्तविक प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय आधार रूप में लेते हुए, वीसीटीपीएल ने स्टाफ लागत के अलावा सभी मदों का अनुमान लगाने के लिए 6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू की है। स्टाफ लागत के लिए, इसने 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू की है। वीसीटीपीएल का अनुमान स्टाफ लागत के अनुमानन में वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की बजाय 6 प्रतिशत वृद्धि लागू करते हुए संशोधित किया गया गया है। सभी अन्य मदें वीसीटीपीएल द्वारा यथा अनुमानित सुविचारित की गई हैं।

(xxvi) अपफ्रंट प्रशुल्क का प्रभाजन वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए रु0 12.53 लाख सुविचारित किया गया है जैसाकि पिछली अवधि के लिए किया गया है।

(xxvii) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 के लिए रु0 57.80 लाख के वास्तविक एफएमआई के विपरीत वर्ष 2014–15 से 2016–17 के प्रत्येक वर्ष के लिए क्रमशः रु0 25.00 लाख के वित्त एवं विविध आय (एफएमआई) का अनुमान लगाया है। चूंकि विविध आय से संबंधित एफएमआई, वीसीटीपीएल द्वारा लगाया गया अनुमान इस विश्लेषण में विश्वास किया गया है।

(xxviii) वित्त एवं विविध व्ययों के अधीन, वीसीटीपीएल ने भविष्य निधि में अंशदान के लिए अनुमानन पर विचार किया है। वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 हेतु भविष्य निधि में वास्तविक अंशदान को आधार रूप में लिया है और वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर विचार किया है। वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित 10 प्रतिात की बजाय 6 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर विचार करते हुए वीसीटीपीएल का अनुमान संशोधित किया गया है।

(xxix) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान परिसंपत्तियों के सकल प्रखंड में क्रमशः रु0 1561.40 लाख, रु0 2928.45 लाख और रु0 7482.18 लाख के संवर्धनों का अनुमान लगाया है। निवल अचल परिसंपत्तियों और कार्य पूंजी को शामिल करते हुए नियोजित पूंजी निम्नलिखित अनुच्छेदों में विश्लेषित की गई है:

(क). अचल परिसंपत्तियां:

(i). वर्ष 2014-15:

वीसीटीपीएल ने रु0 1651.40 लाख की अनुमानित लागत पर सकल प्रखंड में निम्नलिखित संवर्धनों का प्रस्ताव किया है:

| **विवरण** | **राशि (रु0)** | **स्थिति/अनुमानों हेतु आधार** |
|---|---|---|
| अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड और डब्ल्यूएस के निकट यार्ड) | 712.93 | |
| (ii). (लगभग 4000 वर्ग मी.) पर विश्वास करते हुए | 180.00 | अनुमान |

| | | |
|---|---|---|
| कंटेनर यार्ड | | |
| (iii). ओएनजीसी यार्ड | 291.43 | पहले ही पूंजीकृत किया गया है |
| (iv). नई वर्कशाप के निकट यार्ड | 120.75 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| (v). नई सीसीआर के निकट यार्ड | 120.75 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| | | |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 464.34 | |
| (i). उत्पादन अनुशंसित प्रक्रिया के अनुसार ढांचागत निरीक्षण | 200.00 | अनुमान |
| (ii). ऊर्जा अनुवीक्षण प्रणाली, ईंधन ब्राउजर | 104.34 | कोटेशन जमा की गई हैं |
| (iii). कंटेनर भारतोलन, डीजी–01, डीजल अनुवीक्षण प्रणाली, आदि | 160.00 | अनुमान |
| सिविल परिसंपत्ति | 135.15 | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| आईटी | 144.12 | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| कार्यालय उपस्कर | 99.85 | अनुमान/कोटेशन जमा की गई है |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | 5.00 | अनुमान |
| | | |
| वर्ष 2014–15 में सकल प्रखंड हेतु कुल संवर्धन | 1561.40 | |

वीसीटीपीएल ने उपर्युक्त प्रत्येक संवर्धन की वर्तमान स्थिति नहीं भेजी है। तथापि, वीसीटीपीएल द्वारा भेजे गए उपर्युक्त ब्योरों तथा पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में दिए गए कुछ संवर्धनों के लिए वीसीटीपीएल द्वारा किए गए विस्तृत निवेदनों के आधार पर, वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित सकल प्रखंड हेतु प्रस्तावित संवर्धनों पर विश्वास तथा विचार किया गया है।

(ii). वर्ष 2015–16 :

वर्ष 2015–16 के लिए प्रस्तावित सकल प्रखंड हेतु संवर्धन निम्नलिखित शीर्षों के अधीन दिए गए हैं:–

| **विवरण** | **राशि** | **स्थिति/अनुमानों हेतु आधार** |
|---|---|---|
| अतिरिक्त यार्ड विकास (ओएनजीसी यार्ड, सीसीआर यार्ड और डब्ल्यूएस के निकट यार्ड) | 312.31 | |
| | | |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 2360.61 | |
| (i). मौजूदा खराब चीजों जैसे डिजीटल ड्राइव, प्रोग्रामेबल लोजिक कंट्रोलर (पीएलसी), एब्सोल्यूट एनकोडर्स, सेंसर्स, आपरेटर कैबिन, कंट्रोल पैनल, नई | 539.03 | कोटेशन जमा की गई हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| जाय स्टिक, लोड सैल सिस्टम और क्यूसी 1 और क्यूसी 2 में अद्यतन मदों के साथ रिमोट से चलने वाली क्रेन प्रबंधन प्रणाली बदलना। | | |
| (ii). 200 केडब्ल्यू के लिए सौर संयंत्र | 164.35 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| (iii). मोबाइल फायर टेंडर, आरटीजीसी मदों हेतु डीजीपीएस तथा सीपीआईएस आदि, आनलाइन अनुवीक्षण प्रणाली। | 250.00 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| (iv). स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण | 13.50 | अनुमान |
| (v). प्रचालनात्मक उपस्कर | 1393.73 | अनुमान |
| | | |
| आईटी | 250.53 | कोटेशन जमा की गई हैं। |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | 5.00 | अनुमान |
| | | |
| कुल पूंजी व्यय | 2928.45 | |

वीसीटीपीएल ने उपर्युक्त प्रत्येक निवेश की मौजूदा स्थिति भेजी है। तथापि, वीसीटीपीएल द्वारा भेजे गए उपर्युक्त ब्योरों के आधार पर, वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित सकल प्रखंड में संवर्धन पर विश्वास तथा विचार किया गया है।

(iii). वर्ष 2016–17 :

सकल प्रखंड हेतु रु0 7482.18 लाख के निम्नलिखित संवर्धनों पर वीसीटीपीएल द्वारा विचार किया गया है:–

| **विवरण** | **राशि** | **स्थिति** |
|---|---|---|
| संयंत्र एवं मशीनरी | 7416.62 | |
| 1 आरएमक्यूसी तथा 2 आरटीजीसी बदलना, 2 नई आरटीजीसी और इलैक्ट्रिकल संस्थापन | 7116.62 | अनुमान |
| आरटीजीसी हेतु सीपीआईएस और डीजीपीएस (75 लाख X 6) | 300.00 | अनुमान |
| | | |
| आईटी | 50.56 | अनुमान और कोटेशन प्रस्तुत किए गए हैं |
| कार्यालय उपस्कर | 10.00 | अनुमान |
| फर्नीचर तथा जुड़नार | 5.00 | अनुमान |
| | | |
| कुल पूंजी व्यय | 7482.18 | |

वर्ष 2016–17 में सकल प्रखंड में कुल संवर्धनों में से, प्रमुख संवर्धन संयंत्र शीर्ष के अधीन हैं और 2 पुरानी आरटीजीसी एवं 1 आरएमक्यूसी बदलने के लिए संयंत्र तथा मशीनरी शीर्ष के अधीन हैं तथा इसके अलावा वर्ष 2016–17 के दौरान 2 नई आरटीजीसी की खरीद किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। वीसीटीपीएल ने बताया है कि उसके पास 2 पुरानी आरटीजीसी हैं जोकि 22 से 24 साल पुरानी हैं। यातायात में वृद्धि पर, वीसीटीपीएल ने कहा है कि इन उपस्करों पर कार्यबोझ बढ़ गया है और

जिसके परिणामस्वरूप बार–बार खराब हो रही हैं जोकि प्रचालनात्मक गतिविधियों को प्रभावित कर रही हैं। इसके अलावा, चूंकि क्रेनें 22 साल से अधिक पुरानी हैं, इन उपस्कर को कुशलतापूर्वक चलाने हेतु महत्वपूर्ण पुर्जे प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इसलिए, वीसीटीपीएल ने 2016–17 अवधि के दौरान 2 पुरानी आरटीजीसी को 2 नई से बदलने का प्रस्ताव किया है। इसके अलावा, वीसीटीपीएल ने दो नई आरटीजीसी जोड़ने का प्रस्ताव किया है।

इसके अलावा, वीसीटीपीएल ने 2 आरएमक्यूसी बदलने का प्रस्ताव किया है क्योंकि क्रेनें 30 वर्षों से अधिक पुरानी हैं और बड़े आकार के पोतों को प्रहस्तित करने में असमर्थता की वजह से पोत पर समग्र प्रचालनात्मक कार्यनिष्पादन प्रभावित हो रहा है। 2 पुरानी आरएमक्यूसी में से, वीसीटीपीएल ने एक आरएमक्यूसी वर्ष 2016–17 में मौजूदा प्रशुल्क चक्र में बदलने और दूसरी अगले प्रशुल्क चक्र में बदलने की योजना बनाई है। नई घाट क्रेन से वीसीटीपीएल बड़े कंटेनर पोतों का प्रहस्तन करने में समर्थ होगा और वर्तमान उत्पादकता स्तरों को भी बनाए रखेगा, ऐसी संभावना है। आरटीजीसी तथा आरएमक्यूसी हेतु पूंजी लागत का अनुमान लगाने के लिए, वीसीटीपीएल ने नए उपस्कर के अनुमान से पुराने उपस्कर की कबाड़ कीमत को घटाया है जिसपर इस विश्लेषण में विश्वास किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा यथा–अनुमानित पूंजी लागत पर विश्वास किया गया है।

विशेष अनुरोध किए जाने के बावजूद वीपीटी ने वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित सकल प्रखंड में संवर्धनों की उपयुक्तता पर कोई टिप्पणी नहीं भेजी है। एलए का परिशिष्ट 16 लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा करता है कि वीपीटी के मानकों के अनुसार उपस्कर का जीवनकाल समाप्त होने पर उसे बदला जाए और लाइसेंसधारी को उसके जीवनकाल के समाप्त होने से पहले ही बदलने की योजना तैयार कर लेनी चाहिए। एलए में प्रावधान के मद्देनजर, दो आरटीजीसी हेतु बदलने के लिए वीसीटीपीएल का प्रस्ताव, जमा 2 और आरटीजीसी की खरीद तथा पुरानी आरएमक्यूसी को वीसीटीपीएल द्वारा यथा–अनुमानित नई से बदलना पर विश्वास और विचार किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा यथा–अनुमानित सकल प्रखंड में सभी अन्य संवर्धनों पर भी विचार किया गया है।

(ख) कार्य पूंजी :

(i) वीसीटीपीएल ने एक माह की कुल प्रचालन लागत पर विचार किया है। इसने बताया है कि विविध देनदारियों का अनुमानन रूझानों के आधार पर किया गया है। विविध देनदारियों के रूप में एक माह की आय पर विचार करना 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.9.9 में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार नहीं है और इसलिए विश्लेषण में विचार नहीं किया गया है।

इस प्राधिकरण ने 2005 प्रशुल्क दिशानिर्देशों में रिफाइनमेंट घोषित करते हुए 30 सितम्बर 2008 को एक आदेश पारित किया है, जोकि कुछ मदों को मान्यता देती है जो लाइसेंस करार से विविध देनदारी के हिस्से के रूप में है। वीसीटीपीएल और वीपीटी द्वारा किए गए लाइसेंस करार में पट्टा किरायों का कोई अग्रिम भुगतान निर्धारित नहीं किया गया है।

वीसीटीपीएल और वीपीटी के बीच हुए एलए के अनुच्छेद 5.1 के अनुसार, रॉयल्टी तत्काल अनुवर्ती वर्ष के 7वें देय को देय है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि एलए के अनुसार, वीसीटीपीएल रॉयल्टी के किसी अग्रिम भुगतान की अपेक्षा नहीं करता है। इसलिए, व्ययों के पुनर्भुगतान वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए कार्य पूंजी के अनुमानों में विचार नहीं किए गए हैं।

(ii) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2013–14 के लिए ईंधनों के अलावा भंडारों के छह माह के उपभोग पर आधार रूप में विचार किया है और वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमानों पर पहुंचने के लिए 6 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू की है। कार्य पूंजी के परिकलन में वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित वस्तुसूची पर विचार किया गया है।

(iii) शेष रोकड़ उपरिव्ययों सहित एक माह के संशोधित प्रचालन व्ययों पर परिकलित किया गया है।

(iv) वीसीटीपीएल ने 2013–14 की मौजूदा देयताओं को आधार रूप में सुविचारित करते हुए वर्ष 2014–15 से 2015–16 के लिए मौजूदा देयताओं का अनुमान लगाया है और वर्ष 2014–15 से 2016717 के लिए अनुमानित कुल व्ययों हेतु यथानुपात समायोजित किया है। वीसीटीपीएल द्वारा अंगीकृत दृष्टिकोण दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार नहीं है। मौजूदा प्रशुल्क संशोधन कार्यवाही में, वर्ष 2013–14 के लिए सुविचारित मौजूदा देयताएं कार्य पूंजी के अनुमानन में वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु सुविचारित की गई है।

(v) उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर, कार्य पूंजी नकारात्मक आंकड़े में है। चूंकि कार्य पूंजी नकारात्मक है, इसलिए इसे शून्य लिया गया है।

(ग) प्राथमिक व्यय का अप्रभाजित भाग, नियोजित पूंजी का भाग अपफ्रंट शुल्क और जिसपर प्रतिलाभ स्वीकृत किया जाता है। उपर्युक्त संशोधन के अधीन, वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए नियोजित पूंजी जिसमें क्रमशः रु0 11729.23 लाख, रु0 12681.61 लाख और रु0 17419.66 लाख की दर से परिसंपत्तियों का निवल प्रखंड शामिल है, वीसीटीपीएल द्वारा सुविचारित रु0 12769.49 लाख, रु0 13805.06 लाख और रु0 18656.05 लाख के प्रति इस विश्लेषण में विचार किया गया है।

(xxx) वीसीटीपीएल ने वर्ष 2014–15 तथा 2016–17 के लिए सर्वोत्तम घाट क्षमता 662256 टीईयू प्रतिवर्ष निर्धारित की है। वीसीटीपीएल द्वारा निर्धारित सर्वोत्तम यार्ड क्षमता वर्ष 2013–14 के लिए 3,54,000 टीईयू है जोकि वर्ष 2014–15 में बढ़कर 3,95,500 टीईयू होने और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए 1,54,13,000 टीईयू प्रतिवर्ष होने का अनुमान है। वीसीटीपीएल ने पुष्टि की है कि यार्ड विकास में निवेश से अतिरिक्त वार्षिक क्षमता होगी जोकि सर्वोत्तम यार्ड क्षमता के परिकलन में सुविचारित की गई है। वीसीटीपीएल ने बताया है कि यार्ड विकास के लिए पत्तन से ली गई 15000 वर्ग मीटर अतिरिक्त भूमि, सम्पूर्ण 15000 वर्ग मी. कंटेनर स्टेकिंग के लिए उपयोग नहीं की जा सकती है। उपस्कर मून्यूवेरिंग तथा प्रचालनात्मक क्षेत्र हेतु लीविंग एसाइड स्थान, 10000 वर्ग मी. स्थान कंटेनर की स्टेकिंग के लिए सुविचारित किया गया है। वीपीटी ने बताया है कि सर्वोत्तम यार्ड क्षमता मौजूदा प्रशुल्क चक्र में 15,000 वर्ग मीटर अतिरिक्त भूमि लेने तथा मौजूदा 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र के विकास पर विचार करते हुए 2014–15 से 2016717 अवधि के लिए 247639 टीईयू तक वृद्धि की जाएगी। अतिरिक्त सर्वोत्तम यार्ड क्षमता का निर्धारण करते समय, यह देखा गया है कि वीपीटी ने 720 भूमि स्लॉटों पर विचार किया है। इस प्राधिकरण ने प्रतिवेदित कारणों से अपफ्रंट प्रशुल्क मामले निर्धारित करते समय निर्णय लिया है कि 720 भूमि स्लॉटों के मानकों पर विचार नहीं किया जा सकता। इसलिए, 720 भूमि स्लॉटों पर विचार करते हुए वीपीटी द्वारा निर्धारित सर्वोत्तम क्षमता पर विश्वास नही किया गया है। 360 भूमि स्लॉटों, 2.5 स्टेक ऊंचाई और 3 दिन औसत विराम समयावधि पर विचार करते हुए वीसीटीपीएल द्वारा यथा–निर्धारित सर्वोत्तम क्षमता पर इस विश्लेषण में विश्वास किया गया है। वीसीटीपीएल द्वारा निर्धारित सर्वोत्तम क्षमता के आधारपर और विश्लेषण में सुविचारित संशोधित प्रशुल्क वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए क्रमशः 63.46 प्रतिशत, 71.30 प्रतिशत और 75.56 प्रतिशत होता है।

2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देश पूर्ण नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (आरओसीई) का दावा करने के लिए 60 प्रतिशत की न्यूनतम क्षमता उपयोगिता निर्धारित करते हैं। तथापि, यहां पर प्रासंगिक है कि 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 2.9.11 विनिर्दिष्ट करता है कि यदि निजी प्रचालक द्वारा किया गया निवेश रियायत व्यवस्था के अधीन दायित्वों के अनुसार है तो यह आरओसीई के लिए सुविचारित किया जाएगा भले ही पूर्ण क्षमता उपयोगिता अर्जित नहीं की गई हो। वीपीटी ने इसपर कोई विशिष्ट टिप्पणियां नहीं भेजी हैं कि क्या प्रस्तावित निवेश एलए में प्रावधानों के अनुसार है। वीसीटीपीएल ने पुष्टि की है कि प्रस्तावित केपेक्स मौजूदा परिसंपत्तियों को अच्छी हालत में रखने के लिए है और एलए में परिकल्पित समग्र उत्पादकता मानक अर्जित करने के लिए है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि वीपीटी ने वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित निवेशों पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है, वीसीटीपीएल के बयान पर विश्वास किया गया है। तदनुसार, नियोजित पूंजी पर वीसीटीपीएल द्वारा दावाकृत 16 प्रतिशत पर पूर्ण प्रतिलाभ 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार स्वीकृत किया गया है।

(xxxi) उपर्युक्त चर्चाओं के अधीन, वीसीटीपीएल द्वारा वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए दाखिल किए गए लागत विवरण संशोधित किए गए हैं। संशोधित लागत विवरण **अनुबंध–III** रूप में संलग्न किया गया है। मौजूदा प्रशुल्क स्तर पर लागत विवरण में प्रकट किए गए परिणाम नीचे सारबद्ध किए गए हैं:–

(रु0 लाखों में)

| विवरण | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | कुल |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालन आय | 8181.86 | 9596.93 | 10171.52 | 27950.31 |
| निवल अधिशेष | (-)2.85 | 257.04 | (-)1299.15 | (-)1044.96 |
| निवल अधिशेष/घाटा प्रचालन आय के प्रतिशत रूप में | (-)0.03% | 2.68% | (-)12.77% | (-)3.38% |

उपर्युक्त तालिका वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए प्रशुल्क के मौजूदा स्तर पर रु0 1044.96 लाख का कुल घाटा दर्शाती है। वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए वीसीटीपीएल के लागत विवरण में प्रदर्शित घाटा स्थिति के मद्देनजर, प्रशुल्क में वृद्धि स्वीकृत किए जाने हेतु मामला है, परन्तु वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित वृद्धि के स्तर तक नहीं।

1 अप्रैल 2014 की मूल वैधता के बाद की अवधि के लिए वीसीटीपीएल के दरमानों की वैधता में विस्तार प्रदान करते समय, यह बताया गया था कि 1 अप्रैल 2014 के बाद की अवधि के लिए स्वीकार्य प्रतिलाभ और स्वीकार्य लागत से अधिक अतिरिक्त अधिशेष, यदि कोई हो, निर्धारित किए जाने वाले प्रशुल्क में पूर्णतः समायोजित किया जाएगा। लागत विवरण वर्ष 2014–15 के लिए रु0 2.85 लाख का मामूली नुकसान दर्शाता है। वर्ष 2014–15 के लिए लागत विवरण घाटा स्थिति दर्शाता है और इसलिए अधिशेष के समायोजन का प्रश्न ही नहीं उठता है। अंतिम प्रशुल्क के निर्धारण हेतु किसी भी मामले में, वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु कुल घाटा/अधिशेष अनुवर्ती अनुच्छेद में यथा–स्पष्ट सुविचारित किया गया है इसलिए वीसीटीपीएल किसी घाटे की स्थिति में भी नहीं होगा।

वीसीटीपीएल ने पोतांतरण कंटेनर को छोड़कर सभी कंटेनरों के लिए लगभग 28.09 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि की मांग की है। गैंगवे उपलब्ध करवाने के लिए प्रभारों के संबंध में, वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित वृद्धि 10 प्रतिशत प्रति घंटा प्रति गैंगवे परिगणित होती है। पोतांतरण कंटेनरों के लिए, वीसीटीपीएल ने बताया है कि उसने मौजूदा प्रशुल्क में 15.17 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव किया है। पोतांतरण कंटेनरों के लिए 20′ कंटेनरों हेतु रु0 4284.80 के मौजूदा प्रशुल्क और इसके लिए रु0 3720 पर प्रस्तावित (कम की गई) दर पर विचार करते हुए, प्रतिशत कटौती 15.16 प्रतिशत होती है जोकि वीसीटीपीएल द्वारा निर्दिष्ट 15.17 प्रतिशत से थोड़ी भिन्न है। आगंतुक प्रवेश–पत्र, वाहन प्रवेश अनुज्ञापत्र, फोटोग्राफी के लिए भाग II में निर्धारित अन्य सेवाओं के लिए प्रशुल्क के संबंध में, वीसीटीपीएल ने यथास्थिति का प्रस्ताव किया है। वीसीटीपीएल ने गैर कंटेनर पोतों द्वारा टर्मिनल सुविधाओं के उपयोग के लिए प्रभारों में 28 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है।

तीन वर्षों 2014–15 से 2016–17 के लिए रु0 1046.46 लाख की समग्र घाटा स्थिति के मद्देनजर, वृद्धि प्रदान किए जाने का मामला है परन्तु वीसीटीपीएल द्वारा मांग किए गए स्तर पर नहीं।

प्रदान की जाने वाली प्रशुल्क वृद्धि पर पहुंचने से पहले, पोतांतरण कंटेनर हेतु प्रशुल्क पर निर्णय लेने के लिए यह प्रासंगिक है। जैसाकि पहले बताया गया है, वीसीटीपीएल ने सभी प्रशुल्क मदों में 28.09 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव किया है, पोतांतरण कंटेनरों के प्रहस्तन के मामले में इसने 15.16 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव किया है। जब प्रस्तावित कटौती के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया था तो वीसीटीपीएल ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार ने विजाग को राष्ट्रीय मेरीटाइम विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) के अनुसार पूर्वी तट में कंटेनर पोतांतरण पत्तन के रूप में घोषित किया है। विदेशी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और विजाग की ओर अधिक पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए, पोतांतरण कंटेनर हेतु प्रहस्तन दर में कटौती पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए प्रस्तावित किया गया है, जो बाद में मेन लाइन पोतों को विजाग पत्तन में आने में सहायता करेगी। यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पोतांतरण कंटेनर की प्रहस्तन दर में वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित कटौती वीसीटीपीएल के दरमान में रु0 4384.80 पर निर्धारित मौजूदा दर के विपरीत रु0 3720 प्रति 20′ कंटेनर पर विचार किया जाता है तो यह सामान्य कंटेनरसे पोतांतरण कंटेनर के प्रहस्तन में प्रति सहायिकी का प्रवाह होगा। प्रशुल्क दिशानिर्देशों का खंड 5.5.1 विनिर्दिष्ट करता है कि रियायती प्रशुल्क पोतांतरण कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए निर्धारित किए जाने की जरूरत है और इस श्रेणी के लिए प्रशुल्क सामान्य कंटेनरों के प्रहस्तन हेतु निर्धारित प्रशुल्क से 1.5 गुना अधिक नहीं होना चाहिए। पोतांतरण कंटेनर के लिए ही निर्धारित मौजूदा प्रहस्तन दर सामान्य कंटेनरों के प्रहस्तन हेतु निर्धारित दरों से 1.18 गुना है। वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित पोतांतरण कंटेनर के प्रशुल्क के कम किए गए स्तर पर, पोतांतरण कंटेनर हेतु प्रशुल्क सामान्य कंटेनर हेतु प्रशुल्क का 0.88 गुना होगा। 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट करते हैं कि पोतांतरण कंटेनर हेतु दर सामान्य कंटेनर हेतु दर के 1.5 गुनासे अधिक नहीं होना चाहिए। यह सामान्य कंटेनर के लिए प्रशुल्क की अपेक्षा कम प्रशुल्क निर्धारित करने के बाधित नहीं करता है। वीसीटीपीएल द्वारा किए गए निवेदनों के मद्देनजर कि भारत सरकार ने विजाग को राष्ट्रीय मेरीटाइम विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) के अनुसार पूर्वी तट में कंटेनर पोतांतरा पत्तन के रूप में घोषित किया है और पोतांतरा कंटेनर में प्रस्तावित कटौती मुख्य रूप से विदेशी पत्तनों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और विजाग की ओर अधिक पोतांतरण यातायात आकर्षित करने के लिए है तथा इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि वीसीटीपीएल ने पोतांतरण कंटेनर आकर्षित करने के लिए मौजूदा प्रशुल्क में छूट स्वीकृत की है जैसाकि पूर्व अवधि विश्लेषण में बताया गया है और इससे महत्वपूर्ण लाइसेंसदाता पत्तन वीपीटी ने भी वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित पोतांतरा कंटेनर के यातायात में कटौती पर कोई आपत्ति नहीं उठाई है, यह प्राधिकरण पोतांतरण कंटेनर के प्रशुल्क में 15.16 प्रतिशत तक कटौती अर्थात् 20′ पोतांतरण कंटेनर के लिए रु0 4384.80 के मौजूदा प्रशुल्क से रु0 3720 करने के लिए वीसीटीपीएल का प्रस्ताव स्वीकार करता है। 40′ और 40′ से अधिक के पोतांतरण कंटेनरों तथा तटीय पोतांतरण कंटेनरों हेतु प्रशुल्क में 15.16 प्रतिशत की कटौती भी वीसीटीपीएल द्वारा यथा–प्रस्तावित स्वीकार की गई है। पोतांतरण कंटेनर में की गई कटौती, तथापि, 1 अप्रैल 2016 से प्रभावी होगी। वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए, पोतांतरण कंटेनर के लिए प्रशुल्क प्रचलित स्तर पर जारी रहेगा। किसी भी स्थिति में, वीसीटीपीएल के पास यह अधिकार होगा कि वह इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित प्रशुल्क स्तर की अपेक्षा कम दर वसूल कर सकता है।

अब, पोतांतरण कंटेनर से इतर अन्य प्रशुल्क मदों हेतु स्वीकृत प्रशुल्क वृद्धि स्पष्ट की गई है। यह उल्लेखनीय है कि वीसीटीपीएल वर्ष 2014–15 में रु0 2. 85 लाख के मामूली घाटे में है और यह वर्ष 2015–16 में रु0 257.04 लाख की राजस्व अधिशेष स्थिति में है। वर्ष 2016–17 के लिए, रु0 1299.15 लाख का राजस्व घाटा है। यह मुख्य तौर पर वर्ष 2016–17 में सकल प्रखंड में वीसीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित संवर्धनों की वजह से है जोकि अन्य मदों में से है, इसमें वर्ष 2016–17 में एक नई आरएमक्यूसी से 1 पुरानी आरएमक्यूसी को बदलने और दो पुरानी आरटीजीसी को बदलने सहित 4 नई आरटीजीसी की खरीद हेतु रु0 7113.61 लाख का अनुमानित निवेश शामिल है। तथापि, वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 के लिए लागत स्थिति रु0 234.19 लाख की समग्र अधिशेष स्थिति दर्शाती है। ऐसी स्थिति में, 2015–16 से आगे प्रशुल्क में वृद्धि प्रदान करना और निवेश तथा संबंधित लागत के लिए उपयोक्ताओं पर बोझ डालना उपयुक्त नहीं होगा, जिसका लाभ केवल वर्ष 2016–17 में ही मिलने की संभावना है। ऐसी स्थिति में, प्रशुल्क वृद्धि केवल वर्ष 2016–17 के लिए ही स्वीकृत की गई है।

वर्ष 2014–15 से 2016–17 हेतु अनुमानित रु0 1044.96 लाख के कुल घाटे को पूरा करने के लिए, सभी श्रेणी के कंटेनरों तथा सेवाओं, सिवाय पोतांतरण कंटेनर, के लिए 1 अप्रैल 2016 से 13.10 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि की अपेक्षा की गई है। अन्य शब्दों में, 13.10 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि इस शर्त के अधीन वर्ष 2016–17 में 1 अप्रैल 2016 से प्रशुल्क के मौजूदा स्तर में दरमान के भाग–I (पोतांतरण कंटेनर से संबंधित भाग 1.2 के अलावा) और भाग–II

के अधीन सभी प्रशुल्क मदों में 13.10 प्रतिशत की अक्रास द बोर्ड प्रशुल्क वृद्धि स्वीकृत की गई कि प्रस्तावित उपस्कर अर्थात् 4 आरटीजीसी और 1 नई आरएमक्यूसी वीसीटीपीएल द्वारा 1 अप्रैल 2016 तक शुरू करनी होगी। अन्य शब्दों में, 13.10 प्रतिशत की प्रशुल्क वृद्धि 4 नई आरटीजीसी और 1 आरएमक्यूसी के शुरू होने की तारीख अथवा 1 अप्रैल 2016, जो भी बाद में हो, से ही प्रभावी होगी। जैसाकि पहले बताया गया है, पोतांतरण कंटेनर के लिए प्रशुल्क वीसीटीपीएल द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार कम करके 15.16 प्रतिशत किया गया है परन्तु 1 अप्रैल 2016 से। इससे संबंधित एक उपयुक्त टिप्पणी इसके दरमान में शामिल की गई है। **2005 दिशानिर्देशों के खंड 3.3.1 के अनुसार, वीसीटीपीएल के पास यह विकल्प होगा कि भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर रिकार्ड में प्रदर्शित त्रुटियों की सीमा तक आदेश की समीक्षा करने के लिए इस प्राधिकरण का रूख कर सकता है।**

(xxxii). प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 2.18.2 के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक की प्रचलित प्रधान उधार दर 14.75 प्रतिशत जमा 2 प्रतिशत दर्शाने के लिए प्रस्तावित टिप्पणी 2(iii)(ख) संशोधित की गई है।

(xxxiii). प्रशुल्क दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट करते हैं कि प्रशुल्क उत्पादकता के स्तरों के तलचिह्न स्तर से संबंधित होना चाहिए। मात्र यह कहना कि 52 फेरे/घंटा के लिए उत्पादकता में सुधार की वजह से 26.2 घंटे से 20.2 घंटे हो गया है, कोई उपयोगी प्रयोजन पूरा नहीं करता है जब तक कि दरमान में उत्पादकता के तलचिह्न स्तर से कम/अधिक अर्जित कार्यनिष्पादन से संबंधित कोई उपयुक्त प्रोत्साहन/हतोत्साहन निर्धारित नहीं किया जाता है। अतः वीसीटीपीएल को यह सलाह दी जाती है कि अगले प्रशुल्क समीक्षा के समय प्रशुल्क को उत्पादकता स्तर से जोड़ते हुए विश्लेषित प्रस्ताव प्रस्तावित करें।

(xxxiv). बीओटी प्रचालकों के लिए लागू 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देश तीन वर्षों का प्रशुल्क वैधता चक्र निर्धारित करते हैं। चूंकि इस विश्लेषण के प्रयोजन के लिए सुविचारित वित्तीय स्थिति केवल 31 मार्च, 2017 तक है, इसलिए वीसीटीपीएल के संशोधित दरमान की वैधता 31 मार्च, 2017 तक निर्धारित की गई है।

(xxxv). वीसीटीपीएल के मौजूदा दरमान की वैधता समय–समय पर विस्तारित की जाती रही है और मौजूदा दरमान की वैधता का आखिरी विस्तार 31 मार्च, 2015 तक किया गया है। संशोधित दरमान राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों के समाप्त होने के बाद प्रभावी होगा। इसलिए, मौजूदादरमान की वैधता अनुमोदित संशोधित दरमान लागू होने तक विस्तारित किया गया माना जाएगा।

11.1. परिणामस्वरूप, और उपर्युक्त कारणों से, तथा समग्र विचार–विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण वीसीटीपीएल का संशोधित दरमान जिसे **अनुबंध–IV** रूप में संलग्न किया गया है, अनुमोदित करता है।

11.2. वीसीटीपीएल का प्रशुल्क प्रचालक द्वारा प्रेषित सूचना पर विश्वास करते हुए और विश्लेषण में यथा स्पष्ट किए गए अनुमानों के आधार पर निर्धारित किया गया है। निर्धारित प्रशुल्क वैधता अवधि के दौरान किसी भी समय इस प्राधिकरण को दिखाई देता है कि वास्तविक स्थिति सुविचारित अनुमानों से काफी भिन्न है अथवा यहां पर स्वीकृत अनुमानों से विपथन है तो यह प्राधिकरण वीसीटीपीएल से अपेक्षा करेगी कि उसके प्रशुल्क की समीक्षा के लिए निर्धारित समय से पहले प्रस्ताव दाखिल करें और संशोधित प्रशुल्क में ऐसी भिन्नताओं की वजह से प्रोद्भूत संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ समायोजित किया जाएगा।

11.3. इस संबंध में, वीसीटीपीएल से अनुरोध है कि उस प्रारूप में एक वर्ष की प्रत्येक तिमाही के पूरा होने के 15 दिनों के भीतर वास्तविक भौतिक तथा वित्तीय कार्यनिष्पादन की रिपोर्ट प्रेषित करें जिसमें प्रशुल्क प्रस्तावों हेतु लागत विवरण दाखिल किए जाते हैं। रिपोर्ट के साथ लागू प्रशुल्क निर्धारित करने के समय विश्वास किए गए अनुमानों से भिन्नता के कारण भी बताएं। यदि दो लगातार तिमाही अवधि के वास्तविक और अनुमानों में (+)/(–) 20 प्रतिशत भिन्नता देखी जाएगी तो यह प्राधिकरण संबद्ध प्रचालक को निर्धारित समीक्षा से पहले अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहेगा। यदि वीसीटीपीएल इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की जाने वाली समयावधि के भीतर प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने में विफल रहता है तो यह प्राधिकरण प्रशुल्क समीक्षा की कार्यवाही अपनी ओर से ही शुरू कर देगा।

टी.एस. बालासुब्रह्मण्यन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन–III/4/असा./143/2015(27)]

अनुबंध - I

अनुमानों के सापेक्ष वास्तविकताओं के आधार पर वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण

विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड

अनुमानों के सापेक्ष वास्तविकताओं के आधार पर वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वीसीटीपीएल के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण

| क्र.सं. | विवरण | अक्तूबर 2011 के प्रशुल्क आदेश में अनुमान | | | | वास्तविक | | | | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | जोड़ | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | Total | भिन्नता |
| | **यातायात (टीईयू में)** | **170000** | **195000** | **2,25,000** | **5,90,000** | **2,34,697** | **2,47,134** | **2,62,091** | **7,43,922** | **26%** |
| I | **कुल प्रचालन आय** | | | | | | | | | |
| | कंटेनर प्रहस्तन आय | 4054.46 | 4932.95 | 5959.10 | 14,946.52 | 5,539.13 | 6,643.19 | 7,604.83 | 19,787.15 | 32% |
| | अन्य | 272.90 | 334.59 | 416.70 | 1,024.19 | 1,286.99 | 842.89 | 882.99 | 3,012.87 | 194% |
| | **कुल** | **4,327.36** | **5,267.54** | **6,375.80** | **15,970.71** | **6,826.11** | **7,486.08** | **8,487.82** | **22,800.01** | **43%** |
| II | **प्रचालन लागतें (मूल्यह्रास अतिरिक्त)** | | | | | | | | | |
| | प्रचालन तथा प्रत्यक्ष लेबर | 294.04 | 331.37 | 372.12 | 997.54 | 189.03 | 253.85 | 291.24 | 734.13 | |
| | अनुरक्षण लेबर | 178.83 | 198.86 | 230.30 | 607.99 | 214.21 | 285.16 | 340.25 | 839.62 | |
| | उपस्कर चालन लागतें | 736.67 | 981.21 | 1111.54 | 2,829.42 | 902.98 | 1,056.71 | 1,133.22 | 3,092.91 | |
| | रॉयल्टी/राजस्व हिस्सेदारी | 145.78 | 191.10 | 344.54 | 681.42 | 222.01 | 242.19 | 403.74 | 867.95 | |
| | उपस्कर किराया | 587.47 | 488.04 | 563.12 | 1,638.62 | 817.06 | 692.55 | 698.02 | 2,207.63 | |
| | पट्टा किराये | 78.71 | 78.71 | 78.71 | 236.12 | 84.96 | 92.73 | 88.07 | 265.76 | |
| | बीमा | 64.35 | 142.25 | 153.53 | 360.13 | 46.06 | 67.71 | 80.81 | 194.57 | |
| | अन्य व्यय | 282.09 | 330.29 | 390.48 | 1,002.86 | 332.64 | 350.37 | 411.14 | 1,094.15 | |
| | तकनीकी सेवा शुल्क | 15.70 | 15.70 | 15.70 | 47.09 | 15.70 | 15.70 | 15.70 | 47.09 | |
| | सुविचारित बिजली लागत में अर्जित कुशलता लाभ का प्रभाव | 1.76 | 2.25 | 2.75 | 6.76 | - | - | - | - | |
| | **कुल** | **2,385.38** | **2,759.77** | **3,262.79** | **8,407.94** | **2,824.65** | **3,056.96** | **3,462.18** | **9,343.80** | **11%** |
| III | मूल्यह्रास | 779.64 | 1,292.51 | 1,036.99 | 3,109.14 | 628.91 | 1,316.12 | 1,508.83 | 3,453.86 | 11% |
| IV | **उपरिव्यय** | | | | | | | | | |
| | प्रबंधन एवं प्रशासन उपरिव्यय | 469.99 | 498.19 | 528.08 | 1,496.27 | 722.04 | 968.78 | 1,139.64 | 2,830.47 | |
| | प्राथमिक व्यय एवं अपफ्रंट भुगतान बट्टा खाता | 12.53 | 12.53 | 12.53 | 37.59 | 12.53 | 12.53 | 12.53 | 37.58 | |
| | **कुल** | **482.52** | **510.72** | **540.61** | **1,533.85** | **734.57** | **981.30** | **1,152.17** | **2,868.04** | **87%** |
| V | **प्रचालन अधिशेष/(घाटा) (I) – (II) – (III) - (IV)** | **679.82** | **704.54** | **1,535.41** | **2,919.77** | **2,637.98** | **2,131.69** | **2,364.64** | **7,134.31** | **144%** |
| VI | **वित्त एवं विविध आय (एफएमआई)** | | | | | | | | | |
| | अन्य | 19.80 | 21.78 | 23.96 | 65.54 | 26.26 | 31.94 | 57.80 | 116.00 | |
| | **कुल** | **19.80** | **21.78** | **23.96** | **65.54** | **26.26** | **31.94** | **57.80** | **116.00** | **77%** |
| VII | **वित्त एवं विविध व्यय (एफएमई)** | | | | | | | | | |
| | भविष्य निधि अंशदान | 36.83 | 41.86 | 48.35 | 127.04 | 34.46 | 45.71 | 81.85 | 162.02 | |
| | **कुल** | **36.83** | **41.86** | **48.35** | **127.04** | **34.46** | **45.71** | **81.85** | **162.02** | **28%** |
| VIII | एफएमआई घटाव एफएमई (VI) - (VII) | (17.03) | (20.08) | (24.39) | (61.50) | (8.20) | (13.77) | (24.05) | (46.02) | |
| IX | **ब्याज और टैक्स से पहले अधिशेष (V) + (VIII)** | **662.79** | **684.46** | **1,511.02** | **2,858.27** | **2,629.78** | **2,117.93** | **2,340.59** | **7,088.30** | **148%** |
| X | **नियोजित पूंजी** | 13027.11 | 11935.14 | 12343.67 | 12,435.30 | 5,651.54 | 13,041.93 | 11,964.29 | 10,219.25 | -18% |
| XI | **नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ @ 16%** | 2084.34 | 1909.62 | 1974.99 | 5968.95 | 904.25 | 2086.71 | 1914.29 | 4,905.24 | -18% |
| XII | क्षमता उपयोगिता | 62.47% | 71.66% | 82.68% | 72% | 94.45% | 69.81% | 74.04% | 79% | 10% |
| XIII | **क्षमता उपयोगिता के लिए समायोजित आरओसीई** | 2084.34 | 1909.62 | 1974.99 | 5,968.95 | 904.25 | 2,086.71 | 1,914.29 | 4,905.24 | -18% |
| XIV | **निवल अधिशेष/(घाटा) (IX) - (XIII)** | **(1,421.55)** | **(1,225.16)** | **(463.96)** | **(3,110.67)** | **1,725.54** | **31.22** | **426.30** | **2,183.06** | **-170%** |
| XV | **11 अक्तूबर 2011 आदेश मं यथा निर्धारित वीसीटीपीएल को प्रोद्भूत 2008–09 से 2010–11 के लिए पूर्व अवधि अधिशेष** | | | | 2,402.46 | | | | | |
| XVI | **टीएएमपी गणना के अनुसार वीसीटीपीएल को प्रोद्भूत वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए पूर्व अवधि अधिशेष का समायोजन** | 800.82 | 800.82 | 800.82 | **2,402.46** | 0.00 | 0.00 | 0.00 | - | |
| | | | | | | | | | | |
| XVII | **कुल निवल अधिशेष/घाटा** | **(620.73)** | **(424.34)** | **336.86** | **(708.21)** | **1,725.54** | **31.22** | **426.30** | **2,183.06** | **-408%** |
| | | | | | | | | | | |

**पूर्व अधिशेष का समायोजन**

| विवरण | पिछले प्रशुल्क आदेश में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए अनुमान | वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए वास्तविक | वास्तविक अतिरिक्त अधिशेष | समायोजित किया जाने वाला % में | मौजूदा प्रशुल्क चक्र के दौरान समायोजित किया जाने वाला |
|---|---|---|---|---|---|
| गैर कंटेनर पोत (एनसीवी) से वास्तविक अतिरिक्त आय | 90.00 | 287.41 | 197.41 | 100% | 197.41 |
| वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए कुल अतिरिक्त अधिशेष/घाटा | -708.21 | 2183.06 | | | |
| एनसीवी आय को छोड़कर कुल निवल अधिशेष/घाटा | -798.21 | 1895.65 | 1895.65 | 50% | 947.82 |
| कुल अधिशेष | -1416.42 | 4366.12 | 2093.06 | | 1145.23 |

अनुबंध - II

वीसीटीपीएल द्वारा अर्जित कुशलता लाभ का परिकलन

| क्र. सं. | विवरण | | | | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | बिजली | | | | | | | | | |
| | थ्रुपुट टीईयू में | | | | 87637 | 98000 | 145426 | 234697 | 247134 | 262091 |
| | | | | | | | | | | |
| 1 | क्यूसी द्वारा उपभोग की गई कुल इकाईयां | | | | 355692 | 383075 | 558130 | 857171 | 1075690 | 1703112 |
| 2 | उपभोग की गई इकाईयां प्रति टीईयू – परिवर्तनीय (क्यूसीएस) | | | | 4.06 | 3.91 | 3.84 | 3.65 | 4.35 | 6.50 |
| 3 | औसत बिजली उपभोग प्रति टीईयू | | | | 3.94 | | | 4.83 | | |
| 4 | बिजली के उपभोग में अर्जित कटौती, यदि कोई हो | | | | | | | -0.90 | | |
| 5 | कुशलता लाभ के परिकलन के लिए सुविचारित बिजली के उपभोग में अर्जित 50 प्रतिशत कटौती | | | | | | | चूंकि उपभोग प्रति टीईयू वर्धित हुई है, इसलिए कोई कुशलता लाभ नहीं है | | |

| ख | ईंधन | | | | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थ्रुपुट टीईयू में | | | | 87637 | 98000 | 145426 | 234697 | 247134 | 262091 |
| 2 | कुल उपभोग (लिटर) | | | | 166218.00 | 202205.00 | 287637.00 | 5,40,396.01 | 4,54,517.00 | 4,61,304.00 |
| 3 | ईंधन उपभोग लिटरों में प्रति टीईयू (वीसीटीपीएल द्वारा अनुमानित) | | | | 1.90 | 2.06 | 1.98 | 2.30 | 1.84 | 1.76 |
| 4 | औसत ईंधन उपभोग प्रति टीईयू | | | | 1.98 | | | 1.96 | | |
| 5 | ईंधन के उपभोग में अर्जित कटौती, यदि कोई हो | | | | | | | 0.02 | | |
